
दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें - 12


विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता - 12


रैपर से नेता बने 'बालेन' ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - 13


आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार- 14



आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
20.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.10
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी 08:46 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 28 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 359, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


**सूर्यतिलक**




अयोध्या : राममंदिर में शुक्रवार दोपहर 12 बजे रामलला के ललाट (मस्तक) पर तिलक करतीं भगवान सूर्य की किरणें और प्राकट्य आरती करते पुजारी। लाइव प्रसारण के माध्यम से राम लला का प्राकट्य और दर्शन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश, विदेश में बैठे करोड़ों लोग भी साक्षी बने। ● अमृत विचार

# सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये घटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पेट्रोल, डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दी गई है।

साथ ही सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क लगा दिया है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रिफाइनरी कंपनियों के अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) पर लगाम लगाने के लिए जुलाई 2022 में पहली बार यह कर लगाया गया था। अप्रत्याशित मुनाफा उस अतिरिक्त लाभ को कहते हैं जो कंपनियों को बिना किसी निवेश या प्रयास के केवल वैश्विक परिस्थितियों के कारण अचानक मिलता है। इस कर को दिसंबर 2024 में हटा लिया गया था, जिसे अब दोबारा लागू किया गया है। हालांकि, पिछली बार के विपरीत ओएनजीसी जैसी घरेलू कच्चा तेल उत्पादक कंपनियों पर कोई अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया है।




- पेट्रोल 13 रुपये से घटाकर तीन और डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य किया
- प. एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की बढ़ी वैश्विक कीमतों से घरेलू उपभोक्ताओं को दी राहत
- सरकारी खजाने पर सालाना 1.75 लाख करोड़ रुपये का राजस्व बोझ पड़ने का अनुमान
- डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया

### पेट्रोल पर 26, डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा

बाजार के 90 प्रतिशत हिस्से पर नियंत्रण रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अभी कीमतों को स्थिर रखा है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल की मौजूदा कीमतों पर तेल विपणन कंपनियों को पेट्रोल पर लगभग 26 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 81.90 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। कंपनियों का कुल दैनिक घाटा लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में कीमतों में लगभग 30 से 50% तक की वृद्धि हुई है।

### जरूरत का 88 प्रतिशत आयात करता है भारत

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसकी अधिकांश आपूर्ति होर्मुज के रास्ते होती है, जो वर्तमान में बाधित है। तनाव का पहला संकेत तब मिला जब देश के सबसे बड़े निजी खुदरा ईंधन विक्रेता नायरा एनर्जी पेट्रोल की कीमतों में 5 और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी। नायरा के पंप पर अब पेट्रोल 100.71 और डीजल 91.31 रुपये लीटर है।

## ब्रीफ न्यूज

### हवाई अड्डे पर आठ करोड़ से अधिक का मादक पदार्थ जब्त

**पणजी।** गोवा सीमा शुल्क ने मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आठ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 23.8 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त करके पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया। सीमा शुल्क आयुक्त सुनील बी देशमुख ने बताया कि हवाई खुफिया इकाई ने बुधवार को बैंकॉक (थाईलैंड) और अबू धाबी से मस्कट होते हुए आए यात्रियों को रोका। यात्रियों के सामान में खाद्य पैकेट्स के भीतर छिपाकर रखे गए 23.8 किलोग्राम मादक पदार्थ को जब्त किया गया। जांच के बाद यह पदार्थ हाइड्रोपोनिक गांजा पाया गया।

### बिना अनुमति प्रवेश करने पर दो विदेशियों को हिरासत में लिया

**आइजोल।** रूस और स्लोवाक गणराज्य के दो व्यक्तियों को मिजोरम में अलग-अलग स्थानों पर अनिवार्य संरक्षित क्षेत्र परमिट (पीएपी) के बिना राज्य में प्रवेश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्लोवाकियाई व्यक्ति को शुक्रवार को उसके देश वापस भेज दिया गया और रूसी नागरिक के संबंध में भी इसी तरह का कदम उठाया जाएगा। दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले में 58 वर्षीय स्लोवाक नागरिक को 24 मार्च को असम राइफल्स द्वारा भारत-म्यांमा सीमा के निकट एक स्थान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन त्रिपुरा सीमा के निकट मामित जिले में बीएसएफ ने रूसी नागरिक को उस समय रोका जब वह मिजोरम में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था।

### वैष्णो देवी मंदिर में तीन लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में स्थित श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में नौ दिनों तक चले नवरात्रों के दौरान तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के एक अधिकारी ने बताया कि नवरात्रों के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

# संसद में आम बजट मंजूर, भारत में लॉकडाउन की गुंजाइश नहीं

## राज्यसभा में वित्त मंत्री बोलीं- गलतफहमी नहीं फैलाई जानी चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद ने शुक्रवार को आम बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कच्चे तेल के अंतर्राष्ट्रीय मूल्य आसमान छूने के मद्देनजर दो-टूक शब्दों में कहा कि भारत में लॉकडाउन की कोई गुंजाइश नहीं है तथा इसे लेकर गलतफहमी नहीं फैलायी जानी चाहिए। राज्यसभा ने वित्त मंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक 2026-27 को ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी के साथ उच्च सदन ने अनुदान की अनुपूरक मांगों और उससे जुड़े विनियोग विधेयक को भी ध्वनिमत से लौटा दिया। लोकसभा पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

राज्यसभा में वित्त मंत्री ने वित्त विधेयक और विनियोग विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। चर्चा के दौरान कुछ सदस्यों ने यह प्रश्न किया था कि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद कर घटाए जाने के बाद सरकार 2026 वित्त वर्ष में 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को कैसे हासिल करेगी? इसका जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के कुल राजस्व में उत्पाद शुल्क से होने वाले राजस्व का योगदान करीब 10 प्रतिशत होता है। सीतारमण ने कहा कि अतिरिक्त साधनों को जुटाना, विकास को बढ़ावा देने वाले व्यय को प्राथमिकता देना, कल्याणकारी व्यय को बेहतर तरीके से लक्षित करना तथा राजकोषीय कामकाज में अधिक पारदर्शिता रखना, सरकार की महत्वपूर्ण पहचान रहे हैं।



राज्यसभा में भाषण देतीं केंद्रीय वित्त मंत्री।

### मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में मोदी बोले- टीम इंडिया जैसी भावना जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के तहत समन्वय सुनिश्चित करना था। पश्चिम एशिया संघर्ष पर पहली बार उन्होंने मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा, प्रधानमंत्री ने बैठक में चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट सचिवालय तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ अलग से बैठक करेगा। बैठक में एन. चंद्रबाबू नायडू (आंध्र प्रदेश), योगी आदित्यनाथ (उप्र), रेवंत रेड्डी (तेलंगाना), भगवंत मान (पंजाब), भूपेंद्र पटेल (गुजरात), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिप्र), पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) और अन्य मुख्यमंत्री शामिल थे।



- पश्चिम एशिया संकट पर डिजिटल माध्यम से प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# ट्रंप ने होर्मुज खोलने की समयसीमा 6 अप्रैल की, इजराइल कर रहा बमबारी

- ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से किया प्रतिबंधित
- इजराइली रक्षा मंत्री काट्ज बोले- ईरान पर हमले तेज और व्यापक किए जाएंगे

दुबई (यूएई), एजेंसी

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान पर नए सिरे से हमले शुरू किए जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि युद्ध खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत जारी है। ट्रंप ने होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है, हालांकि ईरान के झुकने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं, ईरान ने अपनी खेल टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया है।

इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार को तेहरान में हमले करते हुए बैलिस्टिक मिसाइल और अन्य हथियार बनाने के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि इसके अलावा पश्चिमी ईरान में मिसाइल लॉन्चर और भंडारण स्थलों पर भी हमले किए गए। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि ईरान पर हमले और तेज होंगे तथा इनका दायरा फैलेगा। काट्ज ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरानी आतंकवादी शासन को चेतावनी दी थी कि वह इजराइल की नागरिक आबादी पर मिसाइल नहीं दागे। कहा, चेतावनियों के बावजूद मिसाइल हमले हो रहे हैं, इसलिए ईरान पर हमले बढ़ेंगे और हथियार बनाने व चलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले क्षेत्रों पर भी हमले होंगे। वहीं, खाड़ी देशों पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रहे, जिसकी वजह से बहरीन, कतर और यूएई में अलर्ट जारी किया गया।



तेहरान में बचाव कार्य में जुटे कर्मी।

### जी7 की बैठक में ईरान युद्ध पर चर्चा हुई, उभरे मतभेद

वॉक्स-डे-सेर्ने (फ्रांस)। फ्रांस में शुक्रवार को जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया के संघर्ष और रूस तथा यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर चर्चा की गई। इस बैठक में ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर गहरे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बार-बार की गई शिकायतों के बाद ये मतभेद सामने आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि अमेरिका के सहयोगियों ने ईरान की जवाबी कार्रवाई का सामना करने में मदद के अनुरोध को नजरअंदाज या अस्वीकार कर दिया है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जी7 देशों के अपने समकक्षों के साथ इस बैठक में शामिल हुए। ब्रिटेन की विदेश मंत्री यवेट कूपर ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का शीघ्र समाधान करने और होर्मुज को फिर से खोलने का आह्वान किया है।

# बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स 1,690 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को दो दिन की तेजी थम गई और बीएसई सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 487 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने के संकेत के अभाव में बाजार में गिरावट आई।

कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर रहने, रुपये में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25% गिरकर 73,583.22 पर बंद हुआ। निवेशकों को 8.86 लाख करोड़ का नुकसान हुआ।

- वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर, निफ्टी भी 487 अंक टूटा



### रुपया 89 पैसे टूटा सबसे निचले स्तर 94.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 89 पैसे लुढ़ककर 94.85 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वृहद आर्थिक परिदृश्य पर इसके दुष्प्रभाव की आशंका से घरेलू मुद्रा पर दबाव बना हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वाणिज्य और संपर्क को बढ़ावा देगा तथा दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ कम करेगा। प्रधानमंत्री ने हवाई अड्डे के उद्घाटन से एक दिन पहले कहा कि नोएडा हवाई अड्डा देश की प्रमुख नई परियोजनाओं में से एक है। मोदी शनिवार को गौतम बुद्ध नगर जिले में नवनिर्मित नोएडा हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे जिसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में परिकल्पित किया गया है।




# बेटे के सामने मां की पीटकर हत्या

- पत्नी जिंदा है या मर गई पानी डाल-डाल कर देखता रहा आरोपी, अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे परिजन पुलिस के पहुंचते ही हुए फरार

**संभल/चंदौसी।** संभल में चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर में एक व्यक्ति ने अपने इकलौते बेटे के सामने ही पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पूरी रात महिला के शव पर पानी डालकर जिंदा या मृत होने की जांच करता रहा और सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गया।

घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मामा ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि आरोपी पति समेत अन्य परिजन मौके से फरार बताए जा रहे हैं। अमरोहा जनपद के गजरौला थाना क्षेत्र के ज्योतिनगर निवासी रामचंद्र कश्यप ने अपनी बेटी गौरी कश्यप (32) की शादी 9 वर्ष पहले रामनगर निवासी पान सिंह के साथ की थी। गौरी के मामा प्रमोद कुमार को शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे भांजी की मौत की सूचना मिली। वह गांव रामनगर पहुंचे, जहां देखा कि गौरी का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसकी उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पोस्टमार्टम की मांग की। थाना प्रभारी अनुज ने बताया, महिला के शरीर पर चोट के निशान थे।

# 858 करोड़ के दो रक्षा समझौतों पर मुहर

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली की खरीद के संबंध में रूस की कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के पी8आई 'लॉन्ग-रेंज मैरीटाइम रिकोनिसेंस' विमान के रखरखाव के लिए बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग अनुबंध किया गया है।

मंत्रालय ने बताया, भारतीय सेना के लिए 445 करोड़ रुपये मूल्य की तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल प्रणालियों की खरीद को लेकर रूस की जेएससी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने कहा, ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों सहित हवाई खतरों के खिलाफ भारत की बहुस्तरीय हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाएंगी। यह समझौता भारत-रूस रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि 100 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ 'बाय इंडियन' श्रेणी के तहत पी-8आई विमानों के निरीक्षण के लिए किया गया अनुबंध, एमआरओ (रखरखाव और मरम्मत) सुविधा पर बेड़े के डिपो-स्तरीय रखरखाव को सुनिश्चित करेगा।



- भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत, रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का वायु रक्षा मिसाइल

### एस-400 मिसाइलें व परिवहन विमान पर जोर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एस-400 मिसाइलों और परिवहन विमान सहित 2.38 लाख करोड़ रुपये के हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की एस-400 मिसाइल प्रणाली, ड्रोन की खरीद और एसयू-30 एयरो इंजन की मरम्मत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। एस-400 प्रणाली महत्वपूर्ण क्षेत्रों को निशाना बनाने वाले दुश्मन के लंबी दूरी के हवाई हमलों का मुकाबला करेगी।

**जनता दर्शन** कहा- गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, सीएम ने 200 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

# वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दबंगई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि कोई आरोपी जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमकाता है, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्रवाई की जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता मांगने पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल से एस्टीमेट मिलते ही सरकार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।



गोरखपुर : जनता दर्शन में फरियादियों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### 200 लोगों की सुनी समस्याएं त्वरित निस्तारण के निर्देश

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को बिना भेदभाव न्याय मिलना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### भू-माफिया व दबंगों पर सख्ती

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों को डराने-धमकाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जनता दर्शन में आए बच्चों को सीएम ने चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### टैक्स बार एसोसिएशन की सभा आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा शनिवार को रामगंगा विहार में साईं मंदिर के सामने स्थित सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद मेहरोत्रा ने बताया कि सभा में पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता समिति के चेयरमैन के विषय में विचार किया जाएगा। जीएसटी की समस्याओं पर विचार विमर्श होगा।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में तीन घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पिकअप और बाइक की आमने-सामने टक्कर में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा खालसा निवासी जीशान अहमद (22) दवा लेने के लिए बाइक से शरीफ नगर जा रहे थे। उनके साथ हबीबन (45) पत्नी शरीफ अहमद और महक (16) पुत्री शरीफ अहमद भी सवार थीं। बताया जाता है कि शरीफनगर की ओर से आ रही एक पिकअप से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

# डाकघर-पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

## प्रधान डाकघर की इमारत में रखे पार्सलों की बम निरोधक टीम ने की जांच, पासपोर्ट कार्यालय का कोना-कोना डॉग स्क्वायड ने छाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** देशभर के डाकघरों और पासपोर्ट सेवा केंद्रों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद जिले में पुलिस प्रशासन ने हाई अलर्ट कर दिया। प्रशासन के निर्देश पर बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) के प्रभारी सतीश और डॉग स्क्वायड टीम के इंचार्ज योगेश कुमार को प्रधान डाकघर व पासपोर्ट सेवा कार्यालय तत्काल भेजा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने डाकघर व पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी को देखते हुए सभी थानों व पुलिस इकाइयों को अलर्ट करते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए। प्रधान डाकघर में संदिग्ध पार्सल की बीडीएस टीम ने बारीकी से जांच की, जबकि पासपोर्ट कार्यालय के हर कोने में डॉग स्क्वायड ने तलाशी ली।



डाकघर में चेकिंग करने पहुंचा डॉग स्क्वायड। ● अमृत विचार

राहत की बात यह रही कि कहीं भी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सामाजिक स्थलों पर कोई लावारिस वस्तु दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें और उसे खुद न छुएं। एसएसपी ने 24 घंटे अलर्ट बरकरार रखने व सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### एक्सपर्ट डॉग से सुंघवाए सभी पार्सल

महानगर के गुरहट्टी चौराहे मार्ग पर जिला कारागार के सामने बने प्रधान डाकघर के गेट पर जब गाड़ियों से डॉग स्क्वाड टीम के साथ बम निरोधक दस्ता उपकरणों के साथ पहुंचा तो लोग देखने के लिए रुक गए। टीमों को प्रधान डाकघर में घुसने की जानकारी पूरे शहर में फैल गई। डाकघर के कार्यालय में बम निरोधक दस्ता और अन्य टीमों के पहुंचने पर डाकघर कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारी सीट से उठकर खड़े हो गए। कार्यालय में तैनात कर्मचारियों ने बम निरोधक टीम प्रभारी सतीश कुमार से पूछा तो डाकघर में बम होने की सूचना पर चेकिंग की कार्रवाई करने की बात बताई। जिसके बाद डाकघर के बिल्डिंग में चल रहे सभी कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा तफरी मच गई। जिसके बाद टीम ने डाकघर के एक-एक पार्सल की चेकिंग की। साथ ही एक्सपर्ट डॉग को वहां रखे सैकड़ों पार्सलों को सुंघाया। इसके बाद पासपोर्ट कार्यालय के दोनों टीमों ने तलाशी ली। हालांकि तलाशी के दौरान कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। दोनों टीमों के प्रभारियों ने डीएम एसएसपी को जांच कार्रवाई की रिपोर्ट दी।

### डाकघरों, बस व रेलवे स्टेशन, तहसील और सरकारी कार्यालयों में चेकिंग के निर्देश

डाकघर व पासपोर्ट सेवा कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन में अफरा तफरी मच गई।डाकघर और पास पोर्ट सेवा कार्यालयों को मेल के जरिए बम होने की सूचना दी गई थी। जिस पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तुरंत एक्शन में आए और बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वाड प्रभारी की टीमें भेजकर डाकघर और पासपोर्ट कार्यालय बिल्डिंग की जांच करने के निर्देश दिए। टीमों ने अपने स्तर सभी भवनों का कोना कोना छान मारा। लेकिन कोई विस्फोट सामग्री नहीं मिली। एसएसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को 24 अलर्ट रहने के लिए कहा है।

### डीएम, एसएसपी ने जारी किए सतर्कता के निर्देश

एसएसपी ने जिले में बम होने की सूचना पर सभी थाना प्रभारियों को आमजन मानस को किसी भी लावारिस वस्तु के मिलने पर पुलिस को जानकारी देने की बात कही है। वहीं गश्त के दौरान लोगों किसी लावारिस वस्तु के प्रति सचेत रहने और पुलिस तत्काल सूचना देने की जागरूक करने के निर्देश दिए है। वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट, तहसील, विकास भवन, आरटीओ कार्यालय रोडवेज के संबंधित अधिकारियों को विभाग में किसी लावारिस वस्तु के मिलने के बाद उससे दूर रहने और तुरंत पुलिस को जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**कांठ अमृत विचार :** बीती रात्रि मोटरसाइकिल से जा रहे बाइक सवारों के अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान एक बाइक सवार की मौत हो गई। हरिद्वार उत्तराखंड निवासी पुनीत कुमार पुत्र पवन बीती रात्रि बाइक से छजलैट से अपने रिश्तेदार के यहां थाना क्षेत्र के ग्राम पचोकरा खानपुर जा रहे थे। उनके साथ गांव का ही गौतम भी था। रुद्र ढावे के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने मुरादाबाद छजलैट हाईवे पर अपना वाहन लापरवाही से चलते हुए बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पुनीत व गौतम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मुरादाबाद एंबुलेंस द्वारा भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान पुनीत की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार सहरावत ने बताया कि बाइक सवार पुनीत की दुर्घटना में उपचार के दौरान मौत हो गई है।

# पीपली वन में दरोगा और वन रक्षक के हमले का आरोपी किया गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** पीपली वन में प्रतिबंधित खैर के पेड़ों का कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात वन दारोगा और वन रक्षक पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने के बाद आरोपी को गिफ्तार कर लिया गया है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई करते हुए तस्कर को दबोचा है। आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

गुरुवार को वन दारोगा अतुल कुमार और वन आरक्षी शिवम कुमार पीपली वन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि कुछ तस्कर प्रतिबंधित खैर के पेड़ों का कटान कर रहे हैं। जब टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो तस्करों ने धारदार हथियारों से हमला कर वन दारोगा और वन रक्षक को



घायल वन दरोगा।

घायल कर दिया। वन विभाग और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बिलासपुर के गांव चंदेला निवासी हरेन्द्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जबकि साथी फरार हो गया था। मौके से प्रतिबंधित खैर की लकड़ी और एक उपकरण भी बरामद किया गया है। वन आरक्षी शिवम कुमार की तहरीर पर मिलकखानम थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज की थी। मिलकखानम थाना प्रभारी निशा खटाना ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। जहां से आरोपी को कोर्ट ने जेल भेजा है।

- वन विभाग के अधिकारियों पर किया था हमला, दूसरे आरोपी की तलाश

### दो वन रेंजर और कई कर्मचारी हो चुके सस्पेंड

स्वार तहसील क्षेत्र के मिलकखानम स्थित पीपली वन में प्रतिबंधित पेड़ो के कटान के चलते वन का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। अवैध कटान पर अंकुश लगाने में वन विभाग के आला अफसर भी नाकाम साबित हो रहे है। पीपली वन रेंज के दो वन रेंजर और कई कर्मचारी निलंबित भी हो चुके है।

## अध्यापक ने की फंदा लगाकर आत्महत्या

**संवाददाता, मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिलारी ब्लॉक के गांव मुस्तफा पुर के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कमरे की छत में लगे कुंडे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। छत से नीचे उतरकर कमरे में पहुंची पत्नी की पति का शव देखकर चीख निकल गई। पत्नी की चीख सुन पास पड़ोसी घर में जमा हो गए। पत्नी का कहना है कि एसआईआर का कार्य पूरा नहीं हो पाने के कारण तनाव में थे। रामगंगा विहार फेस टू के एलआईजी-63 में में रहने वाले अतुल त्यागी ने अपने मकान के एक कमरे में प्लास्टिक की रस्सी से छत में लगे कुंडे में फंदा बनाकर खुद को फांसी लगा ली। जिनकी मौके पर मौत हो गई। परिजन फंदे शव को उतारकर निजी चिकित्सालय लेकर भागे लेकिन अतुल त्यागी की पहले ही मौत हो चुकी थी।

# डीआईजी पर हमले के दोषियों को सजा आज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- युवती से छेड़छाड़ करने वाले ने साजिश रचकर 2011 में मैनाठेर में कराया था बवाल
- कोर्ट ने 24 मार्च को 16 बवालियों को सिद्ध किया था दोषी, सभी को भेज दिया था जेल

**अमृत विचार :** मैनाठेर थाने क्षेत्र में 15 साल पहले छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने को लेकर हुए बवाल में तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार पर हमला करके अधमरा कर देने और पुलिस असलाह लूटने के मामले में 16 दोष सिद्ध आरोपियों को शनिवार को सजा सुनाई जाएगी। कोर्ट ने 24 मार्च को मामले में 16 आरोपियों को दोष सिद्ध मानते हुए न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया था। कोर्ट में सभी दोष सिद्ध आरोपियों को शनिवार को कड़ी सुरक्षा में पेश किया जाएगा।

थाना मैनाठेर क्षेत्र की युवती ने चार जुलाई 2011 को असालत नगर बघा गांव के मुस्लिम पुत्र तस्लीम के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़खानी अश्लील हरकतें करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ने के लिए 6 जुलाई को पुलिस टीम को भेजा गया। मामला छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कराने का था, लेकिन उसे धर्म से जोड़कर नया रंग दे दिया। ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया। हालांकि पुलिस टीम किसी तरह से बचकर निकल आई, लेकिन, सुबह छह बजे हुए घटनाक्रम के बाद बवाल गांव से निकल आस-पास के क्षेत्र तक बढ़ता चला गया।

बेकाबू भीड़ ने मैनाठेर थाने घुसकर तोड़-फोड़ और आगजनी की। नियंत्रण के लिए पहुंचे डीआईजी अशोक कुमार सिंह पर भीड़ ने हमला हुआ। मरणासन्न स्थिति में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 32 लोगों पर नामजद और 300 से अधिक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ था। घटना के 15 वर्ष बाद उस दंगे में शामिल 16 मुख्य आरोपियों को एडीजे-2 के न्यायाधीश कृष्ण कुमार की अदालत में शनिवार को सजा सुनाई जाएगी। मामले के बाद कोर्ट ने 24 मार्च को आरोपियों पर लगे दंगे लूटपाट, आगजनी और पुलिस टीम व डीआईजी पर जानलेवा हमले को दोषी माना। कोर्ट ने 27 मार्च सजा तय करने के लिए सुनवाई नियत की थी, लेकिन शुक्रवार को राम नौवीं की छुट्टी के कारण न्यायालय के बंद रहा। अब 28 मार्च सभी 16 आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।

### डीआईजी पर हमले का दोषसिद्ध वारंटी गिरफ्तार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर में वर्ष 2011 में तत्कालीन डीआईजी एवं पुलिस टीम पर हमला करने वाले दोष सिद्ध वारंटी मोहम्मद फिरोज को मैनाठेर पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। मैनाठेर पुलिस के अनुसार कुछ लोगों की अफवाहों के कारण 6 जुलाई 2011 को भीड़ हो उग्र हो गई थी। लोगों को समझाने पहुंचे तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार और पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया था। इस प्रकरण में तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी भी घायल हुए थे। मैनाठेर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 1 अक्टूबर 2011 को न्यायालय में 25 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। वर्तमान में यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-02) की अदालत में विचाराधीन है। इस प्रकरण में शनिवार को फैसला सुनाया जाएगा। अदालत ने 16 आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। इनमें से 3 आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। छह अन्य की सुनवाई किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है। मामले में 23 मार्च को 14 आरोपियों को दोष सिद्ध मानते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। इसके अगले दिन 24 मार्च को एक और आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# अर्धनग्न अवस्था में मिला लापता युवती का शव

संवाददाता, सैफनी

- सैफनी थाना क्षेत्र के रामगंगा नदी के टीले पर मिला शव

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पुराना ललवारा गांव से 23 मार्च से लापता 18 वर्षीय युवती का अर्धनग्न शव शुक्रवार को रामगंगा नदी के टीले पर पड़ा मिला। परिजन किशोरी की हत्या की आशंका जता रहे हैं। शव मिलने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। परिजनों द्वारा शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

मामले में पुलिस ने 25 मार्च को गुमशुदगी दर्ज की थी, तभी से उसकी तलाश की जा थी। युवती के भाई ने चार लोगों पर अगवा कर दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। क्षेत्र के पुराना ललवारा गांव के ग्रामीण जंगल में रामगंगा नदी के पास शुक्रवार की सुबह खेतों पर काम करने के लिए गए थे। इसी दौरान नदी के बीच सूखे टीले पर एक किशोरी का अर्धनग्न शव पड़ा दिखाई दिया। ग्रामीण ने मामले की जानकारी गांव के लोगों को दी। जिस पर लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद थाने में पहले से दर्ज गुमशुदगी के आधार पर शव की शिनाख्त कराई गई तो पुराना ललवारा गांव की लापता किशोरी का ही निकला। शव के हाथ में पड़े कड़े से उसकी पहचान अपनी बेटी के रूप में की इसके बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## चरस के साथ रामपुर का तस्कर गिरफ्तार


**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने चेकिंग के दौरान रामपुर जिले के शाहाबाद थाना क्षेत्र के निवासी फरमान को एक किलो 60 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। शुक्रवार को मझोला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया एक किलो चरस के साथ पकड़ा गया आरोपी फरमान अब थाना गलशहीद क्षेत्र के ईदगाह में रह रहा है। उसके पास से एक किलो 60 ग्राम चरस बरामद हुई,जो बाजार मूल्य से कई लाख रुपये की बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी का नेटवर्क तस्करी के मामले में दूर तक फैला है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रामपुर से मुरादाबाद होते हुए दिल्ली की ओर चरस की खेप भेजने का काम करता था।

# एलाइड एंड अप्लाइड साइंस में वरदान साबित होगी एआई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. अजय आर्या ने कहा कि एलाइड एंड अप्लाइड साइंस में एआई वरदान साबित होगी। परफेक्शन और एक्सीलेंस बढ़ेगा। हालांकि मेडिकल साइंस और एलाइड साइंस एक-दूसरे के पूरक हैं, इसीलिए दोनों के डवलपमेंट में एक-दूसरे की भूमिका को नकारा भी नहीं जा सकता है। उन्होंने आगाह किया कि हमें एआई का सीमित प्रयोग करना चाहिए।

मुख्य अतिथि डॉ. आर्या तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज़ की ओर से फ्यूचर ऑफ इन्नोवेशन एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी थीम पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हेल्थ



संबोधित करते डॉ . अजय आर्या।

फॉरेंसिक को संबोधित कर रहे थे। गेस्ट आफ ऑनर एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए हमें कन्विक्शन रेट को बढ़ाना होगा, जिससे जनता के बीच में न्याय प्रणाली पर भरोसा और मजबूत हो सके। साइबर क्राइम रोकने के लिए क्रिमिनल केस की जांच में फॉरेंसिक विजिट को अनिवार्य बताया।

# मिशन शक्ति टीम ने बचाई बच्ची की जान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और जागरूकता अभियान के दौरान थाना खजुरिया पुलिस का एक मानवीय और साहसिक चेहरा सामने आया है। मिशन शक्ति टीम ने नाले में डूब रही एक चार वर्षीय बच्ची को बचाकर और उसे मौके पर ही सीपीआर देकर नई जिंदगी दी।

शुक्रवार को थानाध्यक्ष पंकज पंत पुलिस टीम के साथ गांव अहरो में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने पहुंचे थे। टीम द्वारा ग्रामीणों और महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया जा रहा था। जागरूकता कार्यक्रम के बाद जब टीम गांव में चौपाल के लिए आगे बढ़ रही थी, तभी रास्ते में सफाई कार्य के लिए खुले एक नाले के पास खेल रही 4 वर्षीया बच्ची जायरा पुत्री तस्लीम अचानक गहरे पानी में गिर गई। बच्ची को डूबता देख मौके पर मौजूद मिशन शक्ति टीम ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाई और नाले में कूदकर बच्ची को बाहर निकाला। पानी में डूबने के कारण बच्ची की हालत गंभीर थी और वह बेहोश हो चुकी थी। पुलिस कर्मियों ने तुरंत बच्ची को सीपीआर देना शुरू किया, जिससे कुछ ही देर में बच्ची की सांसें वापस लौट आईं। बच्ची के सकुशल बचने पर पिता तस्लीम, माता विलकिस और समस्त ग्रामवासियों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।



बिलासपुर के गांव अहरो में बच्ची के परिजनों से वार्ता करते थानाध्यक्ष पंकज पंत।

- नाला से निकालकर दिया सीपीआर लोगों ने की पुलिस के कार्य की प्रशंसा

**अंतरराष्ट्रीय रंगमंच दिवस** — थिएटर की सीख से फिल्म, टीवी और रील्स तक पहुंच रहे शहर के युवा

# मंच से मोबाइल स्क्रीन तक, रंगमंच की नई कहानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद में मंच कम, लेकिन अभिनय का जुनून चरम पर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय रंगमंच दिवस के मौके पर मुरादाबाद में पारंपरिक रंगमंच भले ही कम दिखाई देता हो, लेकिन अभिनय के प्रति युवाओं की दीवानगी हर दिन नई ऊंचाइयां छू रही है। समय के साथ रंगमंच का स्वरूप और उसका प्लेटफॉर्म बदल चुका है। जहां पहले कलाकार मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाते थे, वहीं अब वही अभिनय फिल्मों, धारावाहिकों और इंटरनेट मीडिया के शॉर्ट वीडियो व रील्स के जरिए लोगों तक पहुंच रहा है।

### रंगमंच जीवंत रखने की पहल



रेलवे अस्पताल के पास इमली लाइन निवासी राकेश बलौदी वर्तमान में रेलवे में मुख्य हित निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी रेलवे में थे, जिससे उन्हें रंगमंच से जुड़ने का अवसर मिला। 1991 में मात्र नौ वर्ष की आयु में शिमला में आयोजित ऑल इंडिया ड्रामा प्रतियोगिता में भाग लेकर 'बेस्ट चाइल्ड एक्टर' का खिताब जीता। 2004 तक उन्होंने लगातार मंचन किया और बाद में भारतीय हिंदू नाट्य अकादमी से जुड़कर ड्रामा एंड कल्चरल कोटे से रेलवे में नौकरी पाई। आज भी वह लखनऊ, फिरोजाबाद, कानपुर समेत कई जगह नुक्कड़ नाटक और मुरादाबाद में मनोरंजन सदन में अंतरमंडलीय ड्रामा प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं को रंगमंच से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### मुरादाबाद की बेटी उजाली राज का सफर




आशियाना की रहने वाली उजाली राज मायानगरी मुंबई में पहचान बना रही हैं। उन्होंने गुलाबो सिताबो में आयुष्मान खुराना की बहन 'पायल' का किरदार निभाकर दर्शकों का ध्यान खींचा। लखनऊ से भारतीय हिंदू नाट्य अकादमी से थिएटर की बारीकियां सीख अभिनय की नींव तैयार की। मां स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं, जिससे उन्हें सामाजिक समझ भी विरासत में मिली। उजाली इस बात का उदाहरण हैं कि रंगमंच की सीख कैसे बड़े पर्दे तक पहुंचाती है।

### जुनून के लिए छोड़ी सरकारी नौकरी



रेलवे हरथला कालोनी निवासी वरिष्ठ अभिनेता मदन कबीर अभिनय के प्रति जुनून की मिसाल हैं। उन्होंने रेलवे में चीफ टिकट इंस्पेक्टर की नौकरी 49 वर्ष की उम्र में छोड़कर 2006 में मुंबई का रुख किया। रामलीला मंच से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले मदन कबीर रावण, मेघनाथ, परशुराम और केवट जैसे पात्र निभा चुके हैं। उन्होंने बालिका वधू, चिड़ियाघर, लापतागंज और कृष्णा चली लंदन जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में अभिनय किया है। दिल्ली परेड ग्राउंड से लेकर मुरादाबाद और मुंबई तक उन्होंने मंचन कर अपनी कला का लोहा मनवाया।

### आईपीएस का सपना, अभिनेता की पहचान



हरथला के रहने वाले फरमान हैदर ने 2017 में मुंबई में नवरासना में थिएटर की बारीकियां सीखीं। इसके बाद टीवी इंडस्ट्री में पहचान बनाई। कसौटी जिंदगी की से करियर की शुरुआत की और बाद में सावी की सवारी, रक्षाबंधन, आइना, खूबसूरत, पॉकेट में आसमान और जगद्धात्री में मुख्य भूमिकाएं निभाईं। उनका सपना आईपीएस अधिकारी बनने का था, लेकिन आज वह 'जगद्धात्री' में आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाकर सपने को अभिनय के जरिए जी रहे हैं।

## जैन दर्शन जीवन प्रबंधन की प्रभावी और वैज्ञानिक प्रणाली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय दार्शनिक परिषद की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि सम्पूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी, वाराणसी के डॉ. फूलचंद प्रेमी जैन ने जैन दर्शन को जीवन प्रबंधन की प्रभावी और वैज्ञानिक प्रणाली बताया। कहा इसके मूल सिद्धांत- सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र व्यक्ति को संतुलित, अनुशासित व जिम्मेदार जीवन जीने की दिशा प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक व तनावपूर्ण जीवन में कर्म सिद्धांत की प्रासंगिकता पर बल दिया। कहा कि यह व्यक्ति को अपने प्रत्येक विचार, वाणी और कर्म के प्रति सजग बनाता है।

# तेंदुआ दिखने से दहशत कहीं नहीं मिले पगचिन्ह



शाहबाद के जयतोली मदारपुर मार्ग पर जांच करती वन विभाग की टीम।

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद के गांव जयतोली में गुरुवार रात तेंदुआ दिखने की चर्चा से हड़कंप मच गया। किसी ग्रामीण द्वारा बनाया गया कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही दहशत फैल गई।

वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर जांच की। वन रेंजर शिव शंकर यादव ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना और वायरल वीडियो के आधार पर बताए गए स्थान व आसपास के इलाके में गहन जांच की गई, लेकिन तेंदुए के पगचिन्ह नहीं मिले। तेंदुआ दिखाई देने की वीडियो वायरल होने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उसकी दहशत में गांव में लोग पूरी रात जागते रहे। कुछ लोगों ने इसे अफवाह करार दिया।

> तेंदुआ दिखाई देने के सूचना पर गांव में आकर लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई भी ग्रामीण स्पष्ट रूप से बता नहीं पा रहा। वीडियो में भी स्थान की पुष्टि नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर जांच की गई, लेकिन कहीं भी तेंदुए की पदचिन्ह नहीं मिले।
> – शिव शंकर यादव, वन रेंजर

### शहर में आज

- राजकीय नर्सेज संघ की जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन नर्सेज मेस जिला चिकित्सालय में दोपहर 1:00 बजे
- राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिंदू संस्कार केंद्र बाल हनुमान रूप सज्जा कार्यक्रम प्राचीन काली माता मंदिर देहरी गांव में शाम 4:00 बजे

# मां के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा कर नवरात्र व्रतों का परायण

## प्राचीन काली माता मंदिर सहित कई मंदिरों में जुटी भक्तों की भीड़, श्रीराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित कर मनाई खुशियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के नवें दिन मां के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना घरों व मंदिरों में की गई। सुबह से देर शाम तक पूजा अर्चना का क्रम चलता रहा। लालबाग स्थित काली माता मंदिर, कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों ने कतार में लगकर मां का दर्शन कर अपनी मन्नत मांगी।

नवरात्रि के नवें दिन घरों में कन्याओं की आरती उतार कर उन्हें भोजन प्रसाद खिलाया गया। कन्याओं को उपहार देकर उनके पैर छूकर व्रतियों ने आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिरों में सुबह से माता रानी के जयकारे गूंजे। वहीं दूसरी ओर रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव की खुशियां भी मनाई गईं। मनोकामना हनुमान मंदिर, आशियाना फेज एक स्थित शिवशक्ति मंदिर में सुबह और शाम आरती के अलावा भजन कीर्तन भी किया गया। लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर, सिद्धपीठ श्री नौ देवी माता मंदिर में शुक्रवार को सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी लाइन दोपहर तक लगी रही। शाम को आरती के समय भी मंदिर में भीड़ रही। विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोगों ने चुनरी, नारियल, फल और मिठाई चढ़ाकर माता रानी के सामने शीश झुकाया। भक्तों ने देवी देवताओं से अपने परिवार की खुशहाली, सुख समृद्धि व बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। सुरक्षा के लिए मंदिरों व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस कर्मी तैनात रहे। सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की गई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी व्यवस्था की निगरानी करते रहे।



लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर पर दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**सामूहिक हवन कर मनाई दुर्गा नवमी व श्रीराम जन्मोत्सव:** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महानगर की ओर से पुलिस लाइन मंदिर सिविल लाइंस में दुर्गा नवमी व श्रीराम जन्मोत्सव पर शुक्रवार को सामूहिक हवन किया गया। इसमें क्षेत्रीय संयोजक रणवीर ने लोगों को जल व ऊर्जा संरक्षण को महत्वपूर्ण बताया। पुलिस अधीक्षक यातायात व साइबर क्राइम सुभाष गंगवार, विपिन गुप्ता, एडवोकेट मुकुल अग्रवाल, अवधेश सिंघल, ओमकार अग्रवाल, प्रमोद रस्तोगी, प्रकाश अग्रवाल, लेडीज क्लब की प्रेसिडेंट संजू अग्रवाल, मधु सहाय, अलका अरोड़ा, प्रीति माथुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### रामनवमी पर किया हनुमान चालीस का सामूहिक पाठ



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर महाआरती व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कानून गोयान चौराहा स्थित माता चामुंडा मंदिर पर किया गया। अंत में भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम को उनके सुख समृद्धि पूर्ण व सदाचार युक्त शासन के लिए याद किया जाता है। कलयुग में भगवान राम के चरित्र के आदर्श को अपने में ही जीवन की सार्थकता है। जीवन में भगवान राम की गुरु सेवा, जाति पात का भेद मिटाने, मातृ पितृ भक्त आदि गुणों को विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान पं. चंद्रभूषण पांडे, संकल्प नारायण, विनोद शर्मा, शमी रस्तोगी, अज्जू भटनागर, सुशील रस्तोगी, बबलू भटनागर, रीना रस्तोगी, सुनीता भटनागर, रानी रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नागरिक सुरक्षा संगठन से जुड़े स्वयंसेवकों ने लगाया शिविर

सिद्धपीठ माता काली मंदिर लालबाग पर चैत्र नवरात्रि के नवमी के दिन शिविर में नागरिक सुरक्षा के वार्डनों ने पीली जैकेट पहनकर ड्यूटी की। उन्होंने मंदिर में दर्शन के लिए आए बच्चों के अपने अभिभावकों से बिछड़ने पर अनाउंस कराकर अभिभावकों को शिविर में बुलाकर पहचान कराने के बाद बच्चों से मिलवाया। शिविर में मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आए भक्तों के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई। शिविर का निरीक्षण शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने किया। शिविर में डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, आईसीओ सुभाष जैन, आकाश अग्रवाल, अंकुश भटनागर, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति, सूरज प्रकाश, संजय कुमार गुप्ता, अनिल रस्तोगी, आकाश गुप्ता, सुखदेव यादव, कविता रस्तोगी सहित अन्य मौजूद रहे। शिविर में अब तक 7 बिछड़े हुए बच्चों को उनके माता-पिता को सौंपा गया।

### साप्ताहिक आनंद विहार पुरलिया एक्सप्रेस का शेड्यूल निर्धारित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मुरादाबाद रेल मंडल में संचालित नई साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14022-14021 का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार गाड़ी संख्या 14022 साप्ताहिक गुरुवार को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह 8:15 बजे आएगी और 8:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन बरेली में 10:10 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट के ठहराव के बाद 10:15 बजे अगले गंतव्यों लखनऊ, अयोध्या कैंट आदि स्टेशन होकर पुरुलिया जंक्शन पहुंचेगी।

# जांच टीम ने दूसरे बिंदु खोजने में बहाया पसीना

- धीमरी गांव में महापौर की बाउंड्री तोड़ने का मामला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सदर तहसील के धीमरी में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित जमीन पर अवैध कब्जा हटवाने के दौरान महापौर विनोद अग्रवाल के जमीन की बाउंड्री तोड़ने के मामले में मंडलायुक्त के निर्देश पर अमरोहा की एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह स्थलीय पैमाइश के साथ ही अभिलेखों का भी सत्यापन कर रही हैं। लेकिन टीम को पैमाइश के दूसरे महत्वपूर्ण बिंदु को खोजने में पसीना बहाना पड़ा। टीम अंतिम रूप से पैमाइश कराएगी।

अवैध कब्जा हटवाने के दौरान महापौर ने अपने रजिस्ट्रीकृत जमीन पर बनाई गई बाउंड्री को अनाधिकृत तरीके से तोड़े जाने पर कड़ी नाराजगी जताकर जिलाधिकारी, मंडलायुक्त से शिकायत की थी। साथ ही उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को भी पत्र लिखकर प्रकरण के चलते अपनी छवि धूमिल होने के साथ ही अपने 40 साल के भाजपा में राजनीतिक सफर की दुहाई भी दी थी। महापौर ने स्थानीय राजस्व प्रशासन की टीम पर संदेह जताया था। जिसके चलते मंडलायुक्त ने मामले में अमरोहा की एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह को मौके की पैमाइश कराने के साथ ही जिलाधिकारी के स्तर पर आई रिपोर्ट व राजस्व अभिलेखों के अनुसार सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। इसके क्रम में एडीएम अमरोहा राजस्व अभिलेखों का सत्यापन करने के साथ ही मौके पर दूसरा बिंदु खोजने में टीम के साथ लगी रहीं। इसके बाद अब अंतिम दौर की पैमाइश शुरू होगी। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया कि अभी एडीएम अमरोहा की रिपोर्ट नहीं मिली है। पैमाइश में दूसरा बिंदु महत्वपूर्ण होता है। इसके आधार पर वास्तविक रूप से पैमाइश होती है। जैसे ही पूरी रिपोर्ट मिलेगी उसके आधार पर जो उचित होगा निर्णय लेंगे।

### मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे परिवहन निगम के अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिवहन निगम के अधिकारी और कर्मचारी अब बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएंगे। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि शासन ने यह निर्णय आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या और वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को ध्यान में रखते हुए लिया है। इस अवधि में विभाग से जुड़ी महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जानी हैं, साथ ही राजस्व बढ़ाने के लिए तेज गति से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह प्रतिबंध केवल मुख्यालय स्तर के अधिकारियों पर ही नहीं, बल्कि फील्ड स्तर के अधिकारियों पर भी लागू होगा। सभी को बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय छोड़ने की मनाही रहेगी।

### डीजल को एक्साइज ड्यूटी मुक्त करने पर खुशी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी व प्रदेश महामन्त्री विपिन गुप्ता की मौजूदगी में बर्तन बाजार में हुई। इसमें मिडिल ईस्ट संकट के दौरान केंद्र सरकार के द्वारा डीजल पर एक्साइज ड्यूटी फ्री करने और पेट्रोल पर 10 परसेंट की एक्साइज ड्यूटी कम करने पर व्यापारियों ने खुशी जताई। इस दौरान सुनील अग्रवाल, सुधीर कंसल, टोनी सहगल, आशीष अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अरुण रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम की अनुबंधित आईईसी टीम ने शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया। वार्ड संख्या 55 के लालबाग स्थित काली माता मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के लिए आए भक्तों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उसके प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। कहा कि प्लास्टिक पॉलीथीन के उपयोग से बीमारियां बढ़ती हैं और नाली में पड़ने से नाली चोक होने पर गंदगी पसरती है। वार्ड 8 झांझनपुर स्थित चामुंडा मंदिर में रामनवमी के दिन मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया।

### मौसम ने ली करवट दो बार हुई बूंदाबांदी तापमान गिरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मौसम की बेरुखी जारी है। दो दिन अच्छी धूप के बाद शुक्रवार को सुबह फिर बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई। दोपहर में फिर एक बार बूंदाबांदी के बाद धूप-छांव का क्रम चलता रहा। इससे तापमान में कमी आई। मौसम के असंतुलन से लोगों खासकर बच्चों को असुविधा हो रही है। वह वायरल फीवर, खांसी, सर्दी, छींक से ग्रसित हैं। 19 व 20 मार्च को हुई बारिश के बाद धीरे-धीरे मौसम सामान्य होने लगा था। कभी हल्की धूप तो अगले दिन चटख धूप होने से तापमान चढ़ने लगा। लेकिन शुक्रवार को फिर मौसम ने करवट ली। सुबह बादल छाए रहने के बाद दो बार बूंदाबांदी व हल्की बारिश हुई। हवा चलने से फिर ठंड का अहसास लोगों को हुआ।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर के हजारों कनेक्शनों की बिजली गुल

- बिजली विभाग ने नहीं लगवाया जागरूकता शिविर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड में तब्दील करने से उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन मीटरों को कब प्रीपेड कर दिया इसकी जानकारी न होने से लोग परेशान हैं। बिजली गुल होने पर विभागीय अधिकारी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।

सिविल लाइन्स व अन्य कॉलोनियों में मीटर नंबर गड़बड़ी व गलत बिलिंग की शिकायतें आम हो गई हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों से उपभोक्ता सुझाव मांग रहे हैं कि रिचार्ज प्रक्रिया सरल हो, ग्रेस पीरियड बढ़ाया जाए व हेल्पलाइन सक्रिय की जाए। जिले में लगभग 60 हजार स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, लेकिन प्रशिक्षण व जागरूकता की कमी से समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रशासन को उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाने चाहिए।

> स्मार्ट मीटर महानगर में धीरे धीरे प्रीपेड मीटर में तब्दील किए जा रहे हैं। जिन लोगों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई उनके या तो उन लोगों के पुराने मीटर पर बिजली बिल का बकाया हो सकता है और प्रीपेड मीटर बकाया राशि ने होने पर बिजली दोबारा सुधार नहीं हो सकेगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सभी उपभोक्ता अपने मोबाइल में यूपीपीसीएल एप डाउनलोड कर लें जिससे सारी समस्या का समाधान ऐप खोलने पर मिल जाएगा। एप उसी मोबाइल नंबर वहीं डाउन लोड करें जो बिजली कनेक्शन लेते अंकित किया हो।
>
> **-प्रशांत कुमार**, अधीक्षण अभियंता नगरीय

# 27 प्रतिष्ठान सील, 1.26 करोड़ वसूले

- नगर निगम टीमों के सामने टैक्स वसूली लक्ष्य पूरा करने को चार दिन शेष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वर्तमान वित्तीय वर्ष के आखिरी मार्च महीने में अंतिम दिनों में निगम प्रशासन कर गृहकर व जलकर के बड़े बकायेदारों पर सख्ती कर रहा है। बकाया जमा न करने वालों के प्रतिष्ठान सील किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कार्रवाई के दौरान टीमों ने 27 भवनों व प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। साथ ही 1 करोड़, 26 लाख 83 हजार 037 रुपये की वसूली की।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी नगर निगम की संपत्ति विभाग की टीमें अभियान चला रही हैं। शुक्रवार को मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में टीमों ने ट्रांसपोर्ट नगर में विकलिस नियाज के फर्म पर टैक्स का 18,93,760.08 रुपये का बकाया न जमा करने पर प्रतिष्ठान सील कर दिया। धीमरी में स्काई सेलीब्रिशन पर 2,08,051.34 रुपये सर सैय्यद नगर में मोहम्मद जुल्फिकार पर टैक्स का 1,07,643.42 रुपये बकाएदारी में प्रतिष्ठान सील किया गया। यहीं पर शारिक हुसैन पर 1,77,051.28 रुपये, हाजी इश्तियाक हुसैन पर 3,54,855.21 रुपये के अलावा आवास विकास के संजय गुप्ता पर 5,26,284.38 रुपये बकाया था, जिसे जमा न करने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। पीरगैब में गोविन्दराम पर 1,03,951.65 रुपये का टैक्स बकाया और काजी टोला निवासी जमील अहमद पर 2,01,703.63 रुपये यहीं के पानसुख पर 1,00,898.82 रुपये और लाकड़ी वालान की फरहतउन निशा पर टैक्स का 1,87,415.62 रुपये और खारीकुंआ के मोहम्मद मुशाहिद पर 1,12,332.79 रुपये बकाया होने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिए गए।



टैक्स बकायेदार का प्रतिष्ठान सील करने पहुंची नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार



# धूमधाम से निकाली महाकाली की शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा कस्बा

## मां काली के खेलते 32 स्वरूप रहे आकर्षण, नगर में विभिन्न जगह लगे प्रसाद वितरण के कैंप, जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में 64 वीं महाकाली शोभा यात्रा और मेल रामनवमी बैंड बाजे और डीजे के साथ भारी धूमधाम और जयकारों के साथ निकाला गया। नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौड़ा खेड़ा परिसर में प्रभु राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मेला रामनवमी लगना शुरू हो गया था जो दोपहर तक परवान चढ़ गया। शुक्रवार की शाम 4:00 बजे नगर के प्राचीन मंदिर गमादेवत पर सभी झांकियां और कमेटी के पदाधिकारी एकत्र हुए। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव और कमेटी पदाधिकारियों ने बैंड कलाकारों का स्वागत किया। कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने महाकाली के स्वरूप का तिलक करके शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत डीजे और बैंड बाजों के साथ धूम धड़ाके के साथ भव्य और दिव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।

शोभा यात्रा में महाकाली के 32 खेलते हुए अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। श्रद्धालुओं ने अपने सीने पर नारियल रखकर माता के स्वरूप से कटवाए और प्रसाद के रूप में वितरण किया। मेन बाजार में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चुग के प्रतिष्ठान पर, नेहरू चौक पर अमित सिन्हा द्वारा, हाईवे पर, अग्रवाल पतंजलि आरोग्य केंद्र, रामबाबू मिष्ठान भंडार, आनंद स्वीटस, बॉबी प्रजापति समेत अनेक श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा के स्वरूपों और श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जलपान कराया फूल बरसाकर स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान भारी संख्या में पुलिस रही। विशेष प्रकाश व्यवस्था भी आकर्षण रही। नगर पालिका द्वारा सवेरे ही पूरे नगर में विशेष सफाई अभियान चलाकर रास्ते के दोनों और चूना रेखांकन कराया गया था।



शोभायात्रा में शामिल पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, कमेटी अध्यक्ष संजय जैन व अन्य। ● अमृत विचार



नवचंडी महायज्ञ में आहुतियां देते यजमान। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल श्रीराम दरबार की झांकी। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में शामिल राधा कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा क्षेत्र मेंमाता सिद्धि रात्रि पर कन्या बरुआ को भोज कराता श्रद्धालु।

### ये लोग रहे मौजूद

शोभा यात्रा के संचालन में कमेटी अध्यक्ष संजय जैन, पंकज चौहान, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, अभिषेक शर्मा एडवोकेट, नीरज रोहिल्ला, अरिहंत जैन, शशांक जैन, नितिन डुडेजा, दिनेश प्रजापति, विक्की सक्सेना, अभिषेक पांडे, आशीष शंकर पांडे, कार्तिक पांडे, अजय अग्रवाल एडवोकेट, मनोज अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, के के गुप्ता, मनोज ठाकुर, विकास गुप्ता एडवोकेट, सुमित गुप्ता, अलंकार शर्मा एडवोकेट, प्रशांत चौहान, विशाल गुप्ता, सनी सिंह, अभिषेक जैन महेश कश्यप, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, बिशन सिंह यादव, जितेंद्र अग्रवाल, निखिल पांडे, अमित मौर्य, शरद गुप्ता, राजेश प्रजापति, विनीत शर्मा, सुनील आर्य, ध्रुव शर्मा, घनश्याम गुप्ता, विजेंद्र चंद्रवंशी, विजेंद्र चौहान प्रधानाचार्य, अंशुल अग्रवाल, सचिन चंद्रा, निहाल सिंह लाठर, विद्युत लाइनमैन शहंशाह अली, दीपक कुमार, विनोद कुमार आदि बहुत से लोग शामिल रहे।

### माता सिद्धिदात्री के पूजन पर आस्था का सैलाब

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नवरात्र की नवमी पर माता सिद्धिदात्री के पूजन को लेकर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों और घरों में माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और माता सिद्धिदात्री से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। मंदिरों को फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता से ओतप्रोत नजर आया। विशेष रूप से नवमी के दिन कन्या पूजन का महत्व देखते हुए घर-घर में धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याओं (बालिकाओं) और बटुकों को आमंत्रित कर उनका पूजन किया और श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी एकता एकेडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्होंने अपने घर में नौ कन्याओं और एक बटुक को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन कर भोजन कराया। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे।

### नवचंडी महायज्ञ में दीं आहुतियां

**बिलारी, अमृत विचार :** नवरात्र के नवें दिन शुक्रवार को मां आदि शक्ति के सिद्धिदात्री स्वरूप की विशेष पूजा अर्चना कर भक्तों ने सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। जो भक्त नवमी के दिन अपने व्रत का पारण करते हैं उन्होंने छोटे बच्चों को कन्या बरुओं के रूप में जिमा कर उन्हें दक्षिणा और उपहार भेंट किए। काली मंदिर सहसपुर में चल रहे श्री नव चंडी महायज्ञ में शुक्रवार को बूंदी राजस्थान से पधारे ओमप्रकाश शर्मा सरोज देवी ने मुख्य यजमान के रूप में भागीदारी की। यज्ञ कार्य पंडित राघवेंद्र शर्मा ने कराया। इसी के साथ नवचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति भी हुई। जिसमें मोहनलाल शर्मा मोहित शर्मा विमल कुमार शर्मा अरविंद सक्सेना अजय सक्सेना नितिन सक्सेना, अभिषेक शर्मा, ठाकुर अमित सिंह उमेश चंद्र शर्मा आदि बहुत से श्रद्धालु शामिल रहे। इधर श्री राम मंदिर में दोपहर 12 :00 बजे प्रभु राम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

### धुमधाम से निकला राम नवमी का जुलूस

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर में राम नवमी के शुभ अवसर पर राम मन्दिर से जलूस निकाला गया जिसमें श्री राम श्री हनुमान लक्ष्मण की झाकियां निकाली गई जुलूस में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जुलूस राम मन्दिर से निकल कर मौहल्ला कायस्थान से गुरु जम्भेश्वर मन्दिर से मौहल्ला बिश्नोईयान से घास मण्डी से सोमवार का बाजार से सैनियों वाले मन्दिर से होता हुआ वापस राम मन्दिर पर जाकर समाप्त हुआ जिसमें वरुण गुप्ता व अंशुल गुप्ता व निकेत गांधी व सरजू बिश्नोई व कक्कू मिश्रा अनिल शर्मा अंकुर वर्मा व अमन वर्मा व सुनिल कुमार। व डा राकेश बिश्नोई व मास्टर जयकुमार बिश्नोई व बिनोद कुमार सैनी व रामौतार सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता का स्वागत

**कांठ, अमृत विचार :** किसानो की समस्याओं के कारण संभल जा रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत का ग्राम कुचावली में पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू टिकैत के आवास पर स्वागत किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश सिंह टिकैत संभल कार्यक्रम में जा रहे थे। रास्ते में ग्राम कुचावली में भाकियू टिकैत के पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास पर पहुंचे। जहां पर किसानों की प्रमुख समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह, महासचिव राजवीर यादव, नकुल यादव, अजय कुमार, शक्ति सिंह, रवि चौधरी, कुलवंत सिंह, सतीश सिंह, निर्भय चौधरी आदि रहे।

### घर में घुसकर मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के ग्राम साहू पुनवासी निवासी मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद हनीफ का गांव के ही सैफ अली से पुरानी रंजिश चली जा रही है। 24 मार्च की रात को समय करीब 9 :00 बजे सैफ अली आसिफ शोएब सरताज हाथों में लाठी, डंडे, सरिया लेकर उसके घर में घुस गए और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### सरकार के नौ वर्ष पूरे कार्यक्रम आयोजित

**डिलारी, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधानों पंचायत सहायकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न की गई। कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की स्टॉल लगाए। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी ने की। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन सिंह चौधरी, नरेंद्र पाल सिंह आचार्य, बीडीओ प्रेम सिंह, एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह, एडीओ कृषि मोहित बिश्नोई, एडीओ समाज कल्याण विख्यात चौहान, ग्राम विकास मदनपाल सिंह, समेत कई प्रधान मौजूद रहे।

# प्रबंधक के खाते से धन निकासी पर रोक की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। विद्यालय की साधारण सभा के आजीवन सदस्य युवराज सिंह ने प्रबंधक खाते से हो रही धन निकासी और कथित दुरुपयोग को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय की कृषि योग्य भूमि से प्राप्त आय का दुरुपयोग किया जा रहा है। युवराज सिंह ने आरोप लगाया कि विद्यालय में कार्यरत लिपिक तरुण कुमार ने प्रबंधक व कोषाध्यक्ष से मिलीभगत कर अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान व्यक्तिगत निर्माण कार्य और खेती से संबंधित मजदूरी भुगतान के नाम पर प्रबंधक खाते से धनराशि निकलवाई। अलग-अलग तिथियों में 11,500 रुपये कैलाश सिंह निवासी ग्राम कालेवाला के खाते में भेजे गए। इसके अलावा श्रमिक ललित के खाते में 2,500 रुपये तथा राजमिस्त्री पृथ्वी सिंह के खाते में 3,500 रुपये हस्तांतरित किए गए। इसी क्रम में गर्ग सीमेंट स्टोर के नाम पर भी 39,000 रुपये प्रबंधक खाते से निकाले जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने इन सभी भुगतानों को व्यक्तिगत कार्यों से जुड़ा बताते हुए जांच की मांग की है। पिछले एक वर्ष में विद्यालय के परिचारक नितिन कुमार द्वारा 39,000 रुपये, हर्षित द्वारा 41,500 रुपये और मोहित द्वारा 2,000 रुपये, कुल 82,500 रुपये प्रबंधक खाते से निकाले जाने का भी मामला उठाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि यह धन किस मद में खर्च हुआ और विद्यालय में जमा किया गया या नहीं, इसकी स्पष्ट जांच की जानी चाहिए। युवराज सिंह ने मांग की है कि प्रबंधक खाते से धन आहरण पर तत्काल रोक लगाई जाए और यदि अनियमितताएं साबित होती हैं तो संबंधित कर्मचारियों से धन की रिकवरी की जाए।

## फैशन शो में प्रतियोगियों ने मोहा मन



फैशन शो में शामिल प्रतिभागी।

**कुंदरकी, अमृत विचार:** काजीपुर स्थित हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज, काजीपुर में शुक्रवार को समस्त छात्र-छात्राओं का फैशन शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर कालेज प्रबंधक डॉ. तुफैल अहमद ने विचार व्यक्त किए। प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने बताया कि इससे बच्चों में तरह-तरह की प्रतिभाओं का निखार होता है। प्रतियोगिता ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं, तमसील अहमद ने सभी को शुभकामनाएं दीं तथा बच्चों में उत्साह बढ़ने पर प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

# झोलाछाप ने कराया प्रसव जच्चा, बच्चा की हुई मौत

- पुलिस ने शवों का पंचनामा घर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के चंदौसी रोड पर एक झोलाछाप के यहां पर डिलीवरी के दौरान जच्चा और बच्चा दोनों की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने झोलाछाप चिकित्सक पर गंभीर आरोप लगाए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

बिलारी के मोहल्ला रिशिपुरम निवासी विशाल की पत्नी पिंकी को गुरुवार रात प्रसव पीड़ा हुई। वह उसे डिलीवरी के लिए मोहल्ला हर्षनगर के बीएसएनल टावर के पास स्थित एक झोलाछाप हिना के यहां पर इलाज के लिए ले गया। जहां पहले बच्चा हुआ, उसके बाद महिला की मौत हो गई। हालत खराब होने के बावजूद भी बच्चा को घर भेज दिया। जिसके बाद सबेरे 4 बजे और हालत बिगड़ी तो झोलाछाप ने किसी और चिकित्सक के यहां ले जाने को कह दिया, आनन फानन में परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाए। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण किया और दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद झोलाछाप चिकित्सक अपना क्लीनिक बंद करके फरार हो गई। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि झोलाछाप द्वारा डिलीवरी के दौरान जच्चा बच्चा की मौत के मामले में जांच की जाएगी, देखा जाएगा की क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन है या नहीं है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि परिवार के लोग तहरीर देंगे तो उसे पर मुकदमा दर्ज करके आगे जांच की जाएगी।

# कृषि विशेषज्ञों ने गन्ना की बुवाई के संबंध में किसानों को दी जानकारी

- सहकारी गन्ना समिति में हुआ वार्षिक सभा का आयोजन

संवाददाता, कांठ



क्षेत्र के किसानों को संबोधित करते सभापति। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कुछ समय बाद ही चीनी मिल बंद होने वाले हैं। इस विषय को लेकर सहकारी गन्ना समिति में सभा का आयोजन कर किसानों को संबोधित किया गया।

शुक्रवार को सहकारी गन्ना समिति कांठ के प्रांगण में साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रानी नांगल , स्योहारा और दीवान शुगर मिल के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और क्षेत्र से आए किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। दीवान शुगर मिल के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया की किसानों को भटकने की जरूरत नहीं है जो किसान गन्ने की खेती कर रहे हैं उनको खु गन्ने के बीज की प्रजाति का क्या नाम है और कितनी मात्रा से बुवाई करनी है। त्रिवेणी शुगर मिल के प्रतिनिधि ने बताया कि 20 मार्च तक का भुगतान किसानों को कर दिया गया है। जिन किसानों की शेष राशि बकाया है भुगतान कर दी जाएगी। ग्राम सादकपुर खिचड़ी के किसान रघुवीर ने बताया कि पर्चियां बहुत कम आ रही हैं, उनकी मात्रा बढ़ाई जाए। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि आज की सभा में जो भी किसानों द्वारा जो समस्या बताई गई है उन बिंदुओ को अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। अंत में सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जो भी किसानों की समस्या है और शुगर मिल की तरफ से जो भी परेशानी उत्पन्न हुई है उसको शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

# तेल की कमी नहीं, पंप स्वामियों ने अफवाहों पर लगाया विराम

- पंप स्वामियों ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें उपभोक्ता
- अनावश्यक रूप से न करें पेट्रोल डीजल और गैस की खरीदारी

संवाददाता, मूंढापांडे

**अमृत विचार :** ईरान और अमरीका-इजरायल के बीच चल रहे युद्ध को लेकर एलपीजी गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अफवाहों का माहौल गर्म है। अनावश्यक रूप से हो रही पेट्रोल-डीज़ल की खरीदारी ने लोगों में असमंजस का माहौल बना दिया। जिससे अचानक से पेट्रोल-डीज़ल की खरीदारी में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि दर्ज़ की गई है।

मूंढापांडे क्षेत्र के लालाटीकर में स्थित देवशंकर किसान सेवा केंद्र (इंडियन ऑयल) पंप स्वामी संजय चौधरी से शुक्रवार को अमृत विचार ने पेट्रोल-डीज़ल की कमी को लेकर क्षेत्र में अफवाहों के गर्म माहौल को लेकर खास संवाद किया। इस दौरान देवशंकर किसान सेवा केंद्र (इंडियन ऑयल) पंप स्वामी संजय चौधरी ने पेट्रोल-डीज़ल की कमी को लेकर अफवाहों पर पूर्णता विराम लगा दिया। उन्होंने कहा— पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं। अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया। पंप स्वामी संजय चौधरी ने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीज़ल की खरीदारी से बचे। पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीज़ल उपलब्ध है।आवश्यकता पढ़ने पर ही पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करें। पंप पर तेल की कोई कमी नहीं है। प्रमाणित खबरों पर ही विश्वास करें।



पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेता बाइक सवार। ● अमृत विचार



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

# विधायक ने किया चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** विधानसभा कांठ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। दूर-दराज़ से आए लोगों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक एवं जनहित से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं।

क्षेत्रीय सपा विधायक कमाल अख्तर ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित और प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा उनका प्रथम कर्तव्य है और किसी भी पीड़ित को न्याय दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह यादव, अमजद अली, डॉ. दानिश, अंजार चौधरी, शकलेन चौधरी, मुजीब चौधरी, अब्दुल हकीम सैफी, राशिद सैफी, मुजाहिद चौधरी आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसकर युवक पर जानलेवा हमला

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बहेड़ा वाला वार्ड नंबर-7 में घर में घुसकर मारपीट और धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहम्मद आसिम पुत्र कदीर अहमद निवासी बहेड़ा वाला वार्ड नंबर-7 ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 17 मार्च को शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर घरेलू कार्य कर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के सलीम पुत्र मुनीम अहमद, मुनीम अहमद, परवीन पत्नी सलीम और शफीकन पत्नी मुनीम अहमद गाली-गलौज करते हुए उसके घर में घुस आए। आरोप है कि मना करने पर सभी आरोपी एकजुट होकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उसके सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत गंभीर देखते हुए पुलिस ने उसे ठाकुरद्वारा में मेडिकल के लिए भेजा है।

# रामनवमी पर पुलिस कर्मियों ने चौकी में किया हवन-पूजन



चौकी में हवन करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र गागन चौकी में रामनवमी के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया। धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस ने समाज में भाईचारा और शांति का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई जिसमें थाना प्रभारी किरनपाल सिंह और चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने यज्ञ में आहुति डालकर देश और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान आसपास के क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और कार्यक्रम में भाग लेकर धार्मिक माहौल को और भी भव्य बना दिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता बढ़ती है और आम जनता व पुलिस के बीच आपसी विश्वास मजबूत होता है।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### राम नवमी पर व्रत खोलकर जिमाईं कन्या और बरूआ

**अमृत विचार, ढकिया :** राम नवमी के मौके पर शुक्रवार को आदि शक्ति के नवमे स्वरूप माता सिद्धीदात्री की विशेष पूजा अर्चना की गई। चैत्र नवरात्र के व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने राम नवमी के दिन सवेरे मां सिद्धिदात्रि की पूजा अर्चना करके छोटे बच्चों को कन्या बरूओं के रूप में जिमाया और उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया। साथ ही कन्या और बरूओं को उपहार भेंट कर अपना व्रत खोला। रामनवमी के दिन ढकिया क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अदभुत वातावरण देखने को मिला।

### परीक्षा से अनुपस्थित रहे 15 परीक्षार्थी

**रामपुर अमृत विचार :** सीबीएसई 12वीं की बायोलॉजी की परीक्षा से 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 994 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 979 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिले में 13 परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को बायोलॉजी की परीक्षा हुआ। परीक्षा के दौरान दो उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की। रेशमा ने बताया कि उसका पेपर अच्छा हुआ है जो प्रश्न तैयार किए थे वही प्रश्न पत्र में पूछे गए।

### पुलिस ने बरामद की खैर की लकड़ी



**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने खैमरी गांव से एक व्यक्ति के मकान से खैर की लकड़ी बरामद की है। चौकी प्रभारी योगेश सिंह ने बताया कि गांव के बलदेव सिंह के मकान में छापामार कार्रवाई के दौरान खैर की लकड़ी के 15 बोटे बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का भी प्रयास किया। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बरामद लकड़ी को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। साथ ही आरोपी बलजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### रंजिश में युवक पर हमला किया

**बिलासपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया क्षेत्र में दबंगों ने रंजिशन युवक को लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अहरो निवासी जमील अहमद के अनुसार उसका पुत्र इमरान बाल कटवाने नाई की दुकान पर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में गांव के ही शादाब खां, आकिब खां, अमान खां, इरशाद खां ने उसे रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने इमरान पर हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो झोलाछापों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी ने सील किए नगर के दो क्लीनिकों के झोलाछाप संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी की टीम ने नगर में चल रहे बच्चों का अवैध क्लीनिक व अजीम के क्लीनिक को सील किया था।

## राम नवमी : आदर्श रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, नामित सभासद सम्मानित

# बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं...



आदर्श रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित आदर्श रामलीला मैदान में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। मंच पर भगवान राम दरबार में कलाकारों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद के 5 नामित सदस्यों को सम्मानित किया गया।

● **मंच पर भगवान राम दरबार में कलाकारों ने बांधा समां**

मंच पर विष्णु लक्ष्मी जी का संवाद एवं गीत ने लोगों का मन मोहा। ढोल नगाड़ा बाजे मृदंग बाजे, बजे खड़ताल, राम के भजन में होके मगन देखो, घुंघरू बांधे नाचे अंजनी को लाल। आनंद कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने फौज में भर्ती देश पे मर मिटने वाले जवानों की स्थिति संदेशे आते हैं गीत पर समा बांध दिया। सांची अरोड़ा, अंशिका एवं श्रेया ने राम गीत पर नृत्य किया। नगर पालिका में नामित सदस्य अजय अरोड़ा, पीयूष कुमार, मुकेश रस्तोगी एवं विवेक विश्नोई को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धनंजय पाठक, सुभाष चंद्र नंदा, सूर्य प्रकाश पाल, महेश जुनेजा, हरिओम गुप्ता, सुमित अग्रवाल, राजीव मांगलिक, अनिल वशिष्ठ, मनोज गर्ग, भारत भूषण गुप्ता, शैलेंद्र शर्मा, आरके जैन, हरिओम गुप्ता, वीरेंद्र गर्ग, मुनीष शर्मा, अनूप अग्रवाल, राजीव सिंघल, सतीश चंद भाटिया मौजूद रहे। संचालन अंकित रस्तोगी ने किया।

### राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली शोभायात्रा



**ढकिया, अमृत विचार :** राम नवमी के मौके पर राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की प्रतिमाओं की मंदिर में प्रांण प्रतिष्ठा की गई। मूर्तियों की प्रांण प्रतिष्ठा होने से पूर्व गुरूवार शाम को कस्बे में डीजे पर बज रहे भजनों के साथ राम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जमकर भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ाया और जय श्रीराम के नारे लगाए। जिससे कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। कस्बे में खान सिंह जनता इंटर कालेज के समीप स्थित मढ़ी पर श्रद्धालुओं द्वारा एक मंदिर में राम दरबार की स्थापना करने के लिए आगरा से राम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की मूर्तियां लाई गईं। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे पर बज रहे भजनों पर श्रद्धालु थिरकते हुए व अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पंडित मनोज शर्मा ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद राम दरबार की मढ़ी वाले मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराई। पूजा अर्चना में डा. गिरिराज सिंह, संजीव कुमार सिंह, सोनू सिंह, संजीव माहेश्वरी, कृष्णपाल सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह, गजराम सिंह, बीटू सिंह, राजपाल सिंह, यशपाल सिंह, भुवनेश माहेश्वरी, पूरन सिंह, ओमपाल सिंह चौहान, जसवीर सिंह, अंकित माहेश्वरी, बादल माहेश्वरी, विशाल, दीपक, रनवीर, उर्मेश, धीरज, पुनीता, कुसुम, रेखा आदि श्रद्धालुओं ने विशेष सहयोग प्रदान किया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भजन कीर्तन कर प्रसाद वितरण किया गया।

# जिले के मंदिरों में नवमी को हुई मां सिद्धिदात्रि की पूजा-अर्चना

## मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का श्रृंगार करके महाआरती के बाद भक्तों में वितरित किया प्रसाद, घरों में जिमाईं गईं कन्याएं, लिया आशीर्वाद

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिले भर के मंदिरों में नवमी पर भजन कीर्तन और हवन हुआ। घरों में कन्याएं जिमाई गईं और जगह-जगह भंडारे हुए। मां सिद्धिदात्रि का श्रृंगार कर पूजा अर्चना हुई। यज्ञ में आहुतियां देकर जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम मां सिद्धदात्रि है। मंदिरों में महाआरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया।

शक्ति पीठ श्री त्रिपुरेश्वरी मंदिर में सुबह डॉ. राधेश्याम वासंतेय ने हवन कराया और दोपहर से शाम तक भंडारा हुआ। शहर के बाजार मिस्टन गंज स्थित शक्ति दरबार मंदिर में नवमी देवी सिद्धिदात्री का श्रृंगार पूजन किया गया। इसके बाद पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने यज्ञ अनुष्ठान कर कन्या पूजन किया। आरती में शामिल रहे पंचामृत हलुआ, खीर, पूरी, चने, फल, मेवा का प्रसाद वितरित किया गया। महाआरती में डॉ. दिलीप कपूर, प्रदीप कपूर, प्रीति कपूर, रश्मि, अन्नू, सोती, सुधा पांडेय, पल्लवी, शारदा, सौरभ कुमार पांडेय, पंडित नारायण, गोमती देवी मिश्रा, प्रतीक जिंदल, श्रुति जिंदल, मुकेश कुमार रावत, पंडित विश्वनाथ शर्मा, राजेंद्र सिंह, मंजू, मीना, रश्मि अग्रवाल, पूजा, मृदुला मौजूद रहे। शक्ति पीठ श्री त्रिपेरुश्वरी मंदिर में हवन यज्ञ हुआ।



शक्तिपीठ में हवन करते डॉ. राधेश्याम वासंतेय। ● अमृत विचार



शक्ति दरबार मंदिर में हवन करते भक्त। ● अमृत विचार



नवमी को कन्याएं जिमाती भक्त। ● अमृत विचार

### माता के जयकारों के साथ निकाली मां दुर्गा की ज्योति शोभायात्रा



**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्रद्धालुओं ने चैत्र नवरात्र महोत्सव के दौरान दुर्गा मां के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं रामनवमी के पर्व पर नगर में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की ज्योति शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार की सवेरे 10 बजे मोहल्ला डाम कालोनी स्थित मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर से मां दुर्गा जी की ज्योति की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भव्य रुप से सजाई गई पालकी में मां दुर्गा जी की ज्योति को विधि-विधान से विराजमान किया गया। जिसे श्रद्धालु कंधों पर उठाकर लेकर चल रहे थे। मां की पालकी के पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा पुन: मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पहले मंदिर के महंत रविराज स्वरूप भटनागर ने झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, राज्यमंत्री पुत्र गुरकीरत सिंह औलख, पारुल अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा तथा प्रसाद वितरण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सरोज मिश्रा, राकेश मदान, रामानंद शर्मा, नवीन शर्मा, राजाराम कश्यप, अरविंद गुप्ता, अनिल शर्मा, सोमदत्त, रितिक शर्मा, शाक्ति सिंह, विजय कुमार, पंकज कुमार, पवन, आकाश रस्तोगी, विशाल शर्मा, सुनील कुमार आदि श्रद्धालु शामिल रहे। उधर, सुरक्षा दृष्टि के चलते प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी योगेश सिंह पुलिस बल के साथ शामिल रहे।



गोसेवा गोपाल सेवा समिति के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

### कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर किया चरण स्पर्श

**रामपुर, अमृत विचार :** पुरानी आवास-विकास कालोनी में शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर गो सेवा गोपाल सेवा समिति द्वारा भंडारा किया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन से हुई, जिसमें कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण स्पर्श किए गए तथा उन्हें चुनरी भेंट की गई। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य टीटू, संजीव यादव, संजय अग्रवाल, नरेश गुप्ता, महेंद्र कुमार, अमित कुमार, लक्की, प्रभाकर आदि का सहयोग रहा।



बिलासपुर में शोभा यात्रा में शामिल भक्त। ● अमृत विचार

### कन्याओं का पूजन कर कराया भोजन

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के धनेली पूर्वी स्थित श्री कदम वृक्ष मंदिर के महंत पंकज दास महा त्यागी के द्वारा श्री रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में कन्याओं का विधि विधान से पूजन हुआ। मंदिर परिसर में जय दुर्गा मां के जय घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद मंदिर के महंत पंकज दास महा त्यागी के द्वारा कन्याओं को प्रसाद तथा दक्षिणा देकर कन्याओं को भोजन कराया गया। इस अवसर पर राम बहादुर गंगवार, जसवंत, प्रदीप, अशोक शर्मा, विजय पांडे आदि मौजूद रहे।



श्री कदम वृक्ष मंदिर में कन्याओं को भोजन कराते महंत। ● अमृत विचार

### श्री मां भद्रकाली वैष्णो मंदिर पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

**संवाददाता बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री मां भद्रकाली वैष्णो मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा रामनवमी के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मोहल्ला सिनेमा रोड स्थित मंदिर परिसर में हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आहुतियां दी गई। बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूरन कश्यप, विष्णु सैनी, विक्की भारती, अमन राठौर, आकाश सैनी, रजनी कश्यप, नीतू कश्यप, प्रमिला कश्यप, विशाल कश्यप, सनी कश्यप, सोनू सैनी, राजू सैनी आदि मौजूद रहे।

# शंकर-पार्वती और राधा-कृष्ण के रूप में खेली फूलों की होली



आदर्श कालोनी में कथा करते व्यास देवराज महाराज। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में शुक्रवार की दोपहर श्रीमद्भागवत कथा में जयपुर से पधारे व्यास देवराज महाराज ने शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण संग फूलों की होली मंच पर वृंदावन कलाकारों द्वारा खिलवाई। सारा पंडाल होली के रंग में भगवान श्री कृष्ण के साथ रास के रंग में रंग गया।

कथा में व्यास जी ने कहा कि जब श्री कृष्ण गोपियों के संग रास रचाते थे तब उसे रासलीला में एक भी पुरुष नहीं रहता था। किंतु रास देखने के लिए भगवान शिव ने गोपी का रूप धारण किया। कृष्ण जी ने रास में भगवान शिव को फिर भी पहचान लिया रास में पहचाने जाने पर भगवान गोपी से गोपेश्वर महादेव के नाम से जाने जाने लगे। कथा विश्राम दिवस पर व्यास जी ने नौ देवियों की महिमा का वर्णन किया तथा बताया की किस देवी में मां की उपासना से क्या फल मिलता है। मुख्य यजमान शलभ गुप्ता द्वारा पूज्य व्यास जी एवं आचार्य का पूजन किया गया। कथा में डीआईजी सीआरपीएफ राजेंद्र रावत, अरुण तिवारी, डॉ. विक्रम लाल, विकास सक्सेना, बबली, प्रमोद पांडेय, सुनील कौशिक, सीताराम शर्मा, नरेश, प्रवीण भांडा, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

● **आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा**

# थाना मिलक में पुलिस कर्मियों ने किया कन्या पूजन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को थाना मिलक खानम परिसर में कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

● **नारी सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण बढ़ाना उद्देश्य**



कन्या पूजन के बाद बेटियों के साथ पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# राशनकार्ड विहीन किसान फेमिली आईडी बनवाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे जिले के सभी किसान, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं। ऐसे लगभग 25,000 कृषक अपनी फैमिली आईडी शीघ्र बनवा लें।

इसके लिए कृषक स्वयं के एंड्रॉयड फोन, नजदीकी जन सेवा केन्द्र, पंचायत सहायक अथवा कृषि विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। फैमिली आईडी बनवाने हेतु परिवार के मुखिया एवं अन्य सभी सदस्यों के आधार कार्ड तथा उनसे लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि किसान कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, पंचायत सहायकों अथवा किसी भी जन सेवा केन्द्र के माध्यम से फैमिली आईडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आधिकारिक वेबसाइट familyid.up.gov.in पर जाकर स्वयं भी ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

# पीलाखार नदी पर पुल निर्माण को भूमि पूजन



पीलाखार नदी पर पुल निर्माण के लिए भूमि पूजन करते राज्यमंत्री औलख। ● अमृत विचार

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री बलदेव औलख ने विकासखंड तहत ग्राम जगतपुर और ग्राम रजपुरा के मध्य पीलाखार नदी पर सेतु निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ किया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के 9 साल की उपलब्धियां की जानकारी जनता को दी। उन्होंने कहा कि इस पुल के बनने से क्षेत्र की जनता को लाभ होगा। क्षेत्र के 26 ग्रामों का रास्ता सीधे-सीधे तहसील और ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ जाएगा। यह परियोजना क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान करेगी। कार्यक्रम का संचालन भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रजनीश पटेल ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार, बिलासपुर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, शुभांक प्रकाश जगत पाल सिंह, भागीरथ सिंह गंगवार, नंदकिशोर गंगवार, रमेश गंगवार, सरदार गुरकीरत सिंह औलख, राम औतार, भूपराम, यशपाल गंगवार, अनिल गंगवार, आंगनलाल लोधी, राम सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## सांसद ने मस्जिदों और इबादतगाहों का मुद्दा उठाया



रामपुर, अमृत विचार : संसद सत्र के दौरान रामपुर सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने लुटियंस जोन और सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के दायरे में आने वाली ऐतिहासिक और मजहबी विरासतों के संरक्षण का मुद्दा पूरी मजबूती से उठाया। उन्होंने कहा कि विकास की आड़ में हमारी सदियों पुरानी विरासत को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सासद ने कहा कि हमें डर है कि अदालत का सहारा लेकर जो भरोसा दिलाया जाता है, सरकार उसे पूरा नहीं करती। 400 साल पुरानी मस्जिद के मामले में भी झूठा वादा किया था। सांसद नदवी ने सरकार से तमाम मजहबी मकामात, जो हेरिटेज हैं, उनका संरक्षण का ठोस भरोसा दिया जाए। ये जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

सैफनी, अमृत विचार : खेत पर सिंचाई करके घर आते समय किसान ट्रैक्टर के नीचे दब गया। जिससे घायल किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव निवासी पूर्व प्रधान पदम सिंह के पुत्र लोकेश (22) खेती किसानी करते थे। ग्राम प्रधान अंसार अहमद ने बताया कि गुरुवार की शाम लोकेश ट्रैक्टर ले कर आ रहे थे। इसी दौरान नदी घाट पर ट्रैक्टर पलट गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मुरादाबाद में इलाज के दौरान लोकेश की मौत हो गई।

## मनोनीत पार्षद बनने पर चंद्रभान का स्वागत

मिलक, अमृत विचार : तहसील परिसर मिलक में वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश कुमार बंसल, बसंत कुमार एडवोकेट एवं मोहम्मद दानिश राजा खान द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से चंद्रभान मित्तल को नगर पालिका परिषद मिलक का नॉमिनेट पार्षद नियुक्त किए जाने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अगापुर विशंभर सिंह, सभासद अमरीश बाबू सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# गैस की किल्लत, सालों बाद जले चूल्हे

## गैस एजेंसियों पर घंटों इंतजार कर रहे लोग, सिलेंडर न मिलने पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी पर खड़े लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : घरों में गैस खत्म हो गई है, जिसके कारण सालों बाद घरों चूल्हे जले हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने गरीब से गरीब की रसोई से भी लकड़ी का चूल्हा खत्म करा दिया था, लेकिन अब कई साल बाद रसोई से धुआं उठता दिखाई दे रहा है। लोगों की सरकार से मांग है कि गैस की समस्या का समाधान कराए। गैस नहीं मिलने पर लोग परेशान हैं और एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद गैस का संकट गहरा गया है। हालांकि सरकार ने दावा किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है। लेकिन इसके बावजूद लोगों को एजेंसियों पर गैस नहीं मिल रही है। गैस एजेंसियों पर बच्चे भी गैस सिलेंडर पर बैठकर नंबर आने का इंतजार करते रहे। घरों में लकड़ी का चूल्हा जलने की नौबत आ गई है। गृहणियों को लकड़ी का चूल्हा जलाने में पसीने छूट रहे हैं। इंडक्शन और बिजली के चूल्हे बिल ज्यादा आने की वजह से नहीं जलाए जा रहे हैं। खाड़ी देशों, ईरान, अमेरिका और इजराइल में जंग छिड़ने के बाद जिले में गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है। जबकि सरकार का दावा है कि गैस की कोई कमी नहीं है। घरों पर गैस नहीं है लोग गैस के लिए परेशान हो रहे हैं सुबह से गैस एजेंसी पर पहुंचकर गैस दिए जाने की मांग करते हैं।



गैस के लिए फोन कर रहे हैं जोकि कोई जवाब नहीं मिल रहा है। गैस बुक कराने के बाद ओटीपी का मैसेज भी नहीं आ रहा है। एक सप्ताह से घर के रसोई की गैस खत्म हो गई है।
– विपिन सक्सेना



गैस के लिए केवाईसी करा ली है। केवाईसी नहीं होने पर लोगों को गैस सिलेंडर मिलने में परेशानी हो रही है। बाद की परेशानी से बचने के लिए लोग अपनी केवाईसी करा लें। – प्रेम शंकर



घर में सिलेंडर खत्म हो चुका है। गैस बुकिंग किए कई दिन हो गए, गैस नहीं मिली है। एजेंसी पर कहा जाता है कि केवाईसी नहीं है कभी कहते हैं कि ओटीपी नहीं आया है।
– चंद्रपाल



गैस की दिक्कत है रसोई में चूल्हे पर खाना बन रहा है। सरकार लोगों की समस्या का समाधान कराए। सरकार का दावा है कि गैस की कमी नहीं है लेकिन गैस मिल भी नहीं रही। – धर्मपाल

## मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार

मिलक, अमृत विचार : थाना भोट व थाना मिलक ने चैकिंग के दौरान एक गोकशी के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान ग्राम ढक्का हाजीनगर से पहले भट्टे के पीछे कच्चे जंगल के रास्ते पर संदिग्ध व्यक्तियो को रूकने का ईशारा किया।

संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी भूरा निवासी ग्राम ढक्का हाजीनगर थाना अजीमनगर को गिरफ्तार कर लिया। अन्य दो बदमाश मौके से फरार हो गए। आरोपी के पास से 315 बोर तमंचा, 1 नाल में फसा खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस और 800 रुपये बरामद किए हैं। वहीं गौकशी के उपकरण के साथ एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी शादाब व नाजिम निवासी ग्राम खंडिया थाना अजीमनगर के साथ मिलकर एक गोवंशीय पशु को थाना मिलक क्षेत्र के पंजाब ढाबा के सामने जंगल में कुछ दिन पहले काटा था। जिसका मांस बेचकर उससे मिले पांच-पांच हजार तीनों ने बांट लिये थे।

## श्रीहरिकोटा से लौटे छात्रों का किया भव्य स्वागत



श्रीहरिकोटा से लौटे विद्यार्थियों का हुआ स्वागत। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम 2025–26 के तहत जिले के मेधावी छात्रों के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र का शैक्षिक भ्रमण कर लौटने पर रामपुर में स्वागत हुआ।

उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहा कंपोजिट विकासखंड मिलक के छात्र मनप्रीत एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जुठिया, नगर क्षेत्र की छात्रा सानिया को 23 मार्च को रवाना हुए थे। छात्रों ने बुधवार को अंतरिक्ष केंद्र का भ्रमण कर रॉकेट प्रक्षेपण एवं अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। शुक्रवार को वापस होने पर बीईओ बबीता सिंह ने विद्यालय परिवार के साथ फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान विज्ञान एआरपी पृथ्वी सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। वहीं बीएसए कल्पना देवी एवं डायट प्राचार्य अशोक कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनप्रीत ने बताया कि पहली बार हवाई यात्रा और प्रक्षेपण केंद्र देखना सपना पूरा होने जैसा रहा। वहीं सानिया ने कहा कि यह अनुभव मेरे जीवन का यादगार पल है, इसे हमेशा संजोकर रखूंगी।

## सूफी अब्दुल अजीज मियां के उर्स मे हुई चादरपोशी



हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां की दरगाह पर चादरपोशी करते अकीदतमंद।

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: शहीद-ए-मिल्लत अजीज-उल-औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का 56वें सालाना उर्स के दूसरे दिन शुक्रवार को आम चादरपोशी में भीड़ रही।

चादरपोशी के बाद गुलपोशी कर अमन चैन की दुआ की गई। तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह सूफ़ी अजीज मियां के सालाना उर्स पर शुक्रवार को बाद नमाज-ए-असर आम चादरपोशी के अलग अलग जुलूस खानकाहे हसनी, अजीजी लियाकती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से शुरू हुए। इस दौरान जुलूस निकाला गया। नमाज-ए- ईशा महफिले मिलाद शरीफ और महफिले शमा का आयोजन हुआ।

## नए अध्यक्षों के देखरेख में पार्टी को मिलेगी मजबूती

शाहबाद, अमृत विचार : पूर्व ब्लॉक प्रमुख व सपा नेता हरज्ञान सिंह ने तालिकाबाद स्थित अपने आवास पर स्वागत कार्यक्रम किया। जिसमें शाहबाद तहसील के जावेद खां व मिलक तहसील के प्रमोद गंगवार को अध्यक्ष बनाये जाने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

हरज्ञान सिंह ने कहा कि नए अध्यक्षों की देखरेख में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मुख्यातिथि पूर्व प्रमुख व वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य इरशाद हुसैन ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं होना होगा। इस मौके पर पूर्व विधायक विजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पति वसीम खां, डॉ. सुरेंद्र यादव, शिशुपाल सिंह, राजवीर सिंह, लायक मियां, हाजी सलीम कुरैशी, दाताराम दिवाकर, सुनील पांडेय, घनेंद्र यादव आदि रहे।

## रामपुर क्रिकेट लीग 30 मार्च से होगी शुरू

संवाददाता, रामपुर



क्रिकेट प्रतियोगिता की जानकारी देते आरसीए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● प्रेसवार्ता में आयोजकों ने दी जानकारी

अमृत विचार : भारत गार्डन में शुक्रवार को रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से प्रेसवार्ता हुई। एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान हुसैन ने कहा कि 30 मार्च को रामपुर के खिलाड़ियों के लिए एक ऐतिहासिक क्रिकेट प्रतियोगिता होने जा रही है। जिसमें 10 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध है और उसके समस्त नियम व शर्तों का पालन किया जाएगा। टूर्नामेंट संयोजक नितिन कुमार तथा आलम ने कहा कि यह एक प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट है। जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया। टूर्नामेंट कार्यसमिति के सदस्य नावेद ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सदस्य राज्यसभा एवं डीएस चौहान रिटायर्ड आईपीएस, पूर्व डीजीपी एवं निदेशक उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 30 मार्च को किया जाएगा। टीमों को दो ग्रुप्स में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में पांच टीमों का चयन किया गया है। ग्रुप ए में रामपुर किंग्स , रामपुर एवेंजर्स , रामपुर टाइटंस , रामपुर चैलेंजर्स और रामपुर स्ट्राइकर्स तथा ग्रुप बी में रामपुर वॉरियर्स, रामपुर ब्लास्टर्स, रामपुर मेवरिक्स, रामपुर ग्लेडिएटर्स और रामपुर रॉयल्स टीमें हैं। इस अवसर पर रामपुर क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अथर अली, अम्बर वशिष्ठ सहित सभी टीम मालिक और एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## किसान के समृद्ध होने पर मिलेगी कर्ज से मुक्तिः टिकैत

रामपुर, अमृत विचार : भाकियू टिकैत की महापंचायत में रामपुर के जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह गिल के नेतृत्व में सैकड़ों किसान चंदौसी के बेरनी पहुंचे। महापंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ जो योजनाएं लाती है उसमें सुधार करें, ताकि किसान समृद्ध हो सके। किसानों के समृद्ध होने से ही उसे कर्ज के बोझ से निजात मिल सकती है। शुक्रवार की सुबह भारी तादाद में किसान चंदौसी के लिए रवाना हुए। महापंचायत में रामपुर के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें जिला प्रवक्ता निरबजीत सिंह, सर्वजोत सिंह, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह चीमा, कुलबीर सिंह, प्यारा सिंह, होरीलाल, अजीत ठाकुर, नाजिम, गुरपेज सिंह, नारायण सिंह रहे।

## कार्यकर्ताओं का भाजपा में ही सम्मान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



ग्राम पजाबा में प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं से बात करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

● ग्राम पजाबा में आयोजित हुआ प्रशिक्षण शिविर

अमृत विचार : बिलासपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पजाबा में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कोई भी मेहनती कार्यकर्ता कभी भी जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

इसलिए कार्यकर्ता कभी भी अपने आप को पद के लिहाज से छोटा न आंके। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को मेहनत से काम करने की अपील की। बिलासपुर विधानसभा के ग्राम पजाबा में प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस, बसपा और समाजवादी पार्टी परिवारवाद का प्रतीक हैं। वहां कोई कार्यकर्ता कभी आगे नहीं बढ़ सकता। सिर्फ बड़े नेता से लेकर उसकी पीढ़ी दर पीढ़ियां ही वह जिम्मेदारी संभालती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आगामी पंचायत चुनाव को लेकर तैयारी शुरू कर दें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यदुवंशी, रोहतास मौर्य, राहुल गुप्ता, दुर्गेश गंगवार, अजय बाबू गंगवार, चेतन स्वरूप मौर्य, भूपराम मौर्य, अवधेश गंगवार, हिमांशु गंगवार, सत्य प्रकाश लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

## शहर काजी अनस मियां की हुई दस्तारबंदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहर काजी की गुलपोशी की गई।

● शहर कोतवाली की मस्जिद के इमाम के आवास पर हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार: शहर कोतवाली की मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद उमैर मुजद्दी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शहरकाजी बनने पर सैयद अनस मियां की शुक्रवार को दस्तारबंदी हुई। इस मौके पर गुलपोशी भी की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत कारी आजम खां की तिलावते कुरआन मजीद से हुई। इसके बाद नात पाक पेश की गई। मौलवी खुशनूद मियां ने कहा कि अल्लाह की मसलहत को वही जान सकता है जैसे उसकी मर्जी हो बंदे को वैसे ही काम करना चाहिए। काजी शहर ने मुल्को कौम की तरक्की के लिए दुआ करने के साथ उमैद मुजद्दी के पिता याकूब मुजद्दी की मगफिरत के लिए भी दुआ कराई। इस मौके पर मोहम्मद आदिल मुजद्दी, हाफिज इमादुल्लाह खां, मोहम्मद जुनैद मुजद्दी, मुसव्विर मुजद्दी, मोहम्मद खालिद मुजद्दी, मौलवी मुज्तबा खां, मोहम्मद असद मुजद्दी समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

## निषादराज की जयंती को लेकर हुई बैठक

बिलासपुर, अमृत विचार : पांच अप्रैल को निषादराज जयंती को लेकर तुरैहा मछुआ समाज ने सिनेमा रोड़ स्थित श्री दुर्गा मंदिर में बैठक की। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज के बैनर तले समाज के सभी लोग एकजुट होकर जयंती मनाएं। उन्होंने पांच अप्रैल को रामपुर स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित निषादराज जयंती में बढ़-चढ़कर कर शामिल होने का आह्वान किया। इस मौके पर बाल किशोर तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, रामकिशोर तुरैहा, प्रमोद कुमार, नेमचन्द्र, ओमप्रकाश, सीताराम, विनोद कुमार, कोमल कुमार, नीरज कुमार, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, राहुल तुरैहा, मोहित तुरैहा, शिवकुमार, मुरारीलाल आदि मौजूद रहे।

## ऑडिटोरियम के लिए हुआ भूमि पूजन



जीडी गोयनका स्कूल में भूमि पूजन करते प्रबंध समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

बिलासपुर, अमृत विचार: जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आधुनिक सुविधाओं को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन नए ऑडिटोरियम ग्रैंड एक्सपेंशन के निर्माण को लेकर शुक्रवार भूमि पूजन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन अतुल गोयल, निदेशक रोहित गोयल, रुचि गोयल, निधि गोयल, मुकुंज गोयल, शिवाली गोयल, सनी वर्गीस और प्रिंसिपल रूपाली पुरी ने विधि-विधान के साथ भूमि का पूजन किया।

## 72 घंटे में मिलेगा नया पीएनजी कनेक्शन, आपूर्ति सामान्य

संवाददाता, रामपुर

● डीएम ने कहा समस्या के समाधान को टोल फ्री नंबरों पर करें कॉल

अमृत विचार : जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान बताया कि रामपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 657 पीएनजी कनेक्शन सक्रिय हैं। आपूर्ति सामान्य है। इच्छुक उपभोक्ताओं को 72 घंटे के भीतर नया कनेक्शन ले सकते हैं।

रामपुर जिले में पेट्रोल, डीजल एवं गैस की आपूर्ति पर्याप्त एवं सामान्य स्थिति में है। पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता के संबंध में बताया कि विभिन्न कंपनियों के माध्यम से जिले में कुल 1609 किलोलीटर पेट्रोल एवं 2547 किलोलीटर डीजल उपलब्ध है। इसमें आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, रिलायंस एवं नायरा कंपनियां शामिल है। घरेलू गैस को लेकर बताया कि जिले में कुल 21,644 सिलेंडर उपलब्ध हैं। वर्तमान में 19,794 बुकिंग के सापेक्ष 10,831 डिलीवरी की गई है, जबकि शेष बैकलॉग को तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के संबंध में बताया गया कि वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति की जा चुकी है। इन सिलेंडरों का वितरण प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों, सरकारी संस्थानों एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठानों को किया जा रहा है। जिलेवासियों को आश्वस्त किया कि पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की उपलब्धता पूरी तरह नियंत्रण में है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। आमजन से अपील की है कि अनावश्यक रूप से भंडारण न करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 18002700492 एवं 7409900090 जारी किए गए हैं।

समस्या

पुल बंद होने पर किटप्लाई और आगापुर रोड से 10 किमी का पड़ रहा फेर, मरम्मत के चलते 56 दिन के लिए बंद किया गया है राम रहीम फ्लाईओवर

# जान जोखिम में डालकर पटरियों से गुजर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पनवड़िया मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



जान जोखिम में डालकर रेल पटरियों से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राम-रहीम पुल (फ्लाईओवर) होने से कुछ लोग शार्ट कट के चक्कर में जान जोखिम में डालकर रेल की पटरियों से गुजर रहे हैं। कुछ लोग सीढ़ियों से पुल पर चढ़कर क्रासिंग पास कर रहे हैं। पनवड़िया और आगापुर रोड से होते हुए लोगों को 10 किमी का फेर पड़ रहा है। जबकि महिलाएं जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रेक पार कर रहे हैं।

सिविल लाइंस से ज्वालानगर को जोड़ने वाले राम-रहीम पुल की मरम्मत के मद्देनजर 20 मई तक के लिए गुरुवार से बंद कर दिया गया है। राम-रहीम पुल आवाजाही के लिए बंद होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल पर मरम्मत के चलते हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। पुल बंद होने के कारण शार्ट कट के चक्कर में लोग थाना सिविल लाइंस के निकट क्रासिंग पर लोग पैदल गुजर रहे हैं। जबकि रेलवे क्रासिंग पार करते हुए बहुत लोग मौत के मुहं में पहुंच चुके हैं। लोगों की मांग है कि राम रहीम पुल बंद करने से पहले लोगों को पैदल चलने के लिए भी रास्ता होना चाहिए। मरम्मत से पहले फुट ओवर ब्रिज बनाना चाहिए था।



राम–रहीम पुल बंद होने से सिविल लाइंस तक पहुंचने और वहां से आने में परेशानी हो रही है। पुल की मरम्मत होने के बाद लोगों को आवाजाही में सुविधा हो जाएगी।
–पूनम शर्मा



पुल की मरम्मत 20 मई तक होगी। इतने लंबे समय में पटरियां पार करने वाले लोग दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। पटरियों पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करानी चाहिए।
– सुधा सिंह



राम–रहीम पुल बंद होने से लोगों को सिविल लाइंस तक आने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को पहले वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराना चाहिए थी।
– अमन सागर



पुल की मरम्मत कराए जाने से पहले क्रासिंग पर फुटब्रिज बनवाया जा सकता था। इससे लोगों को जान जोखिम में डालकर पटरियों से नहीं गुजरना पड़ता।
– पीएस यादव

### राम-रहीम पुल पर रात में कराया जाए मरम्मत कार्य

शहर की लाइफ लाइन राम–रहीम पुल पर इन दिनों चल रहे मरम्मत कार्य के कारण आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक नेता आनंद प्रकाश गुप्ता ने मांग की है कि दिन के समय कार्य होने से पुल पर यातायात बाधित हो रहा है, जिससे वैकल्पिक मार्गों पर लंबा जाम लग रहा है। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अनावश्यक विलंब हो रहा है। ऐसे में पुल पर मरम्मत कार्य दिन के बजाय रात्रि समय में कराया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

ब्रीफ न्यूज

## कारगिल शहीद के पिता मुख्त्यार सिंह का निधन

**अमरोहा, अमृत विचार :** कारगिल युद्ध में शहीद अमरोहा के वीर सपूत अरविंद सिंह के पिता मुख्त्यार सिंह (70) का बृहस्पतिवार रात निधन हो गया। उनके निधन से गांव मिलक छावी सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई।



शुक्रवार को तिगरी गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। मिलक छावी निवासी मुख्त्यार सिंह के पांच पुत्रों में सबसे बड़े अरविंद सिंह थे। युद्ध के दौरान ऑपरेशन विजय में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 25-26 जून 1999 की रात दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। धर्मेंद्र सिंह उर्फ मल्लू ने बताया कि मुख्त्यार सिंह पिछले तीन-चार माह से कैंसर से पीड़ित थे। बृहस्पतिवार रात अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## युवक की मौत से भड़के लोग, गिरफ्तारी की मांग

**बिजनौर,अमृत विचार :** चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। करीब पांच दिन पहले हुए मारपीट के मामले में घायल 23 वर्षीय प्रशांत की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व स्कूटी और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद विवाद हुआ था। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक के साथ गंभीर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत लगातार नाजुक बनी रही और अंततः उसकी मौत हो गई। युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों लोगों ने गांव के सामने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जाम के चलते दोनों ओर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

## गुजरात में काम कर रहे युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद के नजीबाबाद क्षेत्र के मोहल्ला मुगलूशाह निवासी 19 वर्षीय युवक समीर की गुजरात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना के बाद जहां परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ते हुए युवती और उसके परिचित पर गंभीर आरोप लगाए हैं। समीर गुजरात के बलसाड जिले के बिल्ली मोरा गांव में रहकर सैलून का काम करता था और वहीं से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार शाम को वह अपने कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला। आसपास के लोगों को जब शक हुआ तो उन्होंने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां समीर मृत अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# तहसील में मिली खामियों पर भड़के प्रभारी मंत्री

## नव निर्मित तहसील भवन में सड़क का लेवल ठीक नहीं था, कई स्थानों पर टाइल्स भी टूटी मिलीं, सुधार के निर्देश



बैठक में समीक्षा करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। • अमृत विचार



तहसील का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

• मंत्री बोले- एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर कराएं अधिकारी

**अमृत विचारः** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने शुक्रवार को नवनिर्मित नौगावां सादात तहसील का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर करने के सख्त निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने तहसील परिसर में मुख्य भवन, हवालात, बैरक, गैराज, पंप रूम, सीसी सड़क, बाउंड्रीवाल, गेट, बोरिंग, ट्यूबवेल, बाह्य विकास कार्य और विद्युत संयोजन का बारीकी से निरीक्षण किया। आवासीय भवनों के निरीक्षण में अलमारियों की गुणवत्ता खराब मिलने और कई स्थानों पर टाइल्स टूटी होने पर मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर सभी कार्यों को मानक के अनुरूप दुरुस्त किया जाए। सीसी सड़क का लेवल और फिनिशिंग सही न मिलने पर प्रभारी मंत्री ने विशेष नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुरूप होना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर विद्युत कार्य अधूरा पाया गया। इस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी पॉइंट्स पर विद्युत कार्य और कनेक्शन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आवासीय भवनों के आसपास जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, परिसर में पौधरोपण कराने और आवश्यक स्थानों पर मिट्टी भराव करने के निर्देश दिए। साथ ही सीढ़ियों पर रेलिंग लगाने का कार्य भी एक सप्ताह के भीतर पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार लकी सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आयुष्मान योजना के दुरुपयोग पर सख्ती के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री और जनपद प्रभारी मंत्री केपी मलिक की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र ने विभिन्न विभागों की उपलब्धियां गिनाईं। जिसमें सिंचाई, टेल फीडिंग और सिल्ट सफाई जैसी योजनाओं में जनपद ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा बागवानी, स्वच्छ भारत मिशन और पशुधन योजनाओं में भी जनपद ने शीर्ष रैंकिंग प्राप्त की है। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान योजना में संभावित दुरुपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल संचालकों द्वारा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। मिशन-500 के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा की। वृक्ष कटान के मामलों में सख्ती बरतने और अनुमति से पहले जांच करने को कहा। पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और कुसुम योजना की प्रगति पर भी संतोष जताया गया। जल निगम के कार्यों पर मंत्री ने असंतोष जताया। बैठक के दौरान मंत्री ने कृत्रिम अंग सहायक योजना के तहत 10 बच्चों को स्मार्टफोन वितरित किए।

### फौलादपुर में ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं, बरात घर का लोकार्पण

प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने ग्राम पंचायत फौलादपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत निर्मित बरात घर का लोकार्पण भी किया। प्रभारी मंत्री ने ग्राम प्रधान मनु यादव के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी को आवास की चाबी, वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी को स्वीकृति प्रमाण पत्र और उत्कृष्ट सफाई कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नव निर्मित बरात घर से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आय में वृद्धि होगी।

# खादर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

संवाददाता मंडी धनौरा



जंगल में लगा पिंजरा।

• बिना चारे के पिंजरे पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल, दहशत

**अमृत विचार:** खादर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हो रही घटनाओं और ग्रामीणों में बढ़ते खौफ के बीच दो दिन पहले वन विभाग ने फतेहउल्लापुर और आसपास के इलाकों में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है। हालांकि, पिंजरे में अभी तक चारे के रूप में बकरा न बांधे जाने को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि सबसे पहले फतेहउल्लापुर गांव में हुई थी, जहां एक किसान ने अपनी गाड़ी में बैठकर तेंदुए का वीडियो बना लिया था। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग हरकत में आया और क्षेत्र में निगरानी शुरू की गई। इसके बाद झुंडपुरा गांव में तेंदुए ने गुरदीप सिंह के पालतू कुत्ते को घर के आंगन से उठाकर खेतों में मार डाला, जिससे ग्रामीणों में भय और बढ़ गया। हाल ही में नीलीखेड़ी गांव में भी तेंदुए ने एक मवेशी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। लगातार हो रही इन घटनाओं से खादर क्षेत्र के दर्जनों गांवों में दहशत का माहौल है। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं और बच्चों व पशुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। वन विभाग के वन क्षेत्र अधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। वहीं दूसरी और ग्रामीण वन विभाग की धीमी कार्रवाई से नाराज नजर आ रहे हैं। ग्रामीण कश्मीर सिंह का कहना है कि केवल पिंजरा लगाना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा, जब तक पिंजरे में चारा नहीं बांधा जाएगा, तब तक तेंदुआ उसमें फंसने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## बरात में डीजे पर डांस को लेकर मारपीट

**हसनपुर,अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव में बरात चढ़त के दौरान डीजे पर डांस को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव गांगटकोला में गुरुवार की देर रात गांव निवासी अजय पाल की पुत्री की बारात गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चक कुदैना से आई थी। बारात चढ़त के दौरान बज रहे डीजे पर घराती भी डांस कर रहे थे। डांस करने के दौरान अंकुर व सौन्टी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। बारात चढ़त के दौरान मौजूद घराती व बारातियों के द्वारा दोनों युवकों को समझा बुझाकर कर शांत कर दिया।

# अवैध हिरासत में रखने पर रहरा थाना प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

• महिला और एक अन्य आरोपी पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

**अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने रहरा थाना प्रभारी बृजेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी रामदास ने 26 मार्च को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। थाना रहरा पुलिस ने 20 मार्च को उसे अवैध रूप से हिरासत में रखने और फैसले के नाम पर उससे 1.35 लाख रुपये की वसूली का आरोप लगाया। एसपी ने मामले की जांच सीओ हसनपुर से कराई। जांच में सामने आया कि एक महिला द्वारा पहले एक अन्य व्यक्ति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था, जिसके बाद दोबारा प्रार्थना पत्र देकर नए नाम जोड़ते हुए रामदास पर भी आरोप लगाए गए। जांच में यह भी पुष्टि हुई कि समझौते के नाम पर पैसे लिए गए। जांच में सामने आया कि रामदास को 24 घंटे से अधिक समय अवैध हिरासत में रखा, समझौते के बाद छोड़ा। इस पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी की कार्यशैली संदिग्ध और नियमों के विपरीत पाई गई। थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया। संबंधित महिला और एक अन्य आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।

## टैट की अनिवार्यता समाप्त करने को 4 को होगी महारैली

**हसनपुर,अमृत विचारः** टीईटी के अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 4 अप्रैल 2026 को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने आर पार की लड़ाई का निर्णय लिया है। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह के टीचर्स कालोनी स्थित निवास पर शिक्षक पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षक भारी संख्या में बसों से रैली में प्रतिभाग करने की तैयारी में जुट गए हैं। प्रांतीय दिशा निर्देशों के क्रम में टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के सानिध्य में शिक्षकों की महारैली का आयोजन किया जाएगा।

# गुलदार के हमले में महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

• शव रखकर ग्रामीणों ने लगाया जाम 20 लाख मुआवजा मांगा

**अमृत विचारः** अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जामुनवाला में शुक्रवार को गुलदार के हमले में एक 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र में दहशत फैल गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए 20 लाख रुपये मुआवजा सहित एक सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की। वहीं जाम लगने की सूचना पर पुलिस व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व परिजनों को समझा-बुझाकर देर रात जाम खुलवाया।

गांव हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी क्रांति देवी (55) के पति रंजीत सिंह गांव जामुनवाला में एक किसान के खेत पर हल चलाकर जुताई कर रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे क्रांति देवी अपने पति को खाना देने खेत की ओर जा रही थीं। जैसे ही वह गांव जामुनवाला के जंगल क्षेत्र में पहुंचीं, पहले से झाड़ियों में घात लगाए बैठे गुलदार ने अचानक उन पर हमला कर दिया। गुलदार ने महिला की गर्दन दबोच ली और उसे घसीटते हुए गन्ने के खेत में ले गया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। दोपहर बाद दो बजे के करीब जब महिला घर नहीं पहुंची तो परिजन व ग्रामीण खोजबीन करते हुए खेतों की ओर पहुंचे। वहां गन्ने के खेत में क्रांति देवी का शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। गुलदार के हमले से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। शव रखकर जाम लगाकर, वन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने देर शाम छह बजे के करीब गांव मुरलीवाला गेट पर अधेड़ महिला का शव रखकर सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मौके पर उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग की। साथ ही उच्च अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को 20 लाख का उचित मुआवजा एक सरकार नौकरी दिलाने की मांग भी उठाई। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में लंबे समय से गुलदार की मौजूदगी की सूचना दी जा रही थी, लेकिन वन विभाग ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

# रामनवमी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहीं झांकियां



शोभायात्रा निकालते संकीर्तन मंडल के लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

• बाबा गंगानाथ मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया श्री राम प्रकटोत्सव

**अमृत विचारः** रामनवमी के पावन अवसर पर शहर में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री रामायण संकीर्तन मंडल (रजिस्टर्ड) अमरोहा के तत्वावधान में भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव बाबा गंगानाथ मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

शुक्रवार को मंदिर परिसर में सुबह 11 बजे से भजन-कीर्तन का आयोजन शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे प्रभु श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना और भव्य आरती के साथ प्रकटोत्सव संपन्न हुआ। आरती के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा बाबा गंगानाथ मंदिर से शुरू होकर स्टेट बैंक, जट बाजार, मोहल्ला गस्तियां, मंडी चौब होते हुए बड़े बाजार स्थित मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में आकर्षक झांकियां, गाजे-बाजे और प्रभु श्रीराम का सुसज्जित डोला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष चैनसुख गोले ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य एवं मार्गदर्शक राधा रमन टंडन ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए और भजनों के माध्यम से भक्ति भाव प्रकट किया। शोभायात्रा के दौरान संदीप रस्तोगी ने हरे रामा हरे रामा, प्रतुल शर्मा ने गोविंद जय जय गोपाल जय जय, उमेश पाठक ने मेरा छोटा सा परिवार, अमित रस्तोगी ने वीर हनुमाना अति बलवाना और प्रदीप भटनागर ने लहर लहर लहराए रे जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। इस दौरान महिलाओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क रहा और शोभायात्रा के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया।

# छह दिन में पहुंची गैस की गाड़ी, मारामारी

• हसनपुर में रसोई गैस की किल्लत से परेशान हैं उपभोक्ता

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी रसोई गैस की किल्लत के बीच शुक्रवार को कुछ राहत महसूस की गई, लेकिन उपभोक्ताओं को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

कोतवाली के गजरौला मार्ग दीपपुर गेट स्थित गैस गोदाम पर सात दिनों के लंबे इंतजार के बाद गैस की गाड़ी पहुंची, जिसे देखते ही उपभोक्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा।गैस आपूर्ति ठप्प होने के कारण नगर की विभिन्न एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। दीपपुर गेट पर स्थिति यह थी कि



गैस एजेंसी एवं गोदाम पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। • अमृत विचार

सिलेंडर लेने के लिए लोगों में होड़ मच गई। घंटों इंतजार के बावजूद लोग लाइन में डटे रहे।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले छः दिनों से सिलेंडर न मिलने के कारण घरों के चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई थी।गैस सिलेंडर वितरण के साथ-साथ गैस एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने और बुकिंग को लेकर भी जबरदस्त भीड़ दिखाई दी। सर्वर की धीमी गति और भारी भीड़ के कारण कई उपभोक्ताओं को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा। उपभोक्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी अव्यवस्था न फैले।

## पिता-पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गजरौला, अमृत विचारः** पुराने विवाद में पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। उनकी कार में भी तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बछरायूं थाना क्षेत्र के ढयोटी गांव निवासी साजिद 21 मार्च की शाम अपने पिता याकूब के साथ कार से चकनवाला की तरफ से होते हुए घर जा रहे थे। आरोप है कि टोकरा पट्टी गांव के निकट पहले से ही खड़े बाइक सवार तीन लोगों ने उनकी कार रोक दी तथा पिता-पुत्र को बाहर निकालकर मारपीट करने लगे। कार भी तोड़फोड़ कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि साजिद की तहरीर पर सुनपुरा कलां निवासी नसरुद्दीन, सुहैल और गुलजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# ग्रामीणों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता मंडी धनौरा

• गांव गटोनिया माफी में विधिक जागरूकता शिविर लगाया

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव गटोनिया माफी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश अभिषेक कुमार व्यास ने किया। जिनका संदेश पैरालीगल वॉलंटियर्स के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाया।

शिविर में मुख्य अतिथि तहसीलदार मूसाराम थारू ने ग्रामीणों को राजस्व प्रक्रियाओं सरकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकता है। उन्होंने प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को न्याय की पहुंच मजबूत करने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान सचिव अभिषेक कुमार व्यास का संदेश पीएलवी के माध्यम से पढ़कर सुनाया गया, जिसमें ग्रामीणों से अपने विधिक अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी समस्या पर निःशुल्क विधिक सहायता लेने की अपील की गई। कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस दौरान समस्याओं को भी सुना और भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद सहित अन्य मामलों में आवश्यक कानूनी सलाह प्रदान की गई।

# महानवमी पर घरों में कन्या पूजन कर भक्तों ने खोले व्रत, प्रसाद बांटा

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को चैत्र नवरात्रि की नवमी पर भक्तों ने घरों में पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोजन करा कर अपने व्रत खोलें। सनातन धर्म के अनुसार व्रत के दौरान कन्या भोग करना शुभ माना जाता है।

नवरात्रों में कन्या भोग माता दुर्गा के नौ स्वरूपों का सम्मान करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए किया जाता है, कन्या भोग में दो से दस वर्ष की कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है। भक्तों द्वारा कन्याओं को भोजन करने से पूर्व उनके चरण धोए जाते हैं फिर उन्हें श्रद्धा पूर्व भोजन कराया जाता है। भोजन के बाद कन्याओं के चरण छूकर उन्हें उपहार देकर मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। सनातन धर्म में मान्यता है की कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा अत्यंत



कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद।

प्रसन्न होती है और घर में सुख समृद्धि एवं शांति का वास होता है नवरात्रि की नवमी को नौ कन्याओं को भोजन कराया जाता है जो नौ देवियों का स्वरूप माना जाता है।

**गजरौलाः** शहर व देहात क्षेत्रों में शुक्रवार को राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं, घरों में कन्याओं का भी पूजन किया गया। राम नवमी के अवसर पर कोतवाली परिसर में हवन



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

और पूजन किया गया। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार हवन में यजमान रहे। उसके बाद कोतवाली में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें स्टाफ के अलावा आसपास के लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, पुलिस द्वारा वाहन चालकों व राहगीरों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

### ढबारसी में निकाली गई भव्य कलशयात्रा

**संवाददाता ढबारसी, अमृत विचार :** गत वर्षो की भांति इस बार भी रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खडगवंशी ने फीता काट कर किया। कलश यात्रा होली चौक से आरम्भ होकर शनि बाजार, आदमपुर चौराहा, पुलिस चौकी, धर्मकांटा, मुख्य बस स्टैंड,पुराना बाजार,मंडी समिति, मौहल्ला बड़ा महादेव होकर होली चौक पर जाकर समाप्त हो गई। कलशयात्रा में 51 महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर डी जे के भक्ति मय धुनों पर नृत्य करते हुए चल रही थी, यात्रा में शंकर पार्वती, कृष्ण राधा के रूप में नृत्य करते हुए कलाकार,काली का अखाड़ा, शंकर भोले के साथ भूतों की टोली तथा नृत्य करते घोड़ी व घोड़े आकर्षण का केन्द्र थे। जगह जगह श्रद्धालुओं ने कलशयात्रा पर फूलों की बारिश कर स्वागत किया।सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ यात्रा में शामिल रहे।इस मौके कलश यात्रा के संयोजक अमित कुमार, दिनेश शर्मा,मास्टर गजराज सिंह त्यागी, रोहतास सैनी, करनवीर, यशपाल सिंह प्रधान,करन सिंह कश्यप,राजन कुमार, मोनू जाटव, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

### मां सिद्धिदात्री की पूजा कर लिया आशीर्वाद

हसनपुर नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि की नवमी को मां भगवती मंडल की नौवीं आराध्य देवी मां सिद्धिदात्री की भक्तों ने विधि विधान एवं आस्था के साथ पूजा अर्चना की। माता रानी को फल फूल प्रसाद नारियल चुनरी एवं श्रृंगार का सामान भेंट की। मां चामुंडा मंदिर पर भक्तों की भीड़ रही। श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर,शिव मंदिर,राधा कृष्ण मंदिर एवं माई जी महाराज का मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ दिखाई दी।

## सिटी ब्रीफ

### ई रिक्शा पर अभियान चलाकर लगाए स्टीकर

**चंदौसी, अमृत विचार :** यातायात पुलिस ने शुक्रवार को 35 बी रेलवे फाटक पर संख्या स्टीकर लगाओ अभियान चलाया। अभियान के तहत करीब 100 ई-रिक्शा पर नीले स्टीकर लगाए गए। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रात के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई। यातायात पुलिस के टीएसआई अशोक कुमार ने बताया जिन ई-रिक्शा पर नीले स्टीकर लगाए गए हैं। वह केवल चंदौसी शहर की सीमा के भीतर ही चलेंगे। इन स्टीकरों के माध्यम से ई-रिक्शा के चलने की दिशा और मार्ग तय किए जाएंगे। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।

### बेटा बोला- पूरी रात पीटा, पानी डालकर देखा जिंदा है या मर गई

**संभल।** मामले में सबसे चौंकाने वाली बात मृतका के आठ वर्षीय बेटे देवू का बयान है। बच्चे के अनुसार उसके पिता ने पूरी रात मां को पीटा और बार-बार उसके शरीर पर पानी डालकर यह देखते रहे कि वह जिंदा हैं या नहीं। मां की हालत देखकर बच्चा सहम गया। घटना के बाद ननिहाल पक्ष के लोग बच्चे को अपने साथ ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना से दहशत है।

### गोरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने जताई आपत्ति

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ फतेहगढ़ के गांव रीठ में साप्ताहिक बाजार में मीट बेचने पर गोरक्षा दलों के कार्यकर्ताओं ने आपत्ति जताई है। पुलिस मौके पर पहुंची और विक्रेता को पकड़कर थाने ले आई। थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में शुक्रवार को लगने वाली साप्ताहिक सब्जी बाजार में एक मीट विक्रेता द्वारा मुर्गा काटकर खुले में बेचा जा रहा था। गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने नवरात्र में रामनवमी के दिन खुले में मुर्गा काटकर बेचे जाने पर आपत्ति जताई और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर रीठ चौकी इंचार्ज कपिल कुमार मौके पर पहुंचे और मीट विक्रेता को पकड़कर थाने ले आए। इस दौरान गोरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौधरी, सुंदरलाल, प्रकाश, भूकनलाल आदि मौजूद रहे।

# जामा मस्जिद कब्रिस्तान मामले में कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

## प्रशासन ने जमीन पर बनी 22 दुकानों व मकानों को ध्वस्त करने की शुरू की थी प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, संभल



संभल में जामा मस्जिद से सटी कब्रिस्तान भूमि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शाही जामा मस्जिद से सटे क़ब्रिस्तान की भूमि को लेकर विवाद और इस जमीन पर बनी 22 दुकानों व मकानों को लेकर प्रशासन की कार्रवाई के बीच इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल राजस्व प्रशासन की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद प्रशासन की बेदखली प्रक्रिया पर विराम लग गया है।

जामा मस्जिद ट्रस्ट के अध्यक्ष काशिफ खान ने शुक्रवार को बताया कि अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई तक विवादित स्थल पर दोनों पक्ष यथास्थिति बनाए रखें। साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार से इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत जवाब तलब किया है। संभल राजस्व प्रशासन द्वारा जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि की नापजोख कराई तो कब्रिस्तान भूमि पर 22 दुकानें और मकान बने होने की बात सामने आई थी। इसके बाद प्रशासन ने 1 जनवरी को नोटिस जारी कर कब्जेदारों को क़ब्रिस्तान की भूमि खाली करने के निर्देश दिए थे। इस नोटिस के खिलाफ अली अशरफ की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकल पीठ ने यह अंतरिम आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक श्रीत्रिपाठी ने अदालत में दलील दी कि प्रशासन द्वारा जारी नोटिस पूरी तरह से एकतरफा और बिना स्पष्ट कानूनी आधार के जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस में किसी वैध प्रावधान का उल्लेख नहीं किया गया और न ही संबंधित पक्षों को समुचित अवसर दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है।

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि कब्रिस्तान की भूमि के एक हिस्से को बिना किसी सक्षम आदेश के आबादी घोषित कर दिया गया, जबकि दूसरे हिस्से को अतिक्रमण बताकर खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस तरह की विरोधाभासी कार्रवाई से विवाद और गहरा गया है। अधिवक्ताओं ने अदालत को अवगत कराया कि 31 दिसंबर 2025 को इसी मामले में हाईकोर्ट की डबल बेंच ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी पक्षों की मौजूदगी में भूमि की पैमाइश कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए।

### आदेश की अनदेखी का आरोप

इसके बावजूद प्रशासन ने उस आदेश की अनदेखी करते हुए अगले ही दिन 1 जनवरी को नोटिस जारी कर दिया। हाईकोर्ट ने इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के नोटिस पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि जब तक मामले की विस्तृत सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक कोई भी पक्ष मौके की स्थिति में बदलाव नहीं करेगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को निर्धारित की गई है। इस सुनवाई में राज्य सरकार को अपना पक्ष रखना होगा, जिसके बाद ही आगे की कानूनी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# रास्ता रोकने के विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**संभल/ कैला देवी, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर ततारपुर में रास्ता रोकने के विवाद को लेकर बृहस्पतिवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि कुछ लोग घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और ईंटों से हमला कर दिया, जिसमें दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गांव निवासी लाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बृहस्पतिवार दोपहर खेत पर जा रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और रास्ता बंद करने लगे। विरोध करने पर कहासुनी हो गई, जिसे मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद ही करीब आधा दर्जन लोग एकजुट होकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया और ईंट-पत्थरों से भी मारपीट की। इस हमले में सुरेश, संतोष, प्रीति और प्रेमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज ने किया उद्घाटन



गुन्नौर में न्यायालय कक्ष का उद्घाटन करते हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज। ● अमृत विचार

संवाददाता, बबराला

- गुन्नौर में सामुदायिक भवन में शिफ्ट किया गया है न्यायालय

**अमृत विचार:** सीएचसी के निकट सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए बनाए गए अस्थायी न्यायालय कक्ष का औपचारिक उद्घाटन उच्च न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला जज डॉ. विदुषी सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व में संचालित न्यायालय भवन अत्यंत जर्जर होकर गिरताऊ स्थिति में पहुंच गया था। इसी के चलते वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित नगर पंचायत के सामुदायिक भवन को अस्थायी न्यायालय कक्ष के रूप में विकसित किया गया है। उद्घाटन के दौरान प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि न्यायिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से यह अस्थायी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान कोतवाली पुलिस ने सलामी दी। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट शैलेंद्र यादव ने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, धर्मेंद्र प्रजापति, विजय सागर, अरविंद यादव, अखिलेश यादव, वीरेश यादव, मेघ सिंह यादव, चंद्रभान सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मदरसा मस्जिद की आज होगी पैमाइश

- मुबारकपुर बंद गांव का मामला निर्माण तोड़ने का काम तेज

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी



संभल के मुबारकपुर बंद गांव में मदरसा परिसर से उखाड़ी गई ईंटें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना असमोली क्षेत्र के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद को लेकर प्रशासन की संभावित कार्रवाई से पहले ही ग्रामीणों ने स्वयं निर्माण हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। शनिवार को प्रस्तावित पैमाइश और बुलडोजर कार्रवाई से पहले दूसरे दिन भी तोड़फोड़ का काम जारी रहा।

गांव में गाटा संख्या 623 और 630 को राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज बताया गया है। इसी जमीन पर करीब 30 वर्ष पूर्व "गोसुल उलूम" नाम से मदरसा संचालित किया जा रहा था, जिसके पास ही मस्जिद का भी निर्माण किया गया था। स्थानीय लोग इसे मदरसे वाली मस्जिद के नाम से जानते हैं। प्रशासन द्वारा 28 मार्च को भूमि की पैमाइश कर अवैध निर्माण की पैमाईश कर उसे हटाने की चेतावनी दिए जाने के बाद गांव में बुधवार रात बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में आपसी सहमति के बाद प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही निर्माण स्वयं हटाने की कवायद शुरु कर दी गई। गुरुवार सुबह से ही ग्रामीणों ने मस्जिद और मदरसे से सामान हटाना शुरू कर दिया, जो दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए लोग पहुंचे, लेकिन इसके साथ ही आधा दर्जन ग्रामीण निर्माण हटाने में लगे रहे। शनिवार को भी मस्जिद के फर्श की ईंटें उखाड़ने और दीवारों से ईंटें निकालने का काम चलता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई से पहले जमीन को पूरी तरह खाली करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को मुबारकपुर बंद गांव में राजस्व टीम पहुंचेगी। पैमाइश के साथ ही जो भी कार्रवाई प्रस्तावित है उसे किया जायेगा।

# बड़े भाई ने फंदे पर लटक कर दी जान

**सौंधन/कैला देवी, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के मुबारिकपुर गांव में छोटे भाई से कहासुनी के बाद बड़े भाई ने फंदे पर लटककर जान दे दी। उसका शव जंगल में पेड़ से लटका मिला तो परिवार में कोहराम मच गया। मुबारिकपुर निवासी नोरंगी (30) का गुरुवार रात अपने छोटे भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट भी हुई, जिसमें छोटे भाई के सिर में चोट लग गई। इसके बाद छोटे भाई की पत्नी ने भी नोरंगी से कहासुनी करते हुए उसे घर में न आने की हिदायत दी। घटना के बाद नोरंगी घर से निकल गया। शुक्रवार सुबह ग्रामीण जब रोजमर्रा के काम के लिए बाहर निकले तो रोरादीप मार्ग स्थित खेत में पापड़ के पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला।

# एचटी करंट लगने से महिला की मौत

- बहन व एक अन्य महिला के साथ जंगल में लेने गई थी घास
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मौके पर लगी भीड़

संवाददाता, चंदौसी



महिला की मौत के बाद इकट्ठा लोग व कार्रवाई करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना कुढफतेहगढ़ के गांव सोतीपुरा के जंगलों में शुक्रवार की दोपहर महिलाओं के साथ घास लेने गई महिला हाई टेंशन करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मूल रूप से थाना गुन्नौर के मोहल्ला टंकी निवासी संतोष 38 वर्ष पत्नी बृजेश पति से नाराजगी के चलते पिछले एक वर्ष से थाना कुढ फतेहगढ़ के गांव सोतीपुरा में अपनी बहन राम बेटी पत्नी शेर सिंह के घर पर रह रही थी। संतोष शुक्रवार की दोपहर 12:30 बजे बहन रामबेटी व गांव की एक अन्य महिला शांति के साथ जंगल में घास व पत्ते लेने गई थी। संतोष गूलर के पेड़ से पत्ते तोड़ने लगी। जबकि उसकी बहन रामबेटी व महिला कुछ आगे निकल गई। पेड़ के पास से हाई टेंशन लाइन गुजर रही थी, जो उसे दिखाई नहीं दी और उसकी करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। आवाज सुनकर मृतका की बहन रामबेटी व महिला वापस लौटी। संतोष की हालत देखकर दोनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिससे वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। किसी तरह से बिजली विभाग से कहकर आपूर्ति बंद कराई। सूचना पर थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

# हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

संवाददाता, संभल

- 40 मिनट तक धू-धू कर जलता रहा ट्रांसफार्मर
- गांव में कई घरों की बिजली गुल होने से हो रही समस्या

**अमृत विचार:** जनपद संभल की तहसील गुन्नौर क्षेत्र के गांव नदरौली में शुक्रवार रात हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने से ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। करीब 40 मिनट तक ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलता रहा, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई।

बताया गया कि रात करीब 11 बजे 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने के बाद निकली चिंगारी से 40 केवीए का ट्रांसफार्मर आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर ऊंची-ऊंची लपटों के साथ जलने लगा। आग की भयावह स्थिति को देखते हुए ग्रामीण उसके फटने की आशंका से सहमे रहे। ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद सप्लाई तो बंद कर दी गई। ट्रांसफार्मर पूरी तरह फुंक गया, जिससे प्राथमिक विद्यालय, शिव मंदिर सहित करीब 125 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अधिशासी अभियंता अजय शुक्ला ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया था। शनिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# कैला देवी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन



संभल के कैला देवी धाम पर दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- भक्ति में डूबा रहा मेला, जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र

**अमृत विचार:** कैला देवी मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नवरात्र के अंतिम दिन आयोजित इस विशाल मेले में भक्तिमय वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। कई श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ कराकर अपनी आस्था व्यक्त की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए, जिससे धार्मिक परंपराओं का पालन होता नजर आया। मेले में महिलाओं ने मीना बाजार में पहुंचकर सौंदर्य प्रसाधनों और घरेलू सामान की खरीदारी की, वहीं बच्चों ने चाट-पकौड़ी और अन्य व्यंजनों का आनंद लिया। भक्तिमय माहौल में आसपास के गांवों से आई महिलाओं की टोलियां ढोलक की थाप पर भजन-कीर्तन करती नजर आईं। पूरे परिसर में जय माता दी के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल पूरी तरह भक्ति रस में डूबा रहा। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। कैला देवी थाना पुलिस द्वारा जगह-जगह निगरानी रखी गई। इस दौरान एसआई आंचल सिद्धू ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक भी किया।

## न्यूज डायरी



### सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुटता जरूरी

**संवाददाता, बबराला, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश चंद्र ने गुरुवार को बबराला में रात्रि प्रवास किया। वह नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय के घर पर रुके। संघ परिवार में 'बड़े दिनेश जी' के नाम से विख्यात दिनेश चंद्र संगठन के प्रमुख मार्गदर्शक माने जाते हैं। उन्होंने अशोक सिंघल के बाद विहिप में महत्वपूर्ण दायित्व संभाला है और लंबे समय से संगठन की विचारधारा को मजबूत करने में सक्रिय हैं। रात्रि प्रवास के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ अनौपचारिक बैठक कर संगठन की गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों एवं समाज में सनातन मूल्यों के प्रसार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा और संवर्धन के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर कार्य करना आवश्यक है। चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने स्वागत किया।



### बाबा श्याम के संकीर्तन में झूमे लोग

**चंदौसी, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को बाबा श्याम का सातवां संकीर्तन श्री श्याम प्रेमी परिवार द्वारा गंगा महारानी धर्मशाला सीता रोड पर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। देर रात तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबा श्याम संकीर्तन में बाबा श्याम की आरती के बाद बाबा के भजनों को प्रस्तुत किया गया। समस्तीपुर बिहार से आई रश्मि शर्मा, पंजाब से कहर सिंह तलवार और पीलीभीत से सुलभ आनंद ने अपने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया। बलदेव धाम गुथनी के आचार्य का पवन का भी सानिध्य रहा। भक्तों ने बाबा श्याम के भजनों पर खूब जमकर नृत्य किया। संकीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमित जानी निर्माता उदयपुर फाइल्स के अलावा युवराज गुप्ता, अमित मित्तल, अमन मदान, राहुल सहगल, उपेंद्र भोला, प्रमोद कुमार, वासु गुप्ता, किशोरी बजाज आदि भक्त शामिल रहे।



### महिलाओं व बालिकाओं को बताये उनके अधिकार

**संवाददाता, मनोटा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत थाना एचौड़ा कंबोह पुलिस टीम द्वारा ग्राम शिवपुरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान टीम ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध, बाल श्रम अपराध और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर विस्तार से जागरूक किया। साथ ही उन्हें बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन प्रदान करना है। मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक गुलाम मोहम्मद, एलएचसी भागेश और महिला कांस्टेबल रीता ने उपस्थित महिलाओं को इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने की अपील की।



### नवरात्र के उपलक्ष्य में शहर में निकाली कलश यात्रा

**संवाददाता, चंदौसी, अमृत विचार :** नवरात्रि पर महिलाओं द्वारा शहर में कलश यात्रा के साथ माता रानी की झांकिया निकाली गई। बाद में भंडारे का आयोजन किया गया। कलश यात्रा घटलेश्वर गेट से शुरु होकर संभल गेट, घंटाघर, ब्रहम बाजार, बिसौली गेट, सीकरी गेट पुलिस चौकी, कबाड़ा, गोलागंज, स्टेशन रोड, मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड कोतवाली, आवास विकास होते हुए भवानीपुर चामुंडा बाली माता रानी के मन्दिर पर जाकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में महिलाएं भजन कीर्तन करती चल रही थी। मंदिर पहुंचकर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कलश यात्रा में शिव कुमार सैनी सभासद, मुंशी लाल, माया देवी, राममूर्ति, रेखा सैनी, मीना सैनी, गोमती सैनी, सीमा सैनी, रमेश सैनी, सेवा, प्रेमचन्द्र सैनी, नन्हे सैनी, दिव्यांश आदि ने सहयोग किया।

# डीआईजी ने संभल की संभाली कमान, चंदौसी में की पैदल गश्त

- एसपी केके विश्नोई शादी के कारण अवकाश पर

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



संभल के चंदौसी में पैदल भ्रमण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद संभल में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई अपनी शादी के कार्यक्रम में व्यस्त हुए तो कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक (मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज जी ने कमान संभाल ली है।। डीआईजी ने संभल जनपद के चंदौसी में पहुंचकर जहां पैदल भ्रमण कर पुलिस की सक्रियता का संदेश दिया वहीं अधीनस्थों को बहजोई व बनियाठेर में हुई महिलाओं के जेवर लूट की वारदातों के खुलासे के निर्देश दिये।

26 मार्च को बहजोई और बनियाठेर थाना क्षेत्रों में बदमाशों द्वारा महिलाओं से जेवर लूटने और विरोध करने पर एक महिला को घायल करने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी मुनिराज जी शुक्रवार को संभल पहुंचे। डीआईजी ने सबसे पहले चंदौसी सर्किल के गांव अलीपुर बुजुर्ग पहुंचकर महिला जमुना देवी के साथ हुई लूट की घटना की जानकारी ली, जहां बदमाशों ने उनके कानों से सोने के कुंडल खींच लिए थे। इसके बाद उन्होंने थाना चंदौसी क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में 24 मार्च को हुई लूट की घटना का जायजा लिया। दोनों घटनाओं की जानकारी लेने के बाद डीआईजी ने अधीनस्थ अधिकारियों को जल्द से जल्द खुलासा करने के सख्त निर्देश दिए। शुक्रवार देर शाम डीआईजी मुनिराज ने पुलिस बल के साथ चंदौसी शहर में पैदल मार्च किया। यह मार्च कोतवाली क्षेत्र से शुरू होकर विकास नगर पुलिया तक निकाला गया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक संभल कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी, एएसपी आलोक भाटी, प्रभारी निरीक्षक चंदौसी अनुज कुमार तोमर, कुढ फतेहगढ़ थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी और बनियाठेर प्रभारी सचिन कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। भ्रमण के दौरान डीआईजी ने प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग कराई।

### घटनाओं का खुलासा करने के दिए निर्देश

संभल। डीआईजी मुनिराज ने कोतवाली चंदौसी में बैठक कर जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। लूट की घटनाओं का खुलासा करने के निर्देश के साथ ही बैठक में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, आगामी त्योहारों और कार्यक्रमों को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही गश्त बढ़ाने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए गए डीआईजी के सक्रिय हस्तक्षेप के बाद जनपद में पुलिस की सतर्कता बढ़ी है और हालिया घटनाओं के जल्द खुलासे को लेकर दबाव भी बढ़ गया है।

# अमृत विचार

**शनिवार, 28 मार्च 2026**






मेरी सफलता इस बात पर निर्भर नहीं करेगी कि A या B मेरे बारे में क्या सोचते हैं। मेरी सफलता वही होगी, जो मैं अपने काम से बनाऊंगा।

**-होमी जहांगीर भाभा,** भारतीय परमाणु भौतिक विज्ञानी

## अस्थायी राहत

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत को आवागमन की अनुमति मिलना निःसंदेह राहत भरी खबर है। ईरान का यह निर्णय भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए तात्कालिक संकट को टालने वाला कदम है, किंतु इसे स्थायी समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर है। ऐसे में उसके लिए होर्मुज मार्ग का खुलना पेट्रोलियम आपूर्ति को स्थिर रखेगा ही उर्वरक और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। तेल आपूर्ति बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती और खाद्यान्न महंगे होते। यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए 'सांस लेने की जगह' प्रदान करता है।

भारत ने सार्वजनिक रूप से अमेरिका या इजराइल के खिलाफ कड़ा रुख नहीं अपनाया, फिर भी ईरान ने उसे उन चुनिंदा देशों में रखा, जिन्हें मार्ग उपयोग की अनुमति दी गई। यह भारतीय कूटनीति की 'रणनीतिक संतुलन' नीति का परिणाम है, जहां भारत किसी एक ध्रुव में पूरी तरह शामिल हुए बिना अपने हित साधता है। साथ ही, यह ईरान की व्यावहारिक कूटनीति भी दर्शाता है, जो आर्थिक और भू-राजनीतिक यथार्थ को समझते हुए भारत जैसे बड़े बाजार और साझेदार को अलग-थलग नहीं करना चाहता। ऊर्जा मोर्चे पर भारत ने 60 दिनों का तेल भंडार और अतिरिक्त 60 दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। इसके साथ वैकल्पिक स्रोतों की खोज भी जारी है। इससे तात्कालिक संकट की आशंका कम होती है, लेकिन वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और युद्ध की अनिश्चितता के चलते पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता की गारंटी नहीं दी जा सकती, खासकर राज्यों में होने वाले चुनावों के बाद। ई-20 पेट्रोल नीति ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, किंतु एथनॉल उत्पादन की वर्तमान क्षमता इस लक्ष्य को पूरी तरह समर्थन देने में अभी सक्षम नहीं दिखती। कृषि, जल और खाद्य संतुलन को ध्यान में रखते हुए एथनॉल उत्पादन बढ़ाना एक जटिल चुनौती होगी। इसी प्रकार, गैस भंडारण और उत्पादन क्षमता में वृद्धि सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन वैश्विक एलएनजी बाजार अत्यधिक अस्थिर है। अतः घरेलू गैस आपूर्ति पूरी तरह निर्बाध रहेगी, यह मान लेना जोखिमपूर्ण होगा। खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में स्थिति अधिक गंभीर है। युद्ध के कारण उर्वरक उत्पादन में संभावित 15 प्रतिशत गिरावट और सब्सिडी बिल में 25 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार के वित्तीय संतुलन पर दबाव डालेगी। भारत की 20 प्रतिशत यूरिया और 33 फीसद डीएपी की आयात निर्भरता इस संकट को और गहरा करती है। दीर्घकालिक समाधान के लिए घरेलू उत्पादन, वैकल्पिक उर्वरकों और जैविक खेती को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। यदि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लंबा खिंचता है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं और अधिक बाधित होंगी। ऐसे में भारत को ऊर्जा, खाद्य और राजकोषीय तीनों मोर्चों पर दबाव झेलना पड़ सकता है।

होर्मुज से मिली राहत एक अवसर है, लेकिन यह चेतावनी भी कि भारत को अपनी ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और अधिक आत्मनिर्भर, विविधीकृत और लचीला बनाना होगा। सरकार को भंडारण, वैकल्पिक ऊर्जा, कूटनीतिक संतुलन और कृषि सुधारों पर समानांतर रूप से कार्य करना होगा, तभी यह अस्थायी राहत स्थायी सुरक्षा में बदल सकेगी।

### प्रसंगवश

## सार्वजनिक न्याय की दिशा में सुप्रीम कोर्ट के 3 फैसले



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख- इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है, जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है, जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# विज्ञान की डगर और समाज की दिशा





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

समाज और विज्ञान के बीच का संबंध अत्यंत गहरा और परस्पर प्रभावशाली रहा है। समय के साथ जैसे-जैसे समाज में परिवर्तन हुए हैं, वैसे-वैसे विज्ञान की दिशा, प्राथमिकताएं और उपलब्धियां भी बदलती रही हैं। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित कोई स्वतंत्र प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से निरंतर प्रभावित होता है। जिस प्रकार समाज की आवश्यकताएं बदलती हैं, उसी के अनुसार वैज्ञानिक अनुसंधान के विषय, संसाधनों का वितरण और नवाचार की गति भी परिवर्तित होती रहती है।

बीसवीं सदी के पहले आधे हिस्से का उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। यह वह समय था जब दुनिया दो बड़े विश्व युद्धों में उलझा हुआ था। युद्ध की परिस्थितियों ने सरकारों को मजबूर किया कि वे वैज्ञानिक अनुसंधान में भारी निवेश करें, ताकि युद्ध में बढ़त हासिल की जा सके। इस काल में विज्ञान का मुख्य उद्देश्य सैन्य शक्ति को बढ़ाना था। नतीजतन, परमाणु ऊर्जा, रडार तकनीक, और विभिन्न प्रकार के हथियारों के विकास में तेजी आई। विशेष रूप से परमाणु ऊर्जा के रहस्य इसी दौर में उजागर हुए, जो बाद में मानव इतिहास की सबसे बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धियों में से एक साबित हुआ, हालांकि इसका उपयोग विनाशकारी भी रहा, जैसे हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए जाने की घटनाएं। इससे यह स्पष्ट होता है कि विज्ञान की दिशा समाज की परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय होती है।

युद्धकालीन परिस्थितियों के बाद, जब दुनिया ने शांति और पुनर्निर्माण की ओर कदम बढ़ाया, तब विज्ञान की प्राथमिकताएं भी बदलने लगीं। औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी। बाजार की शक्तियों ने विज्ञान को प्रभावित करना शुरू किया। निजी कंपनियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं ने अपने लाभ को बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करना शुरू किया। इस प्रक्रिया ने चिकित्सा, औषधि निर्माण और कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए। आधुनिक कंपनियां नई दवाइयों के विकास, रोगों के उपचार और कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) में भारी निवेश कर रही हैं।

जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने मानव जीवन को नई दिशा दी है। जीनोमिक अनुक्रमण और आनुवंशिक इंजीनियरिंग जैसी तकनीकों ने चिकित्सा विज्ञान में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज हम कई गंभीर बीमारियों का इलाज खोजने में सक्षम हो रहे हैं, जो पहले असंभव प्रतीत होती थीं। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में भी नई किस्मों के विकास से उत्पादन में वृद्धि हुई है, जिससे खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिली है। यह सब संभव हुआ, क्योंकि समाज में आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बाजार आधारित दृष्टिकोण ने वैज्ञानिक अनुसंधान को नई दिशा दी।

विज्ञान का विकास केवल बाजार और युद्ध तक सीमित नहीं रहा है। आधुनिक समय में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रभावित कर रही है। कई सफल उद्योगपतियों और व्यक्तियों ने अपनी संपत्ति का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना शुरू किया है। उन्होंने ऐसे फाउंडेशन स्थापित किए हैं, जो उन क्षेत्रों में निवेश करते हैं, जिन्हें वे सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं। उदाहरण के लिए, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक बड़ी वैश्विक समस्या बन चुका है। इस समस्या से निपटने के लिए विज्ञान को नई दिशा में कार्य करना पड़ रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास में तेजी आई है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि जब समाज किसी समस्या को गंभीरता से लेता है, तो विज्ञान उस समस्या के समाधान की दिशा में सक्रिय हो जाता है। इस प्रकार, विज्ञान केवल तकनीकी उन्नति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज की आवश्यकताओं और मूल्यों का प्रतिबिंब भी है।

इसके अतिरिक्त, डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का विकास भी समाज के बदलते स्वरूप का परिणाम है। आज की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और संचार की आवश्यकता ने इन क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा दिया है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और डेटा विश्लेषण जैसी तकनीकों ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। ये सभी विकास इस बात को दर्शाते हैं कि विज्ञान समाज की जरूरतों के अनुसार विकसित होता है।

फिर भी, यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि विज्ञान का उपयोग किस प्रकार किया जाता है, यह पूरी तरह समाज के नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर निर्भर करता है। विज्ञान स्वयं में न तो अच्छा होता है और न ही बुरा; इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। इसलिए समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वैज्ञानिक प्रगति का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाए, न कि विनाश के लिए।

विज्ञान और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह संबंध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, चाहे वह युद्धकालीन अनुसंधान हो, बाजार आधारित नवाचार हो या सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किया गया अनुसंधान। भविष्य में भी विज्ञान का विकास समाज की बदलती जरूरतों के अनुरूप होता रहेगा, इसलिए आवश्यक है कि हम एक ऐसा संतुलन बनाए रखें, जिसमें वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक हित दोनों साथ-साथ आगे बढ़ें, ताकि एक बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सके।

> विज्ञान और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। समाज की आवश्यकताएं विज्ञान को दिशा देती हैं और विज्ञान समाज के विकास को गति प्रदान करता है। इतिहास के विभिन्न चरणों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

### आमने सामने



क्या कोई भी संवेदनशील सरकार अस्पतालों के निर्माण पर रोक लगाती है? जयपुर के चारों कोनों पर प्रस्तावित चार सैटेलाइट अस्पतालों का काम अटकाकर एवं बंद कर भाजपा सरकार ने जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया है। आगरा और दिल्ली रोड के अस्पतालों को रद्द करना बेहद शर्मनाक है।


**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

खोखली जादूगरी का झूठ केवल भ्रम पैदा करता है। केवल ट्विटर पर बयान देने से सरकार नहीं चलती। अपराधी सलाखों के पीछे हैं। मंत्री और अधिकारी जेल जा रहे हैं और अभी यह सूची काफी लंबी है। भ्रष्टाचार करने वाले एक भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**-भजन लाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान



## ईरान युद्ध और नव साम्राज्यवाद का क्रूर चेहरा



जयशंकर पांडेय
पूर्व विधायक

फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका ईरान युद्ध ने नवसाम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे से नकाब उतार दी है। अमेरिका ने ईरान पर यह कहते हुए हमला किया था कि वह ईरान के मुल्ला-मोलवियों के कट्टर शासन से वहां की जनता और विशेषकर महिलाओं को आजाद कराने आया है, इसलिए शुरू में जब अयातुल्ला अली खोमेनई और उनकी सेना के कुछ कमांडरों की हत्या हुई, तो वहां की जनता के एक तबके में उत्साह भी दिखा, लेकिन जब अमेरिकी हमले में सैकड़ों की संख्या में ईरानी छात्राएं मारी गईं तो ईरान ही नहीं पूरी मानवता उसका कलेजा फट गया। अमेरिका और इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी अपनी नकाब उतर गई। उस नकाब के नीचे गोरे अमेरिकी और इजराइली का क्रूर चेहरा उजागर हो गया। इसी के साथ अनमने तरीके से अमेरिका को समर्थन दे रहे यूरोप की भी कलई खुल गई।

अमेरिका और इजराइल के इस गठजोड़ ने पश्चिम एशिया के तमाम तेल वाले देशों की कायरता और इस्लाम विरोधी नीतियों को उजागर करके रख दिया। ईरान के राजनीतिक मॉडल की आलोचना करने वाले लोगों को यह समझ में आना चाहिए कि ईरान का राजनीतिक मॉडल सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कतर जैसे तमाम राजशाही वाले अरब देशों से बहुत बेहतर था। वहां इस्लामी मॉडल के भीतर एक तरह का लोकतंत्र है, जिसमें एक वैश्विक व्यवस्था के प्रति सम्मान है और अपनी संप्रभुता के प्रति स्वाभिमान है। वह भले यूरोपीय मॉडल का लोकतंत्र नहीं है, लेकिन हम उसे इस्लामी लोकतंत्र अवश्य कह सकते हैं। जो लोग ईरान में स्त्रियों को शाह रजा पहलवी के दौर की आजादी देना चाहते हैं, उनके पीछे उसे फिर से अमेरिका का उपनिवेश बना देने का इरादा है। पूंजीवाद के व्यापक शोषण तंत्र और लूट का एक पुर्जा बनाने वाले ही इस्लाम के राजनीतिक प्रणाली को बदनाम करने का अभियान चलाए रखना चाहते हैं।

प्राच्यवाद के कठोर आलोचक एडवर्ड सईद ने 'कवरिंग इस्लाम' नामक अपनी पुस्तक में बताया है कि यहूदियों के हाथों में कैद अमेरिकी प्रेस ने किस प्रकार इस्लाम को बदनाम करने का एक अभियान चलाया और यह साबित करने की कोशिश की कि इस्लाम के प्रभाव वाले देश कला, संस्कृति, विज्ञान, साहित्य और दर्शन से विहीन हैं और न तो उनका कोई पुरातत्व अतीत है और न ही सभ्य वर्तमान। वहां तो सिर्फ तेल बेचने वाले शेख रहते हैं जो हरम में अय्याशी करते हैं और या तो आतंकवादी रहते हैं, जो यूरोप और अमेरिका को परेशान करते रहते हैं। सईद ने तथ्यों के माध्यम से यह साबित किया है कि यूरोप के फ्रांस और स्पेन जैसे देशों को छोड़कर कम देश ऐसे हैं, जो इस्लाम के योगदान से परिचित हैं और अरबी, फारसी और पश्चिम एशिया की दूसरी भाषाओं को समझने वाले तो अमेरिका में और भी कम हैं।

इन देशों में स्त्रियों का सम्मान किस हद तक है, इस बारे में मशहूर नारीवादी जर्मेन ग्रीयर का एक मशहूर व्याख्यान है- बिकिनी या बुरका। उन्होंने यह व्याख्यान भारत में दिया था और कहा था कि बिकनी वाले पूंजीवादी देशों ने स्त्री देह का जितना शोषण किया है, उतना बुरका वाले देशों में नहीं हुआ है। आज एपस्टीन फाइल के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि पूंजीवादी तंत्र ईसाई और यहूदी संकीर्णताओं से मिलकर कितना घिनौना कृत्य कर सकता है। वह कृत्य जहां बालिग स्त्रियों के दैहिक शोषण की बात तो छोड़िए छोटी-छोटी बच्चियों के प्रति भी क्रूरता की इंतेहा हो रही है।

तमाम विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बहुत सारे समर्थक एपस्टीन फाइल में बदनाम हो रहे हैं और कानूनी रूप से पकड़ में आ रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह युद्ध छेड़ दिया है। डोनाल्ड ट्रंप की मनमानी पर तो वहां के सुप्रीम कोर्ट ने भी अंकुश लगाने की कोशिश की है, इसलिए मध्यावधि चुनाव जीतने और अपनी ताकत को फिर से कायम करने के लिए ट्रंप ने यह कदम उठाया है। कहा यह भी जा रहा है कि सऊदी अरब के प्रिंस सलमान ने अमेरिका को इस युद्ध में उतरने के लिए उकसाया है, लेकिन उससे भी अधिक उतावलापन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू की ओर से बताया जा रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस युद्ध में अमेरिका की सरपरस्ती में रहने वाले तमाम अरब के देश, इजराइल और अमेरिका के साथ हैं, जबकि उनकी अवाम विरोध कर रही है।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की जो व्यवस्था बनी, वह लोकतांत्रिक नहीं थी और उसमें भेदभाव की पर्याप्त गुंजाइश थी। इसी भेदभाव के रास्ते साम्राज्यवाद अपने पैर पसार रहा था। कभी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका में सत्ता परिवर्तन कराता रहा तो कभी वियतनाम और कोरिया में। यह सिलसिला अफगानिस्तान से लेकर इराक, सीरिया और दूसरे देशों में जारी रहा। अमेरिका ने राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के लिए बनी संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था का कम से 50 बार उल्लंघन कर दूसरे देशों पर आक्रमण किए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> अमेरिका-इजराइल गए थे ईरान की नकाब उतारने, लेकिन हकीकत में उनकी खुद की नकाब उतर गई। उस नकाब के पीछे उनका क्रूर चेहरा उजागर हो गया है।

### सोशल फोरम

## नेहरू की बहन कृष्णा



राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

दो नवंबर 1907 को जन्मी मोतीलाल नेहरू की बेटी, जवाहरलाल नेहरू और विजय लक्ष्मी पंडित की छोटी बहन कृष्णा नेहरू हठी सिंह को अपेक्षाकृत कम लोग जानते हैं। वह जवाहरलाल से 17 साल छोटी और बहन विजयलक्ष्मी पंडित से सात साल छोटी थीं। जनवरी 1955 की 'टाइम' पत्रिका में श्रीमती हठी सिंह ने अपने प्रतिष्ठित परिवार का एक वर्णन प्रस्तुत किया है।

वह लिखती हैं, "मैंने हमेशा जवाहर का आदर किया है, लेकिन तीस साल के संघर्ष और बलिदान ने अपनी छाप छोड़ी है। हर साल ने उनकी गर्मजोशी, उल्लास और मिलनसार आकर्षण को कुछ हद तक कम कर दिया है... भूरी आंखें जो कभी किसी मजाकिया टिप्पणी पर चमकने के लिए हमेशा तैयार रहती थीं, अब अकसर कठोर अवज्ञा या थकी हुई हताशा का भाव रखती हैं। उनका चेहरा एक थके हुए आदमी का है, जो किसी आंतरिक शक्ति द्वारा संचालित लगता है जो कभी नरम नहीं पड़ती, कभी जाने नहीं देती। आज उनकी मुस्कान एक आत्म-संयमी व्यक्ति, एक विनम्र प्रधानमंत्री की मुस्कान है, जो अपनी शक्ति के बारे में पूरी तरह से जागरूक है, किसी भी आलोचना को चुनौती देता है।"

अपने बचपन के विषय में कृष्णा बताती हैं, "अपने बचपन में मैंने एक शांत जीवन जिया। हम एक छोटे और संयोजित परिवार के लोग थे और हमारा यह छोटा संसार बहुत खुशी भरा था; जिसमें कोई दुख या कठिनाई नहीं थी। धीरे-धीरे हमारे जीवन को बहुत परिवर्तन देखने पड़े, परंतु हम एक साथ बने रहे, इसलिए इन दुखों का पता नहीं चला। जीवन चलता रहा और हम धीरे-धीरे अलग राहों पर चल पड़े। हम मानसिक और शारीरिक रूप से इतने मजबूत होते गए कि हमारी राह में चाहे कुछ भी आए, हमें परवाह नहीं रही।"

इससे अलग अपनी एक पुस्तक में कृष्णा हठी सिंह अपनी पृष्ठभूमि देते हुए बताती हैं, "...हम कश्मीरी ब्राह्मण हैं। हमारे पूर्वज राज कौल (कमला कौल के परिवार से भिन्न) मुगल बादशाह फर्रूखसियर के दरबार में कश्मीर से आए थे। फर्रूखसियर उनकी विद्वता से बहुत प्रभावित था। उसने उन्हें दिल्ली में एक नहर के किनारे रहने के लिए मकान भेंट किया था। नहर के किनारे रहने के कारण हमारा परिवार दिल्ली में कौल नहर के नाम से मशहूर हुआ। कालांतर में कौल नहर का कौल नेहरू हो गया और समय के साथ कौल हटकर सिर्फ नेहरू बचा और यों हम नेहरू कहलाने लगे।"

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## आईपीएल के शोर में कहीं खो न जाए टेस्ट क्रिकेट

आज से शुरू हो रहा आईपीएल अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक ऐसे विशाल मंच में बदल चुका है जहां खेल, व्यवसाय, ग्लैमर और दर्शकों की भावनाएं एक साथ नजर आती हैं। इसकी लोकप्रियता और प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि यह लोगों की दिनचर्या और सोच पर भी गहरा असर डालने लगा है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस चमक-दमक के बीच कहीं क्रिकेट का असली स्वरूप तो पीछे नहीं छूट रहा?

आज के दौर में इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक विशाल मनोरंजन उद्योग बन चुका है। जैसे ही आईपीएल का सीजन शुरू होता है, पूरे देश में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। टीवी, मोबाइल, सोशल मीडिया और अखबार- हर जगह आईपीएल की चर्चा होती है। बड़े-बड़े खिलाड़ी, फिल्मी सितारे, ब्रांड विज्ञापन और स्टेडियम की चमक-दमक इसे किसी त्योहार जैसा बना देते हैं।



धनीश शर्मा
लेखक

आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी, जिन्हें पहले पहचान नहीं मिल पाती थी, आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इसके अलावा, खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिली है। जहां कई बार कम उम्र के खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होती है, वे अचानक मिली इस सफलता और प्रसिद्धि के दबाव को संभाल नहीं पाते। अधिक धन और अपेक्षाओं का बोझ उनके प्रदर्शन को प्रभावित करता है।

इसके नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अत्यधिक पैसा, विज्ञापन और ग्लैमर के कारण खेल की मूल भावना प्रभावित हो रही है। कई बार खिलाड़ी देश के लिए खेलने के बजाय लीग को प्राथमिकता देते हैं। इसके अलावा, लगातार मैचों के कारण खिलाड़ियों पर मानसिक और शारीरिक दबाव भी बढ़ता है। क्रिकेट को परंपरागत रूप से धैर्य, तकनीक, अनुशासन और खेल भावना का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, जिसे खेल का सबसे शुद्ध रूप कहा जाता है, खिलाड़ियों की क्षमता और मानसिक मजबूती की असली परीक्षा लेता है, लेकिन आईपीएल के आगमन के बाद क्रिकेट का स्वरूप तेजी से बदल गया है। अब खेल की गति तेज हो गई है, जहां हर गेंद पर चौका-छक्का लगाने का दबाव रहता है। इसके साथ ही दर्शकों की रुचि में भी बदलाव आया है। आज लोग तेजी और रोमांच को ज्यादा पसंद करते हैं, जिसके कारण टेस्ट और वनडे क्रिकेट की लोकप्रियता प्रभावित हो रही है। यह क्रिकेट के संतुलित विकास के लिए एक चुनौती है।

आईपीएल ने खेल को पूरी तरह से बाजार से जोड़ दिया है, जहां टीमों की नीलामी, खिलाड़ियों की कीमत और ब्रांड वैल्यू पर अधिक ध्यान दिया जाता है। इससे कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि खेल की जगह व्यापार ने ले ली है। आईपीएल के शोर और चमक में खेल की सादगी और आत्मा कहीं दबती नजर आती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम मनोरंजन के साथ-साथ खेल की मूल भावना को भी बनाए रखें और साथ में यह न भूलें कि क्रिकेट की आत्मा टेस्ट क्रिकेट में ही बसती है। इस पैसों के मायाजाल में टेस्ट क्रिकेट कहीं खो न जाए। आज जरूरत है क्रिकेट के असली खेल टेस्ट क्रिकेट को संभाल कर रखने की, जिससे क्रिकेट की मूल स्वरूप में असली क्रिकेट जिंदा रह सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



उस दिन हल्की गर्म दोपहर थी। हमारी कार ठीक एक बजकर 10 मिनट पर एक ऐसी जगह आकर रुकी, जहां पहुंचते ही लगा कि हम किसी पर्यटन स्थल पर नहीं, बल्कि एक अलग ही मन :स्थिति में प्रवेश कर गए हैं। गांव छूटने के बाद जीवन में बहुत-सी चीजें पीछे रह जाती हैं। उनमें से एक होली भी है। शहरों की होली में रंगों की चमक तो होती है, लेकिन वह मन में उसी तरह नहीं उतरती जैसे गांव में फाग के गीतों के साथ खेली जाने वाली होली उतरती थी। शायद उसी खोई हुई अनुभूति की तलाश में अब हर होली पर मैं किसी नई जगह की ओर निकल पड़ता हूं।





मृदुल कपिल
साहित्यकार

# कुटनी आइलैंड
## शांति और सौंदर्य का अनूठा संगम

### मन के पास प्रकृति की सुंदरता

इस होली पर भी समय और साधन सीमित थे। खजुराहो की यात्रा के दो दिन पूरे हो चुके थे और मेरे पास खुद से चुराया हुआ बस एक दिन और था। उसी दिन मैं अपने साथियों प्रिया और माधव के साथ खड़ा था एक बेहद सुंदर जगह पर कुटनी आइलैंड। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो से लगभग 12 किलोमीटर दूर, कुटनी जलाशय के बीच स्थित यह छोटा-सा टापू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विकसित किया गया है। पानी से घिरे इस शांत द्वीप पर एमपी टूरिज्म के केवल दस कॉटेज बने हुए हैं, जहां ठहरकर पर्यटक इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता को करीब से महसूस कर सकते हैं।





### जलक्रीड़ा का रोमांच और गहरी शांति

रिजॉर्ट तक पहुंचने का अनुभव भी अपने आप में अलग है। मुख्य परिसर से लगभग 700 मीटर पहले वाहन पार्क करना पड़ता है। इसके बाद पैदल या ई-कार्ट से एक लोहे के पुल को पार करते हुए इस टापू तक पहुंचना होता है। पुल पार करते ही सामने खुलती है एक शांत दुनिया चारो ओर फैली जलराशि और बीच में मखमली हरियाली से घिरा छोटा-सा टापू। कॉटेज के कमरे का पर्दा हटाते ही दूर तक फैला पानी दिखाई देता है और दरवाजा खोलते ही सामने हरी घास का खुला मैदान। यहां प्रकृति और आधुनिकता का संतुलित मेल दिखाई देता है। एक ओर बोटिंग और जलक्रीड़ा का रोमांच है, तो दूसरी ओर गहरी शांति।

### क्षितिज पार उगता लाल सूरज

कई वर्षों बाद यहां आकर मैंने सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों देखे। सूर्योदय देखने की उत्सुकता इतनी थी कि जिस व्यक्ति को सामान्य दिनों में सुबह नौ बजे उठना भी कठिन लगता है, वह उस दिन पांच बजे ही उठ गया। सुबह की ओस से भीगी घास पर नंगे पैर टहलते हुए अचानक मन दार्शनिक हो उठा। चारों ओर जल से घिरे उस टापू पर मेरे साथ एक दुबला-सा आवारा श्वान भी टहल रहा था। तभी मन में एक प्रश्न उठा आखिर कितने दिनों बाद मेरे पैरों ने मिट्टी को सीधे छुआ है? मिट्टी में जन्मा, धूल भरे गांव की गलियों में खेला और शहर की गर्म सड़कों पर मीलों पैदल चला मनुष्य कब अपने और धरती के बीच इतनी दूरी बना बैठा, शायद इसका एहसास हमें ऐसे ही क्षणों में होता है। उसी समय क्षितिज के उस पार से उगते हुए लाल सूर्य ने जैसे इस विचार यात्रा को विराम दिया। मन में तुलसीदास की पंक्तियां स्वतः गूंज उठीं "छिति जल पावक गगन समीरा, पंच रचित अति अधम सरीरा।" मैं उस क्षण को अपने कैमरे में कैद करने लगा। कुटनी आइलैंड उन जगहों में से है, जहां यात्रा केवल पर्यटन नहीं रह जाती। कभी-कभी ऐसी यात्राएं हमें नई जगहें नहीं दिखातीं, बल्कि हमारी खोई हुई अनुभूतियों को वापस लौटा देती हैं। इस यात्रा ने मुझे लौटाकर दी, मेरे पैरों के नीचे की मिट्टी।



जॉब का पहला दिन

## डर, सीख और एक नई शुरुआत



पूनम मौर्य
हल्द्वानी

उस दिन मैं थोड़ी सी डरी हुई थी, क्योंकि ये मेरी पहली जॉब थी और पहला ही दिन। सुबह ठीक 10 बजे मैं ऑफिस पहुंची। हाथ में एक छोटा सा बैग था, जिसमें नोटबुक, पेन और एक हल्की सी घबराई हुई मुस्कान छुपी हुई थी। बाहर से न्यूज चैनल का ऑफिस जितना शांत और सामान्य लगता है, अंदर कदम रखते ही उतनी ही तेज रफ्तार और हलचल महसूस होती है। जैसे ही मैं अंदर गई, सबसे पहला झटका लगा- चारों तरफ चमकते मॉनिटर्स, हर स्क्रीन पर अलग-अलग न्यूज चल रही थी। कोई स्क्रिप्ट लिख रहा था, कोई फोन पर बात कर रहा था, तो कोई ब्रेकिंग न्यूज की तैयारी में लगा था। हर कोई अपने काम में इतना डूबा हुआ था कि समय जैसे दौड़ रहा हो। थोड़ी ही देर में मैनेजर ने मुझे टीम लीडर और बाकी टीम से मिलवाया। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, "पहले दिन बस देखो और समझो, असली काम कल से शुरू होगा।" उनकी बात सुनकर थोड़ी राहत भी मिली और उत्साह भी बढ़ गया। फिर मुझे एक डेस्क पर बैठा दिया गया, जहां एक सीनियर रिपोर्टर काम कर रहे थे। उन्होंने मुझे बड़े ही सहज तरीके से न्यूजरूम के बेसिक्स समझाने शुरू किए, कैसे स्टोरी आइडिया बनता है, कैसे फील्ड में जाकर रिपोर्टिंग की जाती है और सबसे अहम, डेडलाइन का क्या मतलब होता है। उनके हर शब्द में अनुभव झलक रहा था और मैं हर बात ध्यान से सुन रही थी।

कुछ देर बाद मुझे पहला छोटा सा काम मिला-एक खबर की रिसर्च। समय सिर्फ 10 मिनट था। मैंने तुरंत गूगल पर सर्च करना शुरू किया, लेकिन सीनियर ने रोकते हुए कहा, "गूगल सब कुछ नहीं बताता, असली खबर जमीन से मिलती है। हमारे लोकल रिपोर्टर से बात करो।" तभी मुझे समझ आया कि यहां सिर्फ स्पीड ही नहीं, बल्कि सटीकता भी उतनी ही जरूरी है। दोपहर में थोड़ा ब्रेक मिला, लेकिन दिमाग अब भी उसी माहौल में उलझा हुआ था। ब्रेक के बाद एडिटर-इन-चीफ आए और उन्होंने दिन की बड़ी खबरों पर चर्चा की। कौन-सी स्टोरी फोकस में रहेगी, कौन एंकर क्या करेगा, किस खबर के लिए ग्राफिक्स बनेंगे-सब कुछ बड़ी तेजी से तय हो रहा था। मैं बस चुपचाप सब देखती और सीखती रही, मन में एक सपना लिए कि एक दिन मैं भी अपनी पहली रिपोर्टिंग करूंगी। शाम को जब पहला दिन खत्म हुआ, तो शरीर थका हुआ था, लेकिन दिल बेहद खुश था। घर लौटते वक्त एक बात साफ समझ आ गई कि न्यूज चैनल में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि एक जुनून है। यहां हर दिन नया होता है, हर खबर एक नई कहानी लेकर आती है और सबसे बड़ी सीख यही है कि यहां समय किसी के लिए नहीं रुकता।




# वैश्विक संस्कृति का प्रतीक बार्बी डॉल

आखिर कौन है, जिसने 'बार्बी डॉल' का नाम नहीं सुना है? बार्बी वह गुड़िया रही है, जिसने छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियों की खेलने की दुनिया ही बदल दी। बार्बी ने अब तक बच्चों की कल्पनाओं, करियर और बदलाव का सफर तय किया है। कौन जानता था कि बार्बी दुनिया में इतनी प्रसिद्ध हो जाएगी। यह खिलौना मात्र नहीं है, बल्कि यह तो बच्चों के अनगिनत सपनों की गुड़िया है। इसकी लोकप्रियता के तो कहने ही क्या हैं? सच तो यह है कि बार्बी ने समाज पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है।





सुनील कुमार महला
लेखक

बार्बी गुड़िया जब 1959 में पहली बार न्यूयॉर्क खिलौना मेले में प्रस्तुत की गई, तब उसका रूप उस समय की अन्य गुड़ियाओं से बिल्कुल अलग था। दरअसल, उस दौर में ज्यादातर गुड़ियाएं छोटे बच्चों या शिशुओं के रूप में बनाई जाती थीं, लेकिन बार्बी को एक युवती के रूप में डिजाइन किया गया था। उसका शरीर किसी वयस्क महिला जैसा था, लंबे पैर, पतली कमर और स्टाइलिश व्यक्तित्व के साथ उसे एक फैशन मॉडल की तरह बनाया गया था।

बार्बी ने काले-सफेद धारीदार (ब्लैक एंड व्हाइट) स्विमसूट पहना हुआ था। उसके बाल सुनहरे या भूरे रंग के पोनीटेल स्टाइल में थे। इतना ही नहीं, उसके पैरों में हाई हील सैंडल और कानों में छोटे-छोटे ईयररिंग्स थे, जिससे उसका रूप आधुनिक और फैशनेबल दिखाई देता था। उस समय उसकी आंखें हल्की-सी नीचे की ओर झुकी हुई दिखाई देती थीं, जिन्हें बाद में बदलकर सामने देखने वाला बनाया गया। बार्बी का यह रूप उस समय की लड़कियों के लिए खास था, क्योंकि वे उसके माध्यम से खुद को भविष्य में अलग-अलग भूमिकाओं में कल्पना कर सकती थीं। यही कारण है कि यह गुड़िया जल्द ही बेहद लोकप्रिय हो गई और खिलौनों की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

9 मार्च 1959 को अमेरिकी खिलौना कंपनी मैटल ने इस गुड़िया यानी कि बार्बी डॉल को मेले में प्रस्तुत किया था तथा इसका निर्माण कंपनी की सह-संस्थापक रूथ हैंडलर द्वारा किया गया था। दरअसल, उन्होंने यह देखा कि उस समय बाजार में मिलने वाली अधिकांश गुड़ियाएं छोटे बच्चों के रूप में बनाई जाती थीं, जबकि लड़कियां खेलते समय खुद को बड़े होकर अलग-अलग भूमिकाओं जैसे कि डॉक्टर, शिक्षक, वैज्ञानिक, खिलाड़ी या अन्य पेशों में कल्पना में देखना चाहती थीं। न्यूयॉर्क टॉय फेयर में जब बार्बी ने अपना डेब्यू किया, तो उसने खिलौनों की दुनिया को नई दिशा दी। लॉन्च होते ही यह गुड़िया बेहद लोकप्रिय हो गई और धीरे-धीरे केवल एक खिलौना नहीं, बल्कि एक वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीक बन गई। समय के साथ इसके हजारों अलग-अलग रूप बनाए गए, जिनमें विभिन्न देशों की पोशाकें, जीवन-शैलियां और अनेक पेशे भी शामिल किए गए और इसी ऐतिहासिक शुरुआत की स्मृति में हर वर्ष 9 मार्च को 'बार्बी दिवस' मनाया जाता है, जब दुनिया भर में खिलौना प्रेमी, संग्राहक और बच्चे कार्यक्रमों, प्रदर्शनों और सोशल मीडिया के माध्यम से बार्बी की लोकप्रियता का उत्सव मनाते हैं।

बार्बी गुड़िया के बारे में कई ऐसे रोचक तथ्य भी हैं, जो बहुत कम लोगों को पता हैं। सबसे पहले, बार्बी का पूरा नाम बारबरा मिलिसेंट रॉबर्ट्स है, जो रुथ हैंडलर की बेटी बारबरा के नाम पर रखा गया था। इसी तरह बार्बी के बॉयफ्रेंड केन का नाम रुथ हैंडलर के बेटे केनेथ के नाम पर रखा गया। 1959 में जब पहली बार्बी लॉन्च हुई, तब इसकी कीमत लगभग 3 डॉलर थी, जबकि आज दुर्लभ और कलेक्टर एडिशन बार्बी गुड़ियाएं हजारों डॉलर में बिकती हैं।

### बार्बी की शुरुआती डिजाइन

बार्बी के शुरुआती डिजाइन की प्रेरणा जर्मनी की बिल्ड लिली डॉल (दुनिया की पहली आधुनिक फैशन गुड़ियों में से एक) से मानी जाती है, जो एक कॉमिक स्ट्रिप पर आधारित गुड़िया थी। इसे वर्ष 1955 में जर्मनी में बनाया गया था। यह गुड़िया मूल रूप से बच्चों के लिए नहीं, बल्कि वयस्कों के लिए बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इसका चरित्र जर्मनी के प्रसिद्ध अखबार बिल्ड में प्रकाशित एक कॉमिक स्ट्रिप की पात्र लिली पर आधारित था। दरअसल, बिल्ड लिली लंबी, पतली और फैशनेबल कपड़ों में दिखाई जाती थी तथा उसके सुनहरे बाल, हाई हील्स और आकर्षक कपड़े उसकी विशेष पहचान थे। अमेरिकी कंपनी मैटल की सह-संस्थापक रुथ हैंडलर ने यूरोप यात्रा के दौरान बिल्ड लिली गुड़िया देखी और बाद में इससे प्रेरित होकर, उन्होंने 1959 में प्रसिद्ध गुड़िया बार्बी बनाई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1964 में मैटल ने बिल्ड लिली के अधिकार खरीद लिए और बाद में इसका निर्माण बंद कर दिया। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार्बी ने ब्लैक-एंड-व्हाइट धारीदार स्विमसूट पहना था और उसकी आंखों की पुतलियां नीचे की ओर झुकी हुई थीं। बाद में 1971 में उसका लुक बदलकर उसे सामने देखने वाला बनाया गया। समय के साथ बार्बी डॉल में हमें अनेक करियर देखने को मिले। मसलन, डॉक्टर, पायलट, कंप्यूटर इंजीनियर, खिलाड़ी, वैज्ञानिक और राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार वगैरह-वगैरह। सच तो यह है कि बार्बी डॉल केवल और केवल फैशन डॉल ही नहीं रही, बल्कि उसने 250 से अधिक करियर अपनाए। यहां तक कि बार्बी डॉल ने 1965 में एस्ट्रोनॉट बार्बी का रूप भी अपनाया, जो इंसान के चंद्रमा पर पहुँचने (1969) से लगभग चार साल पहले ही महिलाओं की अंतरिक्ष यात्रा की कल्पना को दर्शाती थी। इतना ही नहीं, बार्बी में विविधता भी धीरे-धीरे जोड़ी गई। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1968 में क्रिस्टी बार्बी नाम की अश्वेत गुड़िया (बार्बी की सहेली) पेश हुई, जबकि 1980 में पहली आधिकारिक ब्लैक बार्बी लॉन्च की गई। आज बार्बी अलग-अलग नस्लों, संस्कृतियों और शारीरिक बनावट जैसे सुडौल, लंबी और छोटी में भी बनाई जाती है।

संस्मरण

## भविष्यफल




जब काम से छुट्टी हो, तो उदासीनता आ ही जाती है। कॉलेज की छुट्टियां चल रही हैं। समर ब्रेक ऐसा लग रहा है मानो जिंदगी पर ही ब्रेक लग गया हो। कुछ करने के लिए हो ही न और जब काम हो तो काम की थकान, हर रोज यही इच्छा होती है कि काश! आज छुट्टी मिल जाए। शायद हम इंसानों की फितरत ही ऐसी होती है, जो प्रत्यक्ष मिलता है, उसमें कभी खुश नहीं रहते। इसी उधेड़बुन में मैंने मन बदलने के लिए फोन चलाना शुरू कर दिया। कभी इंस्टाग्राम तो कभी फेसबुक, कभी यूट्यूब पर कहीं मन नहीं लगा।



श्रुति सुकुमार
लेखिका, बरेली

मैंने फोन पटक दिया। क्या करूं! चलो मैगजीन ही पढ़ लेती हूं, कुछ न कुछ ज्ञानवर्धक तो मिल ही जाएगा। यही सोचकर मैं मैगजींस निकाली और पढ़ने लगी। मैगजींस पढ़ते-पढ़ते काफी समय बीत गया। अच्छे लेखों को पढ़कर मन भी खुश हो गया। सच में किताबें हमारी सबसे अच्छी दोस्त होती है। तभी डोर बेल बजी। "नैना" "ओ मम्मी आ गई।" मैंने दरवाजा खोला। मम्मी बाजार से आ गई थीं और साथ में उनकी सहेली रीना आंटी भी आई थीं। "क्या कर रही थी? इतनी देर से दरवाजा क्यों खोला। कब से बेल बज रही हूं। पानी भर के नहीं रखा? जरा थोड़ी देर के लिए कहीं चले जाओ पूरा घर अस्त-व्यस्त सा हो जाता है।" मम्मी बोले जा रहीं थीं। "वो मैं मैगजींस..." "क्या मैं-मैं पूरा घर फैला रखा है।" मम्मी ने मेरी बात बीच में ही काटते हुए कहा। "ओहो..छोड़ो भी..बच्ची है..इधर-उधर बिजी हो गई होगी, अब कर देगी।" आंटी ने मेरा बचाव किया और मुझे मम्मी की डांट से बचाया। रीना आंटी की बात सुनकर मम्मी कुछ नरम पड़ी।

रीना आंटी बहुत ही खुशमिजाज व बिंदास किस्म की महिला है। हर जगह हंसी-खुशी का माहौल बना ही देती है। कोई ऐसी-वैसी बात हो, तो भी माहौल हल्का कर देती हैं। एकदम अप-टू-डेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हैं। यह बात अलग है कि ज्यादातर अपडेट्स वह खुद न कर, अपनी बेटी से करती हैं। यूं तो उनका फिगर भी थोड़ा ज्यादा ही है, फिर भी कपड़े फैशन के हिसाब से ही पहनती हैं। उन्हें पिछड़ा हुआ रहना बिल्कुल पसंद नहीं। आजकल तो प्लाजो और जींस जमकर पहन रही हैं। कुल मिलाकर वह एकदम आधुनिक है। मम्मी ने कहा- "नैना आंटी के लिए चाय तो बना लो।" रीना आंटी ने जोड़ते हुए कहा -" और साथ में पापड़ भी"।

रीना आंटी मेरी निकली भी मैगजींस पढ़ने लगीं। तभी अचानक कुछ पढ़कर रीना आंटी विचिलित सी हो उठीं। उनको एकदम उदास हो गईं। मानो दिल डूब सा गया हो। वह उदास हो गईं। मैं चाय लेकर आई। आंटी गुमसुम सी बैठी थीं।

"क्या हुआ आंटी? अचानक से आप इतनी परेशान क्यों लग रही हैं?" मैंने पूछा। आंटी बोली "अरे भविष्यफल में कुछ भी ठीक नहीं निकला है इसलिए मेरा मन बेचैन सा हो रहा है।" मम्मी ने कहा- "ओ हो, इन सब चीजों को कोई इतनी गंभीरता से थोड़ी नहीं लेना होता है।" आंटी ने बोला- "अरे कुछ तो सच्चाई होती ही होगी न"।

मैंने पूछा- "अच्छा क्या लिखा है, जरा पढ़िए तो।" "आपका पूरा माह संघर्ष भरा रहेगा। किसी प्रियजन से मनमुटाव हो सकता है। आमदनी कम होगी व खर्च बढ़ेंगे"। आंटी ने दुखी होते हुए पढ़ा। मम्मी ने मुंह बनाकर कहा- "अरे सब फालतू की बातें हैं।" लेकिन रीना आंटी व्याकुल थी। अनायास ही उनकी हंसी कहीं गुम हो गई थी। "ओफ्फो... आप लोग भी न छोड़िए यह सब।" आंटी मम्मी सही कह रही हैं, इन सबको इतनी गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। आप खुद ही सोचिए एक ही राशि के कितने सारे लोग होते हैं। यह कोई एक व्यक्ति विशेष आपके लिए ही नहीं है। "कम ऑन आंटी! डोंट बी सिली।" मेरी बातों का आंटी पर कोई खास असर होता नजर नहीं आया। तभी मेरी नजर मैगजीन के कवर पेज पर पड़ी। "ओ माय गॉड! अब आप लोग अपनी मूर्खता ओर अंधविश्वास पर जोर से हंसने को तैयार हो जाइए, क्योंकि" मैंने मैगजीन उठाते हुए कहा। "यह मैगजीन दो महीने पुरानी है, तो यह भविष्यफल भी दो महीने पुराना हुआ यानी बीत चुका है।" "क्या!" रीना आंटी के चेहरे पर चमक लौट आई और वह हो-हो करके हंस पड़ी। फिर हम सभी ने सुकून से चाय नाश्ते का आनंद लिया।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,583.22 | 22,819.60 |
| गिरावट | 1,690.23 | 486.85 |
| प्रतिशत में | 2.25 | 2.09 |

सोना 1,47,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,30,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 28 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ी, प्रमुख उद्योगों को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी के आवंटन में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस्पात और वाहन क्षेत्र सहित अन्य औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अब कुल कोटा बढ़कर युद्ध शुरू होने से पहले की मांग के 70 प्रतिशत स्तर पर पहुंच गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्देश दिया है कि इस अतिरिक्त आपूर्ति में इस्पात, वाहन, कपड़ा, रंग, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम-प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता दी जाए। ये क्षेत्र अन्य आवश्यक उद्योगों के लिए आधार का काम करते हैं।

### कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा समाप्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने एक अप्रैल से कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर लागू मूल्य सीमा को हटाने की घोषणा की। वर्तमान में प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा लागू है। इस कदम से छोटे निर्यातकों और ईकॉमर्स आधारित निर्यात को मदद मिलने की उम्मीद है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा, कूरियर सेवा के जरिए निर्यात पर प्रति खेप मूल्य सीमा एक अप्रैल 2026 से समाप्त कर दी जाएगी। बजट में सरकार ने कूरियर निर्यात पर प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा को पूरी तरह समाप्त करने की घोषणा की थी।

# विपक्ष का उद्योगों को राहत देने का आरोप सरकार बोली- हमें आम लोगों की चिंता

## वित्त विधेयक पर तीखी चर्चा, भाजपा सांसद ने कहा- सरकार ने कर आतंकवाद समाप्त किया

- कांग्रेस ने कहा- केंद्र की ओर से आम लोगों पर लादा जा रहा करों का बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में शुक्रवार को वित्त विधेयक, 2026 ओर विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2026 पर एक साथ चर्चा के दौरान विपक्ष ने सरकार पर बजट में जरूरतमंदों की अनदेखी करने का आरोप लगाया जबकि सत्तापक्ष ने कहा कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है।

गुजरात से कांग्रेस के शक्ति सिंह गोहिल ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि वित्त विधेयक में सरकार ने जरूरतमंदों, किसानों और महिलाओं का ध्यान नहीं रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों के हवाले से उन्होंने कहा कि जहां आयकर के प्राप्त राजस्व 26 प्रतिशत बढ़ा था वहीं जीडीपी के अनुपात में कॉरपोरेशन कर में कमी आई है। इसका मतलब है कि कर का बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है और उद्योगों को राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वित्त विधेयक में साल 2047 तक गुजरात के गांधीनगर स्थित गिफ्टी सिटी को कर में छूट दी गई है, जहां बड़े-बड़े लोग रहते हैं, लेकिन आम लोगों की, किसानों और महिलाओं को कोई राहत नहीं दी गयी है। कैग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए गोहिल ने आरोप लगाया कि सरकार उपकर और अधिभार लगाकर घोषित उद्देश्य से इतर उसका इस्तेमाल कर रही है।

भाजपा के संजय सेठ ने कहा कि भारत इस समय सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। आज पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दिये गए हैं जबकि भारत में उत्पाद शुल्क कम करके इनके दाम नहीं बढ़ने दिए गए हैं। यह दिखाता है कि सरकार आम लोगों की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जो सरकार में लोगों के विश्वास को दिखाता है। सरकार ने कर आतंकवाद को समाप्त कर व्यवसायियों को कर मुक्त किया है।



राज्यसभा में वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान बोलते तृणमूल सांसद डेरेक ओब्रायन।

### वित्त मंत्री भरोसा दिलाए, विधानसभा चुनाव के बाद भी नहीं बढ़ाए जाएंगे डीजल और पेट्रोल के भाव : तृणमूल

तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि उत्पाद शुल्क में कटौती इसलिए की गयी है कि क्योंकि चार राज्यों में चुनाव हैं। यदि सरकार आम लोगों के बारे में सोचती तो पिछले चार साल से रूस से कम कीमत पर कच्चा तेल की खरीद का लाभ उन्हें देती जो नहीं किया गया। उन्होंने वित्त मंत्री से इस बात का आश्वासन मांगा कि चुनाव समाप्त होने के बाद भी पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने संसद का सत्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री के बयान जारी करने के बाद संसद में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा न करने पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को इतनी ही चिंता होती तो रसोई गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये नहीं बढ़ाए जाते।

### भारत में धनवानों की दौलत, गरीबों की बढ़ रही है भुखमरी : द्रमुक सांसद

तमिलनाडु से द्रमुक के पी. विल्सन ने कहा कि बजट में आर्थिक असमानता कम करने के लिए कोई उपाय नहीं किया गया है। एक तरफ धनाढ्य लोगों की संपत्ति बढ़ रही है और दूसरी तरफ भुखमरी की रैंकिंग में भारत लगातार नीचे गिर रहा है। खाद्य सब्सिडी, ईंधन पर सब्सिडी और उर्वरक सब्सिडी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण पर खर्च कम करके और आम लोगों पर बोझ डालकर राजकोषीय घाटा कम करना गलत है। उन्होंने कहा कि देश की आम गृहणी राजकोषीय घाटे का आंकड़ा नहीं देखती, वह चावल की कीमत देखती है। उन्होंने केंद्र पर तमिलनाडु के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि कई फंड सिर्फ कागज पर हैं, लेकिन राज्य को कोई पैसा नहीं मिला है। पिछले पांच साल में राज्य को कुछ भी नहीं दिया गया है जिसका जवाब विधानसभा चुनाव में जनता देगी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 11.41 अरब डॉलर घटा, 698.3 अरब डॉलर पर आया

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट की वजह से घटा है।

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 2.13 अरब डॉलर बढ़कर 557.69 अरब डॉलर हो गईं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 13.49 करोड़ डॉलर घटकर 117.19 अरब डॉलर रह गया। विशेष



### चांदी 11,250, सोना 1,900 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** वैश्विक उथलपुथल के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं में पांच प्रतिशत तक गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत लुढ़ककर सभी करों सहित 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जो बुधवार को बाजार बंद होने के समय 2,41,250 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये यानी 1.3 प्रतिशत टूटकर सभी करों सहित 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछली बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स को दिया गया 14.93 करोड़ रुपये के आयकर का नोटिस

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान प्रदान करने वाली एनआईआईटी लर्निंग सिस्टम्स लिमिटेड (एनआईआईटी एमटीएस) को आयकर विभाग से आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 14.93 करोड़ रुपये की मांग को लेकर नोटिस मिला है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को जानकारी दी, आयकर विभाग की आकलन इकाई ने वर्ष 2023-24 के लिए 14,93,39,220 रुपये (ब्याज सहित) की राशि की मांग को लेकर नोटिस जारी किया है। कंपनी ने कहा कि यह नोटिस गणना में स्पष्ट गलती के कारण आई है, जिसमें पहले से भरे गए करों का सही क्रेडिट शामिल नहीं था। कंपनी ने कहा, इससे उसके वित्तीय परिणामों या कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा।

## आईफोन यूजर भी एक फोन पर चला सकेंगे दो व्हाट्सएप खाते

- व्हाट्सएप ने यूजर्स के लिए कई और भी नई सेवाएं पेश कीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने कई नई सेवाएं शुक्रवार को पेश कीं। इनके तहत एप्पल आईफोन यूजर अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा तस्वीर संपादन और संदेश लिखने के लिए नए एआई उपकरण भी जोड़े गए हैं।

कंपनी ने कहा कि 'टू अकाउंट्स, वन फोन' सेवा जो पहले केवल एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध थी अब आईओएस पर भी शुरू की जा रही है। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि इस अपडेट के बाद यूजर्स को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एप के नीचे वाले 'टैब' में दिखाई देने वाली प्रोफाइल तस्वीर के जरिये यूजर सक्रिय खाते की पहचान कर सकेंगे। जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई के बढ़ते उपयोग के बीच व्हाट्सएप ने मेटा एआई को सीधे चैट में एकीकृत किया है।

एआई उपकरण से जुड़ी संभावित सुरक्षा चिंताओं पर कंपनी ने जोर देते हुए कहा कि यूजर्स की चैट पूरी तरह निजी रहेंगी। कंपनी ने यह भी कहा कि मेटा एआई सेवाएं सभी यूजर्स को तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाएंगी। नई सेवाओं में प्रेडिक्टिव स्टिकर के सुझाव भी शामिल हैं। टाइप करते समय इमोजी के स्थान पर सुझाया गया स्टिकर इस्तेमाल किया जा सकेगा। व्हाट्सएप ने कहा, नई सेवाएं चरणबद्ध तरीके से जल्द ही सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होंगे।

### तस्वीर भेजने से पहले कर सकेंगे एडिट

यूजर अब किसी तस्वीर को भेजने से पहले तस्वीर में सुधार कर सकते हैं, अनचाहे तत्व हटा सकते हैं, पृष्ठभूमि बदल सकते हैं या अलग-अलग शैली लागू कर सकते हैं।। इसके साथ क्रॉस-प्लेटफॉर्म चैट ट्रांसफर भी आसान बना दिया गया है। अब मंच आधिकारिक तौर पर आईओएस से एंड्रॉयड डिवाइस पर चैट हिस्ट्री (तस्वीर व वीडियो सहित) स्थानांतरित करने का समर्थन करता है।

## श्रमिक संगठन एक अप्रैल देश भर में को मनाएंगे काला दिवस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच ने सरकार की चार श्रम संहिताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए एक अप्रैल 2026 को काला दिवस के रूप में मनाने का शुक्रवार को आह्वान किया है।

सरकार ने वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 समेत चार श्रम संहिताओं को 21 नवंबर 2025 को लागू किया है। इसके विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र क्षेत्रीय महासंघों एवं संगठनों के मंच ने श्रमिक संघों से एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इसी दिन केंद्र सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के लागू करने को लेकर नियमों को अधिसूचित करने की घोषणा की है।

## यूपी सरकार का बेंगलुरु के स्टार्टअप के साथ 25,000 करोड़ का समझौता रद्द

- कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए किया था समझौता
- सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देकर किया रद्द

**लखनऊ, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कृत्रिम मेधा अवसंरचना विकसित करने के लिए स्टार्टअप पुच एआई के साथ हस्ताक्षर किए गए 25,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। सरकार ने कंपनी की वित्तीय साख में कमी का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

इन्वेस्ट यूपी की तरफ से बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच के जरिए दी गई जानकारी में कहा गया है, राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानक प्रोटोकॉल के अनुसार 23 मार्च 2026 को पुच एआई के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन की समीक्षा की गई। निवेशक से आवश्यक विवरण मांगे गए, लेकिन वे समय पर उन्हें उपलब्ध कराने में विफल रहे।

बयान के अनुसार, उचित जांच पड़ताल से पता चला कि परियोजना के पैमाने के लिए निवेशक के पास पर्याप्त संपत्ति और विश्वसनीय वित्तीय व्यवस्था नहीं हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार समझौता ज्ञापन से रद्द कर दिया गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार के मूल सिद्धांतों, पारदर्शिता और राजकाज में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा के हित में समझौता ज्ञापन रद्द किया गया है।

## वैधता खत्म होने के बाद भी डीएल में 30 दिन की छूट

- जन विश्वास विधेयक में शामिल किया गया राहत देने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी। इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

यह प्रस्ताव जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 का हिस्सा है, जिसे शुक्रवार को लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने पेश किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार, अधिनियम के तहत 20 संशोधन प्रस्तावित हैं, जिनका उद्देश्य अधिनियम के कुछ नियमों में राहत देना और कानूनी अस्पष्टताओं को दूर करना है। विधेयक के प्रस्ताव के अनुसार, अब वाहन का पंजीकरण पूरे राज्य में किया जा सकेगा, किसी विशेष क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। इसके अलावा, यदि ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जाता है, तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख से प्रभावी होगा, न कि समाप्ति की तारीख से। विधेयक में यह भी प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद 30 दिन की छूट अवधि दी जाएगी, इस दौरान लाइसेंस वैध बना रहेगा।

### पंजीकरण रद्द करने की सूचना के लिए 30 दिन

इसके अलावा, विधेयक में वाहन पंजीकरण रद्द करने की सूचना देने की समय सीमा को 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रस्ताव है। इसी तरह, बीमा प्रमाणपत्र के हस्तांतरण के संबंध में बीमा कंपनी को जानकारी देने की अवधि भी 14 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने का प्रावधान शामिल है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज, मुकेश अंबानी के खिलाफ जांच की याचिका खारिज

- ओएनजीसी के बेसिन क्षेत्रों से अवैध रूप से गैस निकालने का था आरोप


**मुंबई, एजेंसी**

बंबई हाईकोर्ट ने शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी के कृष्णा-गोदावरी बेसिन क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस का अवैध रूप से निकाला गया है।




मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति सुमन श्याम की पीठ ने याचिकाकर्ता जितेंद्र मारू की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने चोरी, बेईमानी, गबन और आपराधिक विश्वासघात जैसे अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। अदालत के आदेश की प्रति अभी उपलब्ध नहीं हुई है। जितेंद्र मारू के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 2004 से 2013 के बीच बड़े पैमाने पर संगठित धोखाधड़ी करते हुए अपने अनुबंधित गहरे समुद्री कुओं से ड्रिलिंग कर ओएनजीसी के क्षेत्रों के पास स्थित कुओं से अवैध रूप से प्राकृतिक गैस निकाली। याचिका में दावा किया गया कि ओएनजीसी ने 2013 में इस अनधिकृत दोहन का पता लगाया था और इसकी सूचना भारत सरकार को दी थी।

जितेंद्र मारू ने याचिका में परामर्श कंपनी डीगोलियर एंड मैकनॉटन द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ए. पी. शाह समिति की रिपोर्ट का हवाला दिया। इन रिपोर्टों में निष्कर्ष निकाला गया था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ओएनजीसी के भंडार से गैस निकाली थी।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम







# दिनहाटा और शीतलकुची के लोगों की बढ़ने लगीं धड़कनें

## भाजपा-टीएमसी के बीच चुनावी हिंसा के लिए दोनों क्षेत्र बदनाम

**कूचबिहार, एजेंसी**

उत्तर बंगाल में कूचबिहार जिले के दिनहाटा और शीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की तारीख 23 अप्रैल जैसे-जैसे करीब आ रही है, लोगों के बीच बेचैनी बढ़ने लगी है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा के गढ़ माने जाने वाले इन इलाकों में लोग इसलिए आशंकित हैं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच छोटे-छोटे झगड़े कब बम और गोलियों के साथ बड़े सड़क संघर्ष में बदल जाएं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

दिनहाटा सीट से टीएमसी के मौजूदा विधायक व उत्तर बंगाल के विकास मंत्री उदयन गुहा फॉरवर्ड ब्लॉक के वरिष्ठ नेता और छह बार विधायक रहे कमल गुहा के पुत्र हैं जो 2011 से लगातार तीन बार विधायक हैं। साल 2021 में गुहा केवल 57 वोट से प्रमणिक से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में उन्होंने 1.6 लाख से अधिक मतों के अंतर और 84 प्रतिशत वोट हासिल करके वापसी की। साल 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के दौरान दिनहाटा में गुहा पर हमला हुआ था, जिसमें उनका हाथ टूट गया था। उन्होंने इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया था।



- चुनावी के दौरान बम-गोली और आगजनी की घटना सामान्य बात

साल 2023 के पंचायत चुनावों में गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। मार्च 2025 में टीएमसी समर्थकों ने कूचबिहार दक्षिण से भाजपा के विधायक निखिल रंजन डे की कार पर दिनहाटा में हमला किया। अगस्त 2025 में दिनहाटा के सालमारा इलाके में भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों में तोड़फोड़ की गई और कई लोग घायल हुए।

साल 2021 के चुनाव में दिनहाटा जैसा ही माहौल पास के शीतलकुची में भी दिखा था, जहां मतदान के दिन हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई थी। शीतलकुची के जोरपाटकी गांव में सीआईएसएफ के जवानों की गोलीबारी में चार युवकों की मौत हो गई थी। उसी दिन एक भाजपा समर्थक की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### इस बार एसआईआर को लेकर भी तनाव

इस तनावपूर्ण माहौल में एसआईआर को लेकर नया असंतोष उभर रहा है। इस प्रक्रिया के तहत लगभग 26,000 नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं या जांच के अधीन हैं। प्रभावित लोगों में 51 पूर्व बांग्लादेशी बस्ती के निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें 2015 में भारत और पड़ोसी देश के बीच हुए ऐतिहासिक बस्ती आदान-प्रदान के बाद भारतीय नागरिक बनाया गया था। निर्वाचन आयोग के सामने इस बार भी हिंसामुक्त चुनाव कराने की बड़ी चुनौती है।

### चुनाव के रंग



तिरुवनंतपुरम में मतदाताओं के बीच सीपीआई एम नेता बृंदा करात।



हावड़ा में रामनवमी पर चुनाव प्रचार करते भाजपा प्रत्याशी रूद्रानिल।

## भाजपा सत्ता में लौटी तो असम में मियां समुदाय की कमर तोड़ देंगे : हिमंत

**ढाकुआखाना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में वापस आता है, तो उनकी सरकार राज्य में बांग्लादेशी मियां समुदाय की कमर तोड़ देगी।

उन्होंने कहा कि सरकार एक मजबूत असमिया समाज के निर्माण के लिए काम करेगी और अवैध प्रवासी मूल निवासियों को चुनौती नहीं दे सकेंगे। लखीमपुर जिले के ढाकुआखाना में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, हमने राज्य के मूल निवासियों के लिए बहुत मेहनत की है। जो लोग बांग्लादेश से आकर असम की जमीन और घरों पर अतिक्रमण कर रहे थे, हमने राजनीतिक रूप से उनके हाथ-पैर तोड़ दिए।

## डीजल-पेट्रोल पर अभी घटाया शुल्क चुनाव बाद सामने आएगी असलियत

- कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर कसा तंज, कहा- 30 अप्रैल तक इंतजार करें लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तेल विपणन कंपनियों की मदद के लिए पेट्रोल और डीजल पर सरकार की ओर से उत्पाद शुल्क घटाए जाने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह घोषणा चार राज्यों एवं एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि लोगों को 30 अप्रैल तक का इंतजार करना चाहिए।

पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को दूसरे एवं अंतिम चरण का चुनाव संपन्न होगा। सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कच्चे तेल की वैश्विक स्तर पर बढ़ती कीमतों से निपटने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) जैसी तेल विपणन कंपनियों की मदद करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें गिरीं, जैसा कि पिछले 12 वर्षों में सात अलग-अलग मौकों पर हुआ, भारत में उपभोक्ता कीमतें कम नहीं हुईं। आज की घोषणा विधानसभा चुनाव के कारण है, 30 अप्रैल तक इंतजार करें।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अगर आपने सोचा है कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।

## तमिलनाडुः अन्नाद्रमुक ने जारी की 127 उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें कुछ विधायकों को बरकरार रखा गया है। इस सूची में कई पूर्व मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के पलानीस्वामी ने 127 सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें तिरुनेलवेली विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2021 के चुनावों में जीत हासिल की थी। अन्नाद्रमुक ने इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के वरिष्ठ नेता थंजई एन गणेशराज को उतारा है। इससे पहले नागेंद्रन ने कहा था कि वह विरुधुनगर जिले की सत्तूर सीट से चुनाव लड़ेंगे। तमिलनाडु में राजग का नेतृत्व कर रही अन्नाद्रमुक 169 सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने पहली सूची में 23 सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी।



हावड़ी में अपने क्षेत्र की गली में चुनाव प्रचार करने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी उमेश राय।

### कमल के चुनाव चिह्न पर लड़ेगी टीएमसी एम

**चेन्नई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने तमिल मनिला कांग्रेस (मूपनार) को आवंटित पांच सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किए, जो राजग का घटक दल है। सांसद पारिवेंधर नीत इंडिया जननायक काची (आईजेके) ने दो प्रत्याशियों की घोषणा की। वासन ने कहा कि टीएमसी (एम) भाजपा के कमल चुनाव चिह्न पर लड़ेगी, आईजेके अन्नाद्रमुक के चिह्न दो पत्तियों पर उतरेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन लोगों की मौत

**हनालेई।** अमेरिका के हवाई द्वीप पर एक सुदूर समुद्र तट पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। काउई अग्निशमन विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर कलालाऊ तट पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक पायलट और चार यात्री सवार थे। कलालाऊ तट दुर्गम क्षेत्र है जहां पैदल या नाव से ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को इलाज के लिए विलकॉक्स मेडिकल सेंटर ले जाया गया।

### मिसेज साउथ अफ्रीका विरुस्का ने पद छोड़ा

**जोहानिसबर्ग।** प्रतियोगिता के 24 साल के इतिहास में 'मिसेज साउथ अफ्रीका' का ताज पहनने वाली भारतीय मूल की पहली महिला विरुष्का सिंह ने, ताजपोशी के महज चार महीने बाद ही व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों" का हवाला देते हुए अपना पद छोड़ दिया है। नवंबर 2025 में सिंह की जीत को दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा गया था। उनतालीस वर्षीय 'केमिकल इंजीनियर' और जलवायु परिवर्तन सलाहकार ने अपने इस फैसले के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक कारणों का हवाला दिया। सिंह ने एक बयान में कहा कि मैं इस मंच पर सेवा करने के अवसर और उन अविश्वसनीय महिलाओं के साथ खड़े होने का जो सौभाग्य मिला, उसके लिये आभारी हूं। यह निर्णय मेरा अपना है।

### अरुंधति को क्रिटिक्स सर्कल पुरस्कार

**वॉशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता हान कांग के एक उपन्यास, कृत्रिम मेधा (एआई) एवं ओपनएआई पर करेन हाओ के शोध और लेखिका अरुंधति रॉय के एक संस्मरण को अमेरिका के वार्षिक नेशनल बुक क्रिटिक्स सर्किल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। हान का उपन्यास वी डू नॉट पार्ट कोरियाई मुख्यभूमि के दक्षिण में स्थित जेजू द्वीप में 1948-1949 के विद्रोह की कहानी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। इस उपन्यास का अनुवाद ई. येवोन और पैज अनियाह मॉरिस ने किया है। पुरस्कारों की कथा समिति की अध्यक्ष हीथर स्कॉट पार्टिंगटन ने इस उपन्यास के बारे में कहा कि इसकी कहानी एक असरदार और थाम लेने वाले सपने की तरह मन में बस जाती है। लाइफटाइम अचीवमेंट श्रेणी का पुरस्कार लेखिका एवं पत्रकार फ्रांसेस फिट्ज़गेराल्ड को दिया गया।

### पाकिस्तान में लगे 5.1 तीव्रता भूकंप के झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कई इलाकों में शुक्रवार को 5.1 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र शाहदकोट से लगभग 74 किलोमीटर पश्चिम में, 14 किलोमीटर की गहराई पर था। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल गए। थाना प्रभारी करीम शाह ने कहा कि भूकंप के झटके तेज़ थे और पूरे शहर में महसूस किए गए। किसी के हताहत होने या नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव फैला

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में हुआ तेल रिसाव 600 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैल गया, जिसमें सात प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र भी शामिल हैं। मेक्सिको के अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक अज्ञात जहाज और दो प्राकृतिक रिसाव स्रोतों से हुआ है। हालांकि, अधिकारियों ने पूर्वी राज्य वेराक्रूज के तट के पास हुए रिसाव से गंभीर पर्यावरणीय क्षति की आशंका से इनकार किया है।

# कोयला घोटाले में पूर्व सांसद विजय दर्डा को किया बरी

- कोर्ट ने उनके बेटे और पूर्व कोयला सचिव को भी किया आरोपमुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद विजय दर्डा, उनके बेटे देवेंद्र दर्डा और पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता को कोयला ब्लॉक आवंटन से संबंधित एक मामले में धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश या कदाचार का कोई सबूत न मिलने के बाद बरी कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने मनोज कुमार जायसवाल और मैसर्स एएमआर आयरन एंड स्टील प्रालि. को भी बरी कर दिया।

सीबीआई ने कथित कोयला घोटाले के संबंध में 50 से अधिक मामले दर्ज किए थे। मौजूदा मामला महाराष्ट्र के बांदर में कोयला ब्लॉक आवंटन के संबंध में संघीय एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले आरोपपत्र से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एएमआर आयरन एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने केंद्रीय कोयला मंत्रालय को कोयला ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए गुप्ता के साथ साजिश रचते हुए आवेदन में झूठी जानकारी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि महाराष्ट्र से तत्कालीन राज्यसभा सदस्य दर्डा ने प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर कंपनी को कोयला ब्लॉक आवंटित करने की सिफारिश की थी। हालांकि, अदालत ने सीबीआई के आरोपों को खारिज कर दिया।

## बहुत गंभीर और जटिल समस्या

भारत में मानव तस्करी एक ऐसी सामाजिक और कानूनी चुनौती बनकर उभरी है, जिसने न केवल राष्ट्रीय सीमाओं के भीतर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक जटिल जाल बुन लिया है। हाल ही में सीबीआई द्वारा मुंबई से एक कुख्यात सरगना, सुनील नेल्लथु रामकृष्णन उर्फ कृष, की गिरफ्तारी ने इस घिनौने व्यापार के एक नए और भयावह चेहरे को बेनकाब किया है। मानव तस्करी केवल देह व्यापार या बंधुआ मजदूरी तक सीमित नहीं रह गई है। अब इसका विस्तार साइबर गुलामी और युद्ध क्षेत्र में जबरन भर्ती जैसे नए क्षेत्रों में हो गया है। यह अपराध आधुनिक दासता का ही एक रूप है, जहां इंसानों को एक वस्तु की तरह खरीदा और बेचा जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे कारणों के साथ अब सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को इस जाल में फंसाया जा रहा है।

# भारत में मानव तस्करी



### मुख्य कारण

- गरीबी और आर्थिक असमानता : जीविका के अवसरों की कमी लोगों को तस्करों के जाल में फँसा देती है।
- शिक्षा और जागरूकता का अभाव : ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में लोग अधिकारों और तस्करों के हथकंडों से अनजान होते हैं।
- रोजगार का लालच : बड़े शहरों या विदेशों में आकर्षक नौकरी दिलाने के बहाने युवाओं और महिलाओं को फुसलाया जाता है।
- सामाजिक कारण : लिंग आधारित भेदभाव और कुछ क्षेत्रों में असंतुलित लिंग अनुपात के कारण 'दुल्हन की खरीद-फरोख्त' जैसे मामले सामने आते हैं।

### समस्या की गंभीरता

- व्यापकता : अनुमानों के अनुसार, भारत में 20 से 65 मिलियन लोग मानव तस्करी से प्रभावित हो सकते हैं। ● सर्वाधिक प्रभावित : तस्करी के शिकार लोगों में लगभग 71% महिलाएँ और लड़कियाँ हैं।
- अपराध की स्थिति : वर्ष 2022 में भारत सरकार ने आईपीसी के तहत 2,250 तस्करी के मामलों की जांच की। ● न्यायिक चुनौती : तस्करी के मामलों में बरी होने की दर काफी अधिक है। साल 2022 में यह दर 81 प्रतिशत थी।

### क्या है साइबर गुलामी

- तस्करी का यह नया रूप बेहद खतरनाक है। पीड़ितों को थाईलैंड में डेटा एंट्री या कस्टमर केयर की नौकरी का झांसा दिया जाता है। बैंकॉक पहुंचने पर उन्हें अवैध रूप से म्यांमार की सीमा पार कराई जाती है। वहां उन्हें सशस्त्र गार्डों की निगरानी में रखा जाता है और भारतीयों या अन्य देशों के लोगों को डिजिटल फ्रॉड के जरिए ठगने के लिए मजबूर किया जाता है।

### संवैधानिक और कानूनी कवच

- संवैधानिक प्रावधान : अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और जबरन श्रम को पूरी तरह प्रतिबंधित करता है।
- भारतीय न्याय संहिता 2023 : नई संहिता की धारा 143 के तहत तस्करी को दंडनीय बनाया गया है।
- अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (आईटीपीए), 1956 : यौन शोषण के लिए तस्करी रोकने का मुख्य कानून।
- पॉक्सो अधिनियम, 2012 : बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

### समाधान के कदम

- हर साल 30 जुलाई को विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस मनाया जाता है। ● तस्करों के सिंडिकेट को तोड़ने के लिए एनआईए जैसी केंद्रीय एजेंसियां छापे मार रही हैं। ● तस्करी से बचाए गए लोगों के लिए सुरक्षित आश्रय, कानूनी सहायता और कौशल विकास की आवश्यकता है।

# रैपर से नेता बने बालेन ने नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

## मधेश क्षेत्र से नेपाल के प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति और सबसे युवा नेता

- राष्ट्रपति आवास पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दिलाई शपथ

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शन के कारण के पी शर्मा ओली नीत सरकार के सत्ता से अपदस्थ होने के छह महीने बाद शुक्रवार को बालेंद्र शाह 'बालेन' ने नेपाल के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। रैपर से नेता बने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के 35 वर्षीय नेता ने शीतल निवास स्थित राष्ट्रपति कार्यालय में अपराह्न 12 बजकर 34 मिनट पर 'शुभ मुहूर्त' में शपथ ली।

बालेन नेपाल में इस पद के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुने गए सबसे युवा नेता हैं और वह मधेश क्षेत्र से प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति भी हैं। उन्हें राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 76 (1) के अनुसार 47वें प्रधानमंत्री के रूप में शुक्रवार को नियुक्त किया। बालेन के अलावा, शुक्रवार को आयोजित समारोह में कई अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। स्वर्णिम वागले ने वित्त मंत्री, शिशिर खनाल ने विदेश मंत्री और सूडान गुरुंग ने गृह मंत्री के रूप में शपथ ली। बालेन रक्षा मंत्रालय, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

वह पूर्व प्रधानमंत्री ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के पिछले साल सितंबर में सत्ता से बेदखल होने के बाद शपथ लेने वाले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित पहले प्रधानमंत्री हैं। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ युवाओं के नेतृत्व वाला 'जेन-जेड' विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया था जिसके बाद ओली सरकार गिर गई। बालेन के शपथग्रहण समारोह में हिंदू और बौद्ध धार्मिक परंपराओं का अनोखा संगम देखने को मिला। समारोह में विस्तृत धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान सात ब्राह्मणों ने शंखनाद किया, 108 हिंदू बटुकों या युवा ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया या स्वस्ति वाचन किया और 107 लामाओं ने मंगल वाचन अथवा बौद्ध धर्मग्रंथों का पाठ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बालेंद्र शाह को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने के वास्ते उत्साहित हैं।



### भारत-नेपाल मित्रता होगी और मजबूत : मोदी

मोदी ने 'एक्स' पर एक संदेश में कहा कि बालेंद्र शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। आपकी नियुक्ति नेपाल की जनता द्वारा आपके नेतृत्व में जताए गए विश्वास को दर्शाती है। मैं हमारे दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक हित में भारत-नेपाल मित्रता एवं सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए आपके साथ निकटता से काम करने के वास्ते उत्साहित हूं। पांच मार्च को हुए आम चुनाव में काठमांडू के पूर्व महापौर ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से ओली को भारी अंतर से हराया था। आरएसपी ने चुनाव में प्रतिनिधि सभा की कुल 275 सीट में से 182 सीटों पर कब्जा करके प्रचंड विजय हासिल की।

### नवगठित सरकार ने कार्की आयोग की रिपोर्ट लागू करने का लिया निर्णय

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने गौरी बहादुर कार्की आयोग की रिपोर्ट को लागू करने का निर्णय लिया है और इसमें शामिल सिफारिशों के अनुरूप तत्काल कार्रवाई शुरू करने की घोषणा की है। समाचार पत्र कांतिपुर की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित हुई मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया कि आयोग द्वारा 23 और 24 भाद्र की घटनाओं पर प्रस्तुत रिपोर्ट को लागू किया जायेगा। साथ ही, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित पहलुओं पर आगे अध्ययन के लिए एक अतिरिक्त समिति गठित की जायेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि आयोग की अन्य सिफारिशों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा, जबकि सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# अल फलाह समूह अध्यक्ष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने दिल्ली में 45 करोड़ रुपये की जमीन को धोखाधड़ी से खरीदने से जुड़े धन शोधन के एक नए मामले में अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को फिर से गिरफ्तार किया है। सिद्दीकी (61) को पहली बार नवंबर 2025 में संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया था, जो उसके शिक्षण संस्थानों की मान्यता और प्रमाणन को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छात्रों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है।

फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित विश्वविद्यालय 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास हुए विस्फोट से जुड़े एक सफेश पोश आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी। विश्वविद्यालय से जुड़े अस्पताल के चिकित्सकों में से एक, डॉ. उमर-उन-नबी पर इस मामले में आत्मघाती हमलावर होने का आरोप है। उसी दिन विस्फोटक से भरी कार चलाते समय उसकी मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिद्दीकी को नवीनतम मामले में 24 मार्च को तिहाड़ जेल से हिरासत में लिया गया था, जहां वह ईडी और दिल्ली पुलिस के मामलों में न्यायिक हिरासत में है।

# एनआईए को जांच पूरी करने को 45 दिन का और समय

- लाल किला विस्फोट केस में कई आरोपियों की हिरासत भी बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट के संबंध में अपनी जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का और समय दिया।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने एजेंसी को अतिरिक्त समय दिया और कई आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी बढ़ा दी। अब तक आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस मामले में 11 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले, 23 मार्च को एजेंसी ने समय बढ़ाने के लिए याचिका दायर की थी और इसका एक कारण यह था कि फरवरी में हुई नयी गिरफ्तारियों के कारण उसे पूरी साजिश की जांच के लिए और समय चाहिए। पिछले महीने एनआईए ने दिल्ली बम विस्फोट से संबंधित साजिश में सक्रिय रूप से शामिल होने के आरोप में जम्मू कश्मीर से जमीर अहमद अहनगर और तुफैल अहमद भट को गिरफ्तार किया था। उसी दिन एजेंसी द्वारा दायर एक आवेदन में कहा गया कि कई आरोपियों को उनके डिजिटल उपकरणों से हासिल की गयी कट्टरपंथी सामग्री की व्याख्या करने के लिए आमने-सामने पूछताछ करने की आवश्यकता है। उसमें कहा गया कि यहां जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एक विशेषज्ञ से अनुरोध किया गया कि वह कट्टरपंथी सामग्री का गहन विश्लेषण करने के बाद एक व्याख्या रिपोर्ट प्रदान करें, ताकि अरबी भाषा में लिखी गई इन सामग्री की कट्टरपंथी या चरमपंथी प्रकृति का पता लगाया जा सके, जिनका उद्देश्य हिंसक जिहाद को बढ़ावा देना या प्रचारित करना और घरेलू रोजमर्रा की वस्तुओं और रसायनों के माध्यम से बम तैयार करना है।

### व्हाट्सएप समूहों की पूरी की गई पहचान

एजेंसी ने कहा कि आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए व्हाट्सएप समूहों की पहचान कर ली गई है और व्हाट्सएप समूह एजीयूएच (अंसार गजवत उल हिंद) के सदस्यों की पहचान से संबंधित जांच चल रही है। कहा गया है कि कानूनी निगरानी से प्राप्त विवरणों के संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। छह आरोपियों के संबंध में जांच रिपोर्ट का विवरण देते हुए कहा गया कि आमिर राशिद मीर ने वह पुरानी कार खरीदी थी, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला डॉ. उमर कर रहा था।

# मंदिरों से चोरी की गईं मूर्तियां भारत को लौटाएगा अमेरिका

- तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गई थीं तीन प्राचीन मूर्तियां

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका स्थित स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट तमिलनाडु के मंदिरों से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां भारत को लौटाएगा। इन मूर्तियों को भारत के मंदिरों से चुराए जाने की बात शोध से स्थापित हो जाने के बाद यह फैसला किया गया।

अमेरिका में भारतीय दूतावास की उप प्रमुख नामग्या खम्पा ने नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी की संत सुंदरार के साथ परवी की मूर्ति की वापसी के लिए यहां 'नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट' (एनएमएए) के निदेशक चेस रॉबिन्सन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि स्मिथसोनियंस नेशनल म्यूजियम ऑफ एशियन आर्ट से तीन अमूल्य प्राचीन वस्तुएं भारत वापस भेजी जा रही हैं: नौवीं सदी की शिव नटराज कांस्य मूर्ति, 12वीं सदी की शिव एवं उमा की मूर्ति तथा 16वीं सदी में संत सुंदरार के साथ परवी का चित्रण।

उसने बताया कि इन प्राचीन वस्तुओं की उत्पत्ति से जुड़े शोध के बाद संग्रहालय ने पाया कि इन्हें भारत से अवैध रूप से हटाया गया था।

शिव और उमा की मूर्ति, जिसे सोमस्कंद भी कहा जाता है और परवी के साथ संत सुंदरार की मूर्ति 1987 में आर्थर एम सैकलर द्वारा संग्रहालय को दान किए गए संग्रह का हिस्सा थीं।

# दिल्ली विस को तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा को बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली और इसकी सूचना पुलिस आयुक्त को दे दी गई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में यह बात कही। गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में विस्फोट की धमकी देने वाले ईमेल की जांच के लिए पुलिस अधिकारी शुक्रवार को विधानसभा पहुंचे थे। ये ईमेल 24 मार्च एवं 26 मार्च के बीच प्राप्त हुए थे। गुप्ता ने कहा कि पुलिस से मामले की जांच में कोई ढिलाई न बरतने का अनुरोध किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि कुछ ईमेल अलग-अलग संगठनों ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भेजे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। विधानसभा सचिवालय को निर्देश दिया गया है कि सीसीटीवी कैमरों से पर्याप्त निगरानी की जाए और रिकॉर्ड रखने के लिए कंप्यूटरीकृत प्रवेश व्यवस्था रखी जाए।

# पश्चिम एशिया संकट पर भारत-कनाडा में वार्ता

- विदेशमंत्री जयशंकर की कनाडा की समकक्ष से हुई मुलाकात

पेरिस, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद ने फ्रांस में जी7 बैठक के इतर मुलाकात कर पश्चिम एशिया संकट और उसके परिणामों पर प्रमुखता से चर्चा की। जयशंकर जी7 के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे।

कनाडा की विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने एवं जयशंकर ने जी7 बैठक से इतर मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में हमारी भारत यात्रा के दौरान हमारे प्रधानमंत्रियों द्वारा आगे बढ़ाई गई साझेदारी पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार, पश्चिम एशिया में स्थिति और महत्वपूर्ण खनिज, कृषि एवं शिक्षा सहित उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें सहयोग को और गहरा किया जा सकता है। जयशंकर दो दिवसीय जी7 बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा करेंगे जिसमें यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रहे। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आवाजाही होती है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यापार में आपको सावधानी रखनी चाहिए। पुराने विवाद पुनः उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण सौदों के लिए समय बहुत ही शुभ है। कार्यक्षेत्र में अधिकारों में वृद्धि होगी। रुके हुए काम बन सकते हैं।

**वृष** — आज जॉब में परिवर्तन करने का विचार बना सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज इच्छित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बन सकती हैं। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे।

**मिथुन** — आज अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है। विदेश जाने के अवसर प्राप्त होंगे। धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखें।

**धनु** — आज करियर को लेकर थोड़ी चिंता और व्यग्रता रहेगी। लेन-देन को लेकर सावधानी रखें। आय और व्यय में संतुलन रखें।

**कर्क** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। निजी रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। धन से संबंधित समस्याओं का निवारण होगा।

**मकर** — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**सिंह** — आज किसी पर अधिक विश्वास न करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र पढ़ाई पर ध्यान दें। शराब के सेवन से दूर रहें।


**कुंभ** — आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति में आपको लाभ होगा। आभूषणों पर आप धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज आसपास के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। मित्रों की सहायता करने से पीछे न हटें। मन की कोई दुविधा दूर होगी।

**मीन** — आज कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंध में भी निजता का ध्यान रखें। बोलने से पहले आपको सोचना चाहिए।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 28 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, दशमी 08.45 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 14.50 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 101 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |

### सुडोकू -102

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | 8 | | | 3 |
| 6 | | 8 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 6 | | | | | 1 |
| | | 6 | | | 4 | 5 | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | | 1 | 8 | | | 3 | | |
| 4 | | | 3 | | 2 | | 9 | |
| | | | | | | 6 | | 2 |
| 3 | | | 9 | | 7 | | | |

## गंभीर समस्या

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में सदस्यों के सवाल पर दी जानकारी

# देश में रेलवे की 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि देशभर में भारतीय रेल की लगभग 1,068 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण है, जो कुल 4.99 लाख हेक्टेयर भूमि का करीब 0.21 प्रतिशत है।

उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि रेलवे की कुल भूमि में से लगभग 80 प्रतिशत पटरियों के पास और 5 प्रतिशत उसके आसपास है तथा शेष 15 प्रतिशत भूमि स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने कहा कि देश में रेलवे की लगभग 0.21 प्रतिशत भूमि पर अवैध अतिक्रमण है। मंत्री ने इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन हर बार मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाता है, क्योंकि रेलवे की भूमि पर झुग्गियां मुख्य रूप से गरीब लोगों द्वारा बसाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे भूमि की सुरक्षा के लिए कई तकनीकी कदम उठाए गए हैं, जिनमें भूमि का पूर्ण डिजिटलीकरण और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को पोर्टल पर उपलब्ध कराना शामिल है।

मंत्री ने कहा कि प्रत्येक भूखंड का उचित मानचित्रण कर उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से सुरक्षित किया गया है और ड्रोन व सैटेलाइट के माध्यम से सर्वेक्षण भी किया गया है। इससे नए अतिक्रमण को काफी हद तक रोकने में मदद मिली है।

उन्होंने सूरत का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से अतिक्रमणकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भूमि खाली कराई गई और विकास कार्य आगे बढ़ाया गया।



### हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में आई काफी कमी

रेल मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नए अतिक्रमण में काफी कमी आई है और यह लगभग रुक गया है, जबकि पुराना अतिक्रमण मुख्य चुनौती बना हुआ है। मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 98.02 हेक्टेयर रेलवे भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। उन्होंने कहा कि खाली पड़ी भूमि का उपयोग बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के लिए किया जा रहा है।

# अमेरिकी डॉलर पर जल्द दिखेंगे ट्रंप के हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर जल्द ही अमेरिकी मुद्रा (डॉलर) पर दिखाई देंगे और यह 1861 में डॉलर की शुरुआत के बाद से पहली बार होगा जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर मुद्रा पर अंकित किए जाएंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अधिकारी ब्रैंडन बीच ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के हस्ताक्षर वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ जल्द ही अमेरिकी मुद्रा पर दिखाई देंगे।



इस साल हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच अधिक अंतर नहीं होने के बावजूद भारतीय पुरुष हॉकी टीमें अलग-अलग नहीं उतारी जाएगी। दोनों टूर्नामेंट में टीम एक ही रहेगी।
–क्रेग फुल्टोन, हॉकी टीम के मुख्य कोच


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, शनिवार, 28 मार्च 2026


IPL 2026

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद

**समय** - शाम 7:30 बजे

हाईलाइट

### ईरान ने अपनी टीमों को शत्रु देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित किया

**तेहरान।** ईरान ने अपनी खेल टीमों को उन देशों की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह शत्रु मानता है। ईरान के सरकारी टीवी ने सऊदी अरब में उनके देश के फुटबॉल क्लब ट्रैक्टर एफसी के निर्धारित मैच से पहले गुरुवार को यह जानकारी दी। तेहरान में ईरान के खेल मंत्रालय द्वारा घोषित प्रतिबंध में विश्व कप फुटबॉल का कोई जिक्र नहीं किया गया है जो 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू हो रहा है। मंत्रालय के बयान में दुबई के शबाब अल अहली के खिलाफ सऊदी अरब में होने वाले ट्रैक्टर एफसी के मैच का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। यह एशियाई चैंपियंस लीग एलीट का प्लेऑफ मैच है।

### इटली ने उत्तरी आयरलैंड को हराया

**लंदन।** इटली ने प्लेऑफ के पहले मैच में उत्तरी आयरलैंड को 2-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। चार बार के चैंपियन इटली को अब विश्व कप के लिए लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूकने से बचने के लिए एक और मैच जीतना होगा। बर्गमो में खेले गए इस मैच में इटली की तरफ से सैंड्रो टोनाली ने दूसरे हाफ की शुरुआत में हाफ-वॉली शॉट से पहला गोल करके गतिरोध तोड़ा और फिर मोइसे कीन ने एक और गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। बोस्निया और हर्जेगोविना, स्वीडन, पोलैंड, तुर्किए, कोसोवो, डेनमार्क और चेक गणराज्य भी मंगलवार को होने वाले प्लेऑफ फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इटली को अब बोस्निया और हर्जेगोविना का दौरा करना होगा, जहां उसे अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

### एमबापे के गोल से फ्रांस ने ब्राजील को हराया

**फॉक्सबोरो (अमेरिका)।** स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के गोल की मदद से फ्रांस ने विश्व कप फुटबॉल से पहले एक महत्वपूर्ण मैत्री मैच में ब्राजील को 2-1 से हराया। एमबापे इस मैच से पहले घुटने की चोट से जूझ रहे थे लेकिन उन्होंने दिखाया कि फिलहाल वह इस समस्या से परेशान नहीं हैं। उन्होंने 65वें मिनट में मैदान छोड़ने से पहले एक महत्वपूर्ण गोल किया। स्टेडियम में मौजूद 66215 दर्शक ब्राजील का समर्थन कर रहे थे लेकिन एमबापे (32वें मिनट) और ह्यूगो एकितिके (65वें) ने गोल करके फ्रांस को उस मैदान पर 2-0 की बढ़त दिला दी, जहां वह विश्व कप के ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में नॉर्वे का सामना करेगा। ब्राजील की तरफ से एकमात्र गोल ब्रेमर ने 78वें मिनट में किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। ब्राजील अब मंगलवार को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगा, जो इन दोनों टीम के बीच 2022 के विश्व कप क्वार्टर फाइनल के बाद पहला मुकाबला होगा।



# वैभव का सूर्य टीम इंडिया में चमकने को तैयार

खेल डेस्क

- 27 मार्च को 15 वर्ष की उम्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय मैचों में पदार्पण का आईसीसी मानक पूरा किया
- आईपीएल-2025 में डेब्यू करने के बाद 35 गेंदों पर शतक जड़कर खूब बटोरी थीं सुर्खियां

**अमृत विचार।** महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल डेब्यू कर सुर्खियां बटोरने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के लिए अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रास्ते खुल गए हैं। 27 मार्च 2011 को जन्मे वैभव सूर्यवंशी अब 15 साल के हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की पात्रता पूरी कर ली है। यानी अब वह कभी भी भारत के लिए खेलते नजर आ सकते हैं।

दरअसल, अब तक वैभव सूर्यवंशी के अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू के रास्ते में आईसीसी का एक अहम नियम 'खिलाड़ियों की सुरक्षा' बाधा बना हुआ था। इस नियम के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए कम से कम 15 साल का होना जरूरी है। यह नियम 2020 में खिलाड़ियों के शारीरिक और मानसिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया था।

### तोड़ सकते हैं सचिन का रिकॉर्ड

वर्ष 2020 में पहली बार आईसीसी ने न्यूनतम आयु की आवश्यकता निर्धारित की थी। इससे पहले पाकिस्तान के हसन रजा ने 1996 में 14 वर्ष और 227 दिन की उम्र में डेब्यू कर सबसे कम उम्र के पुरुष टेस्ट क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड बनाया था। हालांकि रजा का रिकॉर्ड अब भी सुरक्षित रहेगा। लेकिन वैभव सूर्यवंशी सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को अब भी तोड़ सकते हैं। सचिन तेंदुलकर ने 16 साल और 205 दिन की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

### सूर्यवंशी के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड

- आईपीएल ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। नवंबर 2024 में हुए ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा था। तब वो सिर्फ 13 साल 8 महीने के थे।
- वैभव ने जब आईपीएल 2025 में अपना डेब्यू किया तो वो इस लीग में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तब उनकी उम्र सिर्फ 14 साल 23 दिन के थे।
- आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाने का रिकॉर्ड भी वैभव के नाम है। उन्होंने 14 साल और 32 दिन की उम्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में ये शतक लगाया था। जो आईपीएल में किसी भारतीय बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। पहला नाम क्रिस गेल का है जिन्होंने महज 30 गेंदों पर सैकड़ा लगाया था।
- वैभव के नाम अंडर 19 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे तेज शतक और सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 80 गेंदों पर 175 रन ठोके थे।
- रोज कम से कम 600 गेंदें खेलकर उन्होंने उसे सफलता की सीढ़ी।

## फिर आया इंडिया का त्योहार, आईपीएल-2026 का आगाज आज से, 10 टीमें आजमाएंगी भाग्य

# आरसीबी की नजर खिताब बचाने पर सीएसके, केकेआर व मुंबई भी दावेदार

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शनिवार से यहां शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना खिताब बचाने के लिए प्रतिबद्ध होगा जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने की कोशिश करेंगे।

आईपीएल में अगले दो महीनों में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवा खिलाड़ियों पर भी नजर रहेगी जो अच्छा प्रदर्शन करके अपनी छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे।

आरसीबी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा और उसका लक्ष्य शानदार शुरुआत करना होगा। लेकिन इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है क्योंकि पिछले साल चार जून को आरसीबी के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है। इस स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने से पहले कई अनिश्चित महीनों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी के खिलाड़ी पहले मैच के दिन अभ्यास सत्र के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। जहां तक मैच का सवाल है तो आरसीबी और सनराइजर्स दोनों के पास गेंदबाजी संसाधनों की कमी है। आरसीबी को जोश हेजलवुड और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल के बिना खेलना होगा। दोनों ने 2025 के विजयी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन विभिन्न कारणों से इस वर्ष वे अधिकतर मैचों में बाहर रहेंगे। हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया में चोट से उबरकर पूरी तरह फिट होने के लिए प्रयास कर रहे हैं और वह बाद में टीम में शामिल हो सकते हैं। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दयाल पूरे सत्र से बाहर रहेंगे।

आरसीबी को अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, स्पिनर क्रुणाल पंड्या, सुयश शर्मा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस भी शुरुआती चरण में टीम में नहीं होंगे। ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। लेकिन सनराइजर्स के बैकअप विकल्प ज्यादा भरोसेमंद नहीं लगते। ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल और हर्ष दुबे को सपाट पिचों पर कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दोनों टीमें अपनी गेंदबाजी की कमजोरी का बल्लेबाजी से भरपाई करना चाहेंगी। आरसीबी के पास विराट कोहली, टिम डेविड, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, कप्तान रजत पाटीदार, रोमारियो शेफर्ड जैसे बल्लेबाज हैं जबकि सनराइजर्स के पास भी ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, किशन और हेनरिक क्लासेन के रूप में धाकड़ बल्लेबाज हैं।





बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन। एजेंसी

### मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब

मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र उनके लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई की टीम पिछले सत्र में चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। केकेआर और सीएसके क्रमशः आठवें और दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। सीएसके की टीम महेंद्र सिंह धोनी से संभवतः आखिरी बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी, जिन्होंने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर संशय बनाए रखा है। केकेआर ने टिम सीफर्ट, फिन एलन, रचिन रविंद्र और कैमरन ग्रीन को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है। कप्तान अजिंक्य रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे और उप-कप्तान रिंकू सिंह को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा जो आंद्रे रसेल ने 2014 से लेकर पिछले साल संन्यास लेने से पहले तक निभाई थी। गेंदबाजी में उनके पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं, लेकिन उनका तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर है।



### दिल्ली, पंजाब और लखनऊ को पहले खिताब की दरकार

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स अपने नाम पर एक और खिताब जोड़ने की कोशिश करेंगे, जबकि दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स अपना पहला खिताब जीतने के लिए मैदान पर उतरेंगे। इस आईपीएल में कोहली और रोहित पर भी नजर टिकी रहेगी। इन दोनों को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है लेकिन वे हमेशा की तरह दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कोहली ने पिछले साल आरसीबी की आईपीएल में पहली खिताबी जीत के साथ अपने शानदार रिकॉर्ड में एक और ट्रॉफी जोड़ ली। यह देखना दिलचस्प होगा कि यह खिलाड़ी अपने पूर्व के प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहता या नहीं। कोहली की चुनौती खुद से भी होगी। जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद उन्हें भरपूर आराम मिल चुका है। रोहित ने भी अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने आईपीएल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी का किसी एक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 538 रन है। वह अपने इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे और साथ ही मुंबई को उसका छठा खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाना चाहेंगे।

### विराट कोहली अब भी अपने खेल के शिखर पर है : मुख्य कोच एंडी फ्लावर

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल के 18 साल में विराट कोहली का एक खिलाड़ी के तौर पर नयी ऊंचाइयों को छूने का जज्बा और भूख कम नहीं हुई है और वह अभी भी अपने खेल के शिखर पर है। कोहली ने पिछले साल आरसीबी के लिये सर्वाधिक 657 रन बनाये जिसकी मदद से टीम ने पहली बार खिताब जीता। फ्लावर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा मैं उसे करीब से (कोहली को नेट्स पर बल्लेबाजी करते) देख रहा हूं। वह अपने खेल के शिखर पर है और सुपर फिट भी। वह जबर्दस्त फिट, छरहरा और जीत का भूखा लग रहा है। उन्होंने कहा वह हमेशा से पक्का इरादा रखने वाला रहा है और मुझे लगता है कि वह जिस मानसिक और भावनात्मक स्थिति में वह है, उसमें एक इंसान के तौर पर खुद के साथ बहुत सहज है, लेकिन वह एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खुद को आगे बढ़ाने के लिए भी बहुत भूखा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे श्रृंखला के बाद कोहली का यह पहला टूर्नामेंट होगा। फ्लावर ने हालांकि कहा, ''हमने इस अंतराल के बारे में बात की है। मुझे शीर्ष खिलाड़ियों को खेलने के अलावा अभ्यास करते देखने में बहुत मजा आता है। जब मैं खेलता था तब मैं सचिन को अभ्यास करते देखता था। अब कोच के तौर पर भी मुझे धुरंधरों को अभ्यास करते देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा मैने कोहली को अभ्यास करते देखा है और मुझे लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसे पता है कि वह कम क्रिकेट खेल रहा है लेकिन वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर है।



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी (बाएं) और पैट कमिंस। एजेंसी

### ईशान किशन आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है : विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने शुक्रवार को कहा कि ईशान किशन को कार्यवाहक कप्तान बनाने का फैसला लेने में टीम प्रबंधन को हिचक नहीं हुई क्योंकि वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है। नियमित कप्तान पैट कमिंस कमर की चोट के कारण आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण से बाहर रहेंगे। विटोरी ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा ईशान लंबे समय से आईपीएल खेल रहा है। वह कई टीमों के साथ खेला है और काफी सफल रहा है। उसमें आत्मविश्वास कूट कूटकर भरा है। उन्होंने कहा वह अंडर 19 टीमों और इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली अपने प्रदेश की टीम का कप्तान रह चुका है। वह आत्मविश्वास से भरा खिलाड़ी और कप्तान है और यही देखकर उसे कप्तानी दी गई। अभिषेक और उसका तालमेल अच्छा है। दोनों अच्छे दोस्त हैं और टीम को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। कमिंस अगले पखवाड़े में कप्तानी के लिये लौट सकते हैं। उन्होंने कहा उसकी फिटनेस जबर्दस्त रही है और कुछ समय से खेल से बाहर होने के कारण उसके पास फिटनेस पर काम करने के लिए समय भी है। गेंदबाजी का कार्यभार ही चुनौती थी और उसे लेकर एक बार क्रिकेट आस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद वह अगले 10-12 दिन में आ सकता है।

# नवनीत और हार्दिक को हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया

अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर और मिडफील्डर हार्दिक सिंह को यहां आठवें सालाना पुरस्कारों में वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ महिला और पुरूष खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। इसके साथ ही 1980 मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे जफर इकबाल को मेजर ध्यानचंद 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से नवाजा गया।

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का बलजीत सिंह पुरस्कार बिच्छू देवी खारीबम को दिया गया जबकि हॉकी इंडिया परगट सिंह सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार संजय ने जीता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का अजित पाल सिंह पुरस्कार सुमित को और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का धनराज पिल्लै पुरस्कार सुखजीत सिंह को मिला। सभी खिलाड़ियों को पांच पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ अंडर 21 खिलाड़ी का जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुष) चेन्नई में पिछले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह को दिया गया। वहीं महिला श्रेणी में असुंथा लाकड़ा सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार साक्षी राणा को मिला। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देने के बाद कहा कि पिछले दस साल में भारत में खेलों की संस्कृति बनी है और नया 'इकोसिस्टम' तैयार हुआ है।

हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार सौरभ सिंह राजपूत को और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी का पुरस्कार बिश्वरंजन सारंगी को मिला। हॉकी झारखंड को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश हॉकी ईकाई चुना गया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को वर्ष 2025 में अंर्राष्ट्रीय मैचों में मिली जीत के लिए एक करोड़ 38 लाख रुपये और महिला टीम को 68 लाख रुपये दिये गए। इसके अलावा व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिए गए।

अचूक निशाना

एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में किया शानदार प्रदर्शन

# कंपाउंड तीरंदाजों का रहा दबदबा, भारत ने 10 पदक जीते

बैंकॉक एजेंसी

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक और महिला टीम का रजत पदक जीता और पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप किया। भारत ने दोपहर के सत्र में रिकर्व वर्ग में दो रजत पदक भी जीते। इस तरह से उसने इस प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 10 पदक हासिल किए जो पिछली बार के आठ पदक से अधिक है। भारत ने हालांकि पिछली बार पांच स्वर्ण पदक जीते थे।

भारत को रिकर्व वर्ग में झटका लगा जिसमें कोई भी तीरंदाज स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर सका, जबकि वे पुरुषों के व्यक्तिगत वर्ग और मिश्रित टीम स्पर्धा में खाली हाथ लौटे। दिन का मुख्य आकर्षण पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में क्लीन स्वीप रहा। उदय कंबोज ने रोमांचक फाइनल में हमवतन प्रथमेश जवकर को 145-144 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता, जबकि अनुभवी खिलाड़ी रजत चौहान ने कांस्य पदक हासिल किया। चौहान ने अंतिम सेट में अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए तीन सटीक तीर लगाकर स्थानीय खिलाड़ी पीरावत रत्तनपोंगकियात को 145-144 से हराया जिससे भारत इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा। भारत के दो 22 वर्षीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में कंबोज ने अधिक अनुभवी प्रथमेश जवकर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 145-144 से जीत हासिल की।

इस मैच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जवकर दूसरे सेट के बाद 59-57 से आगे थे। कंबोज ने तीसरे सेट में 87-87 के स्कोर पर बराबरी करते हुए शानदार वापसी की और फिर चौथे सेट में जवकर की थोड़ी सी चूक का फायदा उठाते हुए 116-115 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने अंतिम सेट में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की। अठारह वर्षीय तेजल साल्वे ने तटस्थ ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा कर रही रूसी तीरंदाज मारिया दिमिडियुक को 144-135 से हराकर महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण चिकिता तनिपार्थी और रजत चौहान की शीर्ष वरीयता प्राप्त मिश्रित टीम जोड़ी थी जिन्होंने स्वर्ण पदक मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया को 158-156 से हराया। सटीकता और संयम से भरे इस मुकाबले में अंतर बहुत कम रहा क्योंकि भारत ने 16 तीरों में सिर्फ दो, जबकि मलेशिया ने चार अंक गंवाए। भारतीय जोड़ी ने लगातार चार 10 अंक हासिल करके शानदार शुरुआत की और बीच के चरण में कुछ मामूली चूक के बावजूद अपनी लय बरकरार रखी।



### महिला टीम ने सुधारा प्रदर्शन

भारतीय महिला टीम पिछली बार कांस्य पदक ही जीत पाई थी और इस तरह से उसने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। भारत ने मजबूत शुरुआत की और 12 तीरों के बाद आधे चरण में 115-113 की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में हालांकि भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह 54 अंक ही बना सकी जबकि कजाखस्तान की टीम ने 58 अंक बनाए। इस तरह से उसने 171-169 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम सेट में दोनों टीम ने समान 58 अंक बनाए और इस तरह से भारतीय टीम को तीसरे सेट के खराब प्रदर्शन के कारण रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत ने रिकर्व स्पर्धा में दो रजत पदक भी हासिल किए।